किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 4 अंक: 16 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) रविवार 26 अक्टूबर 2025 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया

बिहार में मुस्लिम डिप्टी सीएम?

ओवैसी का प्रेशर या 18% वोटों में सेंध का डर

महागठबंधन जीता तो क्या बिहार में कोई मुसलमान डिप्टी सीएम होगा? यह सवाल कई दिनों से पूछा जा रहा है. लेकिन अब महागठबंधन के नेता खुलकर इस पर बात करने लगे हैं. पहले बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावारु ने दावा किया, और अब खुद आरजेडी नेता और महागठबंधन की ओर से मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव ने भी बोल दिया कि ऐसी संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता. तो फिर अचानक बदला क्या कि जो नेता कुछ दिनों पहले तक इस पर बात नहीं कर रहे थे, वे शनिवार को अचानक खुलकर डिप्टी सीएम बनाने का इशारा देने लगे? बात दो दिन पहले की है. एआईएमआईएम के यूपी अध्यक्ष शौकत अली ने एक तस्वीर शेयर की और लिखा, ढाई फीसदी जिसकी हिस्सेदारी उसे डिप्टी सीएम बना दिया, तेजस्वी बन गए सीएम फेस और 18% वाला अब्दुल बन गया दरी मंत्री, नारा मंत्री. 18% फीसदी वाला मुसलमान जब अपनी हिस्सेदारी और विकास मांगता है तो तथाकथित सेक्युलर पार्टी कहती है कि चुप रहो नहीं तो बीजेपी जीत जाएगी.

बिहार चुनाव पर अमित शाह का तीखा बयान: 'जंगलराज' नहीं, अब 'विकास राज' चाहिए

बिहार चुनाव में एनडीए के पांच दल पांच पांडवों की तरह एकजुट होकर चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि महागठबंधन में सीट शेयरिंग पर लठमार हो गई

समाज जागरण

बिहार विधानसभा चुनाव में पहले चरण के मतदान के लिए चुनाव प्रचार तेज हो गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार को खगड़िया के बाद मुंगेर पहुंचे, जहां उन्होंने चुनावी रैली को संबोधित किया। उन्होंने इस रैली को संबोधित करते हुए जहां एनडीए सरकार के विकास कार्यों की तारीफ की तो वहीं विपक्ष पर निशाना साधा।

अमित शाह ने कहा कि बिहार चुनाव में एक तरफ एनडीए के पांच दल पांच पांडवों की तरह एकजुट होकर चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि दूसरी तरफ महागठबंधन में सीट शेयरिंग पर लठमार हो गई। उन्होंने कहा कि इनका न नेता है, न नीयत है और न नेतृत्व है। उन्होंने उपस्थित लोगों को सचेत करते हुए कहा कि बिहार चुनाव यह निर्णय करने वाला है कि फिर से बिहार में जंगलराज आएगा या एनडीए के नेतृत्व में फिर से विकास का राज आएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार विकास के रास्ते पर आगे बढ़ा है

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार विकास के रास्ते पर आगे बढ़ा है। उन्होंने कहा कि बिहार में आज शिक्षा का बजट 18 गुना बढ़ा है, जबकि शिक्षकों की संख्या दो लाख से बढ़कर छह लाख हो गई है, और इंजीनियरिंग की सीटें 36 गुना बढ़ी हैं। उन्होंने कहा कि कृषि उत्पादों में भी वृद्धि हुई है। बिहार में कानून के राज को बिगाड़ने के लिए राजद आई है।

हाल ही में एनडीए सरकार ने एक करोड़ जीविका दीदी के बैंक अकाउंट में 10-10 हजार रुपए जमा करने का काम किया

उन्होंने कहा, "हाल ही में एनडीए सरकार ने एक करोड़ जीविका दीदी के बैंक अकाउंट में 10-10 हजार रुपए जमा करने का काम किया। विधवा और वृद्धा पेंशन 400 रुपए से बढ़ाकर 1100 रुपए की गई, और आशा बहनों का मानदेय 3,000 रुपए किया गया। इसी तरह बहुत सारे काम एनडीए सरकार ने बिहार के विकास के लिए किए हैं। अब पटना में मेट्रो का सपना साकार हो रहा है।"

एनडीए सरकार में अयोध्या में भव्य राम मंदिर बन गया है और अब सीतामढ़ी में भी भव्य जानकी मंदिर बनने की शुरूआत हो गई है

केंद्रीय गृह मंत्री ने मुंगेर के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यह इलाका भी रामायण सर्किट से जुड़ने वाला है। एनडीए सरकार में अयोध्या में भव्य राम मंदिर बन गया है और अब सीतामढ़ी में भी भव्य जानकी मंदिर बनने की शुरूआत हो गई है। उन्होंने मुंगेर के सीता कुंड के विकास करने का वादा करते हुए कई विकास कार्यों की भी चर्चा की।

एनडीए को जहां बिहार के लोगों की चिंता है, वहीं लालू यादव को अपने बेटे को सीएम और सोनिया गांधी को अपने बेटे को पीएम बनाने की चिंता है

इस दौरान उन्होंने भ्रष्टाचार को लेकर राजद पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि एनडीए को जहां बिहार के लोगों की चिंता है, वहीं लालू यादव को अपने बेटे को मुख्यमंत्री और सोनिया गांधी को अपने बेटे को प्रधानमंत्री बनाने की चिंता है। इस दौरान उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' की भी चर्चा की।(इनपुट-आईएएनएस)

लोक आस्था के महापर्व छठ की शुरूआत आज से, अमित शाह समेत कई नेताओं ने शुभकामनाएं दीं

लोक आस्था और सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूजा शनिवार को 'नहाय-खाय' के साथ शुरू हो गया है। यह पर्व न सिर्फ बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश में, बल्कि देश और विदेश में भी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इस मौके पर गृह मंत्री अमित शाह सहित देश के कई नेताओं ने शुभकामनाएं दी।

छठी मईया से सभी के सुख और समृद्धि की प्रार्थना करता हूं



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट करते हुए लिखा, "परंपरा, आस्था और सामाजिक समरसता के उत्सव छठ पूजा के 'नहाय-खाय' की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं। छठी मईया से सभी के सुख और समृद्धि की प्रार्थना करता हूं।"

छठ पूजा की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने भी देश वासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने आधिकारिक 'एक्स' पोस्ट में लिखा, "जय छठी मईया! नहाए-खाए के पवित्र अवसर के साथ आज शुरू हो रहे आस्था व सूर्य उपासना के महापर्व छठ पूजा की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं।"

छठ पूजा सिर्फ एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि प्रकृति की पूजा-अर्चना का प्रतीक है

वहीं, बिहार के डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने आधिकारिक 'एक्स' संदेश में कहा कि छठ पूजा सिर्फ एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि प्रकृति की पूजा-अर्चना का प्रतीक है। उन्होंने 'एक्स' संदेश में लिखा, "प्रकृति की पूजा अर्चना के लिए विश्व विख्यात, लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा के पहले दिन नहाए-खाए की आपको और आपके परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं। छठी मईया आप सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करें।"

नहाय-खाय से आरंभ हुआ सूयोर्पासना का महापर्व छठ, शुद्धता, अनुशासन और आत्मसंयम की साधना है

दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता ने अपने 'एक्स'

संदेश में छठ पूजा को भारतीय संस्कृति की आत्मा बताया। उन्होंने लिखा, "नहाय-खाय से आरंभ हुआ सूयोर्पासना का महापर्व छठ, शुद्धता, अनुशासन और आत्मसंयम की साधना है। बिहार की लोक संस्कृति ने इस पर्व में वह जीवन-दर्शन रचा है, जहां प्रकृति और श्रद्धा एक सूत्र में बंधे हैं। नहाय-खाय की इस पावन बेला पर छठी मईया सभी परिवारों को सुख, शांति और समृद्धि प्रदान करें।"

सूर्यदेव अपनी ऊर्जा से भारत को नई ज्योति दें और यह लोकपरंपरा पूरे देश को एकता, अनुशासन और स्वावलंबन का मार्ग दिखाती रहे

उन्होंने आगे कहा कि सूर्यदेव अपनी ऊर्जा से भारत को नई ज्योति दें और यह लोकपरंपरा पूरे देश को एकता, अनुशासन और स्वावलंबन का मार्ग दिखाती रहे। चार दिनों तक चलने वाला यह पर्व भारतीय

संस्कृति में सबसे अनुशासित और शुद्ध पर्व माना जाता है। 'नहाय-खाय' के बाद 'खरना', फिर 'सांझ अर्घ्य' और अंत में 'भोर अर्घ्य' के साथ यह पर्व संपन्न होता है। सूर्य उपासना का यह अनोखा पर्व जहां आस्था का प्रतीक है। छठ पूजा की इस पावन शुरूआत पर पूरा देश भक्ति, उत्साह और एकता की भावना से ओत-प्रोत नजर आ रहा है।

छठ पूजा पर पीएम मोदी की शुभकामनाएं

आस्था का महापर्व छठ पूजा नहाय-खाय के साथ शनिवार से शुरू हो गया है। चार दिनों तक चलने वाला यह पर्व उत्तर प्रदेश, बिहार सहित विश्व भर में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। पीएम मोदी ने छठ पूजा की देशवासियों को शुभकामनाएं दी।

पीएम मोदी ने कहा कि नहाय-खाय के पावन अनुष्ठान के साथ आज से चार दिवसीय महापर्व छठ का शुभारंभ हो रहा है

पीएम मोदी ने कहा कि नहाय-खाय के पावन अनुष्ठान के साथ आज से चार दिवसीय महापर्व

छठ का शुभारंभ हो रहा है। बिहार सहित देशभर के श्रद्धालुओं को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। सभी व्रतियों को मेरा नमन और वंदन।

पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा कि हमारी संस्कृति का यह विराट उत्सव सादगी, संयम और नियम-निष्ठा का अतुलनीय प्रतीक है

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि हमारी संस्कृति का यह विराट उत्सव सादगी और संयम का प्रतीक है, जिसकी पवित्रता और नियम-निष्ठा अतुलनीय है। इस पावन अवसर पर छठ के घाटों पर जो दृश्य दिखाई देता है, उसमें पारिवारिक और सामाजिक सद्भाव की अद्भुत प्रेरणा होती है।

छठ की प्राचीन परंपरा का हमारे समाज पर बहुत गहरा प्रभाव रहा है

भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 4.5 अरब डॉलर बढ़कर 702 अरब डॉलर, गोल्ड रिजर्व भी बढ़ा

भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 17 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में 4.5 अरब डॉलर बढ़कर 702.3 अरब डॉलर हो गया। यह जानकारी भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों में दी गई। केंद्रीय बैंक के अनुसार, समीक्षा अवधि में भारत का गोल्ड रिजर्व, जो कि विदेशी मुद्रा भंडार का हिस्सा होता है, 6.2 अरब डॉलर बढ़कर 108.5 अरब डॉलर हो गया है। इसमें बढ़ोतरी की वजह सोने की कीमतों में इजाफा होना और केंद्रीय बैंक द्वारा खरीद का बढ़ना है।

फॉरेन करेंसी एसेट्स, जो कि विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा हिस्सा होती हैं, 1.7 अरब डॉलर गिरकर 570.4 अरब डॉलर हो गई हैं। ये एसेट्स यूरो, पाउंड और येन जैसी मुद्राओं के मूल्य में बदलाव से प्रभावित होती हैं।आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, इस सप्ताह के दौरान अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में भारत की रिजर्व पॉजिशन 3 करोड़ डॉलर घटकर 4.62 अरब डॉलर रह गई है।

बाजार विश्लेषकों के अनुसार, विदेशी मुद्रा भंडार में गोल्ड रिजर्व की हिस्सेदारी बढ़कर 14.7 प्रतिशत हो गई है, जो कि कई दशकों का उच्चतम स्तर है।बीते एक दशक में देश के विदेशी मुद्रा भंडार में गोल्ड की हिस्सेदारी दोगुनी हो गई है, जो कि पहले 7 प्रतिशत थी।

मॉर्गन स्टेनली की एक रिपोर्ट के अनुसार, आरबीआई ने 2024 से अपने गोल्ड रिजर्व में लगभग 75 टन की वृद्धि की है, जिससे कुल गोल्ड होल्डिंग 880 टन हो गई है, जो अब भारत के कुल विदेशी मुद्रा भंडार का लगभग 14 प्रतिशत है।भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सोने का उपभोक्ता है और अपनी मांग पूरी करने के लिए आयात पर निर्भर है। सोना खरीदना भारतीय संस्कृति में गहराई से निहित है। इसे निवेश एवं प्रतिष्ठा के प्रतीक के तौर पर भी देखा जाता है।

गोविंद दास असाटी के जबलपुर आगमन पर विशेष चर्चा (कैट)

समाज जागरण

कैट प्रदेश के वरिष्ठ पदाधिकारी श्री गोविंद दास असाटी जी का जबलपुर आगमन पर कैट जबलपुर संभाग अध्यक्ष दीपक सेठी एवं जबलपुर नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजीव बड़ेरिया से मुलाकात कर, कैट द्वारा चलाए जा रहे, स्वदेशी अपनाओ, मेड इन इंडिया, वोकल फॉर लोकल, को लेकर व्यापार जगत पर चर्चा की गई, व्यापार जगत से जुड़े अन्य मुद्दों पर भी चर्चा कर व्यापार को नई गति देने के लिए कई अन्य व्यापारी संगठनों के साथ भी बैठक करेंगे, इस मौके पर कैट पदाधिकारी एवं सदस्यो के साथ चर्चा की गई,

सबका साथ सबका विकास

नौजवानों का साथ बुजुर्गो का आशीर्वादः हमारा प्रयास अपने गांव का विकास !!

नवादा पूर्व विधायक प्रत्याशी

131 विधानसभा कटरा

ठा० मुन्ना सिंह

मो0 9450891752

उत्तर प्रदेश विधान सभा

मिशन 2027

यु वा दिलों की धड़कन

ग्राम सभा -लालपुर बड़ागांव से बी. डी. सी. क्षेत्र पंचायत सदस्य पद के कर्मठ प्रत्याशी आपका अपना

प्रत्याशी

ठा. रोहित सिंह

मो0 7080827226

पंत प्रधान की लज्जाजनक शब्दावली

बिहार विधानसभा चुनाव प्रचार के पहले ही दिन पंत प्रधान श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी की शब्दावली सुनकर मुझे एक बार फिर एक भारतीय होने के नाते शर्मिंदगी महसूस हुई. पहली बार लगा कि पंत प्रधान के पास प्रभावी शब्दकोश का नितांत अभाव है. किसी भी प्रधानमंत्री के शब्द एक नजीर होते हैं.

प्रधानमंत्रियों की भाषिक मयार्दा का अपना महत्व है, और एक -दो अपवादों को छोडकर सभी ने अपनी शाब्दिक गंभीरता से देश, दुनिया को प्रभावित किया है. किसी भी व्यक्ति की अपनी शब्दावली उसके भाषायी संस्कारो के साथ ही उसकी शैक्षणिक योग्यता और स्वाध्याय की शिनाख्त होती है. माननीय मोदी जी की भाषा 2014 से 2025 जाते-जाते और मलिन हो गई है. लगता है कि उनके पास भाषा के नाम पर एक बडे शून्य के अलावा कुछ और है ही नहीं. मै उस पीढी से हूँ जिसने पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की उर्दू मिश्रित हिंदुस्तानी शैली के भाषण भी सुने हैं और लाल बहादुर शास्त्री के महीन देशज भाषण भी.

इस देश ने श्रीमती इंदिरा गांधी के खनकदार भाषण भी सुने हैं और मोरारजी भाई देसाई के शुष्क भाषण भी, लेकिन सबका अपना शब्द सामर्थ्य था और अपना लालित्य. देश ने राजीव गांधी का ओस में भीगा भाषण भी सुना और वीपी सिंहश्रका इलाहाबादी अमरूद सा सरस भाषण भी सुना. देश को चंद्रशेखर, देवगौडा, गुजराल और चौधरी चरण सिंह के भी भाषण याद हैं. और तो और देश ने रसहीन डॉ मनमोहन सिंह के शास्त्रीय अकेडमिक भाषणों के साथ ही तमतमाते, हंसाते, अटल बिहारी बाजपेयी के भी लच्छेदार भाषणों को सुना है.

पिछले 80साल में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी पहले ऐसे नेता हैं जो आपे से बाहर होकर चुनावी सभाओं में भाषिक मयार्दा भूल जाते हैं. बिहार की पहली सभा में उन्होने विपक्ष के महागठबंधन को लठबंधन कहा. सहयोगी दलों को अटक दल, लटक दल और पटक दल कहा. मोदी जी के इस भाषण से उनका खोखलापन एक बार फिर उजागर हो गया. कोई भी प्रधानमंत्री विधानसभा के चुनाव प्रचार मे अपनी सरकार के कार्यक्रमों और नीतियों की बात तो करता है किंतु पार्टी अध्यक्ष की तरह भाषा के निम्नतर स्तर पर आकर भाषण नहीं देता.

मुमकिन है कि मोदी जी का छिछला और टपोरीकृत भाषण सुनकर उनके प्रशंसक झूम उठते हों लेकिन आम आदमी को इससे अपच होती होगी. प्रधानमंत्री का भाषण विदेशों में रहने वाले असंख्य भारतीय भी सुनते हैं उनका सिर भी शर्म से झुक जाता है. मुश्किल है कि आप किसी बूढे तोते को सीताराम कहना सिखा भी नहीं सकते. कभी कभी मोदी जी के भाषण को सुनकर लगता है कि शायद यही नागपुरिया संस्कार हो. जब मोदीजी को छिछली, उथली भाषा का इस्तेमाल करते देखता हूँ तो मुझे संसद में मुसलमानों के लिए खास विशेषण का इस्तेमाल करने वाले रमेश विधूडी पर दया आती है.

मै मोदीजी के भाषण की निंदा करते हुए भी तकलीफ महसूस करता हूं और विनम्रता पूर्वक कहना चाहता हूं कि माननीय मोदी जी अपनी भाषा के जरिये न सिर्फ अपने पद की गरिमा क्षीण कर रहे हैं बल्कि अपनी प्रतिष्ठा को बट्टा भी लगा रहे है. अभी भी व्त है कि मोदी जी अपने भाषण लिखवाने के लिए कोई अच्छा, अनुभवी साहित्यकार तलाश कर लें. न मिले तो एआई से भाषण लिखवा लें, लेकिन आंय-बांय न बोलें. चुनाव आते -जाते रहते हैं लेकिन गरिमा स्थाई चीज होती है.मोदीजी से बढिया भाषण तो संघ प्रमुख डॉ मोहन भागवत बोलते हैं.

बेलगाम जबान वाले नेता किसी भी दल में हों काबले बर्दाश्त नहीं होते. चारा चोर लालू यादव की भाषा में एक देशज लालित्य है.

@राकेश अचल

जम्मू-कश्मीर विलय दिवस: भारत की संप्रभुता का शाश्वत अध्याय

महेन्द्र तिवारी

भारतीय इतिहास में 26 अक्टूबर का दिन एक अविस्मरणीय और निर्णायक मोड़ के रूप में दर्ज है, जिसे प्रतिवर्ष 'जम्मू-कश्मीर विलय दिवस' के रूप में मनाया जाता है। यह वह ऐतिहासिक तिथि है, जब जम्मू और कश्मीर रियासत के तत्कालीन शासक महाराजा हरि सिंह ने 'विलय पत्र' पर हस्ताक्षर करके, अपनी रियासत को भारत संघ का एक अभिन्न और कानूनी हिस्सा बनाने का युगांतकारी निर्णय लिया था। यह घटना सिर्फ एक कागजी कार्रवाई नहीं थी, बल्कि यह भारतीय संप्रभुता की रक्षा, लोकतंत्र के मूल्यों और राष्ट्रीय एकता के प्रति अटूट आस्था का प्रतीक थी, जिसकी जड़ें देश के विभाजन के साथ उपजे भीषण संकट में निहित थीं।

1947 में जब ब्रिटिश राज समाप्त हुआ, तो भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम के तहत भारत का विभाजन हुआ और लगभग 565 रियासतों को यह विकल्प मिला कि वे भौगोलिक और जनसांख्यिकीय कारकों को ध्यान में रखते हुए भारत या पाकिस्तान में से किसी एक के साथ विलय करें, या सैद्धांतिक रूप से स्वतंत्र रहें। जम्मू-कश्मीर, एक मुस्लिम बहुल आबादी वाली, लेकिन हिंदू शासक वाली रियासत होने के नाते, महाराजा हरि सिंह ने शुरूआत में स्वतंत्र रहने की इच्छा व्यक्त की थी। उन्होंने पाकिस्तान के साथ 'यथास्थिति समझौता' भी किया था, जबकि भारत के साथ बातचीत जारी थी। महाराजा का यह कदम, संभवतः, उनके राज्य की विशिष्ट पहचान और संप्रभुता को बनाए रखने की एक कोशिश थी, लेकिन यह स्थिति लंबे समय तक कायम नहीं रह सकी।

अक्टूबर 1947 के शुरूआती दिनों में ही, पाकिस्तान की ओर से दबाव और शत्रुतापूर्ण गतिविधियाँ शुरू हो गईं। 22 अक्टूबर 1947 को, पाकिस्तान द्वारा समर्थित कबायली आक्रमणकारियों ने, जिन्हें पाकिस्तानी सेना का प्रत्यक्ष सहयोग प्राप्त था, जम्मू-कश्मीर पर बर्बर हमला कर दिया। 'ऑपरेशन गुलमर्ग' के नाम से चलाए गए इस आक्रमण का मुख्य उद्देश्य रियासत पर बलपूर्वक कब्जा करना था। आक्रमणकारियों ने बड़े पैमाने पर लूटपाट, हत्या और अराजकता फैलाई, जिससे राज्य में कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। बारामूला में भयानक नरसंहार हुआ और ये आक्रमणकारी तेजी से श्रीनगर की ओर बढ़ रहे थे, जहाँ महाराजा और उनकी राजधानी थी। महाराजा हरि सिंह की स्थानीय सेना इन विशाल और बर्बर ताकतों का सामना करने में असमर्थ रही, और राज्य एक गंभीर अस्तित्वगत संकट से घिर गया।

इस विकट परिस्थिति में, अपनी रियासत और प्रजा को विनाश से बचाने के लिए महाराजा हरि सिंह ने भारत सरकार से तत्काल सैन्य सहायता की अपील की। भारत सरकार, जिसके प्रमुख तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और उप-प्रधानमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल थे, ने स्पष्ट किया कि भारतीय सेना किसी संप्रभु (स्वतंत्र) क्षेत्र में हस्तक्षेप नहीं कर सकती। सैन्य सहायता देने की एकमात्र शर्त यह थी कि जम्मू-कश्मीर को विधिवत रूप से भारत संघ का हिस्सा बनना होगा। इन विकट परिस्थितियों को देखते हुए, महाराजा हरि सिंह ने 26 अक्टूबर 1947 को, भारत सरकार के प्रतिनिधि वी.पी. मेनन की उपस्थिति में, 'विलय पत्र' पर हस्ताक्षर किए। इस पत्र पर हस्ताक्षर होते ही, जम्मू-कश्मीर, कानूनी और संवैधानिक रूप से, भारतीय गणराज्य का एक अभिन्न अंग बन गया। विलय पत्र के अनुसार, रियासत ने अपनी रक्षा, विदेश मामले और संचार के अधिकार भारत सरकार को सौंप दिए।

विलय पत्र पर हस्ताक्षर होते ही, भारतीय सेना ने अगले ही दिन 27 अक्टूबर को हवाई मार्ग से श्रीनगर में प्रवेश किया और हमलावरों के खिलाफ मोर्चा संभाल लिया। भारतीय सेना के त्वरित और साहसी हस्तक्षेप ने आक्रमणकारियों को श्रीनगर पर कब्जा करने से रोक दिया। ब्रिगेडियर राजेंद्र सिंह जैसे वीर सैनिकों ने इस प्रारंभिक युद्ध में सर्वोच्च बलिदान दिया, जिससे भारतीय सेना को श्रीनगर पहुंचने और पाकिस्तानी समर्थित कबायलियों को खदेड़ने का अमूल्य समय मिल सका। भारतीय सेना ने हमलावरों को काफी हद तक पीछे धकेल दिया, लेकिन चूंकि मामला संयुक्त राष्ट्र में ले जाया गया, इसलिए युद्ध-विराम के कारण राज्य का एक हिस्सा (जिसे पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर या PoK कहा जाता है) अवैध रूप से पाकिस्तान के कब्जे में चला गया।

विलय दिवस का महत्व केवल ऐतिहासिक नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य के लिए भी अत्यधिक प्रासंगिक है। यह दिन भारत की संवैधानिक सर्वोच्चता और जम्मू-कश्मीर के साथ अटूट बंधन को रेखांकित करता है। दशकों तक, इस विलय की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और अनुच्छेद 370 के तहत प्राप्त विशेष दर्जे के कारण जम्मू-कश्मीर का भारत के साथ संबंध एक विशेष आयाम में रहा। हालाँकि, 5 अगस्त 2019 को, भारत सरकार ने अनुच्छेद 370 को समाप्त करके जम्मू-कश्मीर को देश की मुख्यधारा में पूरी तरह से एकीकृत कर दिया, जिससे 'एक देश, एक संविधान' की भावना को बल मिला। यह कदम वास्तव में 26 अक्टूबर 1947 को किए गए ऐतिहासिक विलय को उसकी तार्किक परिणति तक पहुंचाने का प्रयास था।

आज, जम्मू-कश्मीर विलय दिवस, केंद्र शासित प्रदेश और पूरे देश में राष्ट्रीय गौरव और एकता के पर्व के रूप में मनाया जाता है। 2020 में इसे आधिकारिक सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाना, इस दिवस की राष्ट्रीय स्मृति में बढ़ती महत्ता को दशार्ता है। यह दिवस हमें महाराजा हरि सिंह की दूर-दर्शिता, भारतीय सेना के अदम्य शौर्य और भारत के राष्ट्रीय नेतृत्व के संकल्प को याद करने का अवसर प्रदान करता है, जिन्होंने सुनिश्चित किया कि जम्मू-कश्मीर की नियति भारत के धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक और प्रगतिशील ढांचे के साथ जुड़ी रहे। यह पर्व इस बात की पुष्टि करता है कि जम्मू-कश्मीर कल भी भारत का था, आज भी भारत का है, और हमेशा भारत का अभिन्न अंग बना रहेगा। यह विलय दिवस, भारत की संप्रभुता के शाश्वत अध्याय का एक जीवंत स्मरण है, जो भविष्य की पीढ़ियों को राष्ट्रीय एकता और बलिदान के मूल्यों से प्रेरणा देता रहेगा।

डफर लेबल पर प्रतिबंध के बाद अन्य उत्पादों पर भी पुनर्विचार होना चाहिए

भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) की ओर से खाद्य एवं पेय पदार्थ निमार्ताओं द्वारा ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन (ओआर-एस) शब्द के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने का परामर्श बहुत पहले आ जाना चाहिए था। बाल रोग विशेषज्ञों और स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा आठ साल से चलाए जा रहे अभियान का नतीजा यह परामर्श है कि उत्पादों के नाम, लेबल और ट्रेडमार्क में, यहां तक कि उत्पाद के नाम के आगे या पीछे भी इस शब्द का इस्तेमाल वर्जित है। केवल विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के मानकों के अनुरूप और दवा की दुकानों में बेचे जाने वाले औषधीय ओआरएस उत्पादों को ही इस शब्द के इस्तेमाल की अनुमति होगी। यह परामर्श न केवल निर्जलीकरण की स्थिति में ओआरएस के प्रभावी उपयोग को सुनिश्चित करने में मददगार साबित होगा, बल्कि इससे उपभोक्ता एजेंसियां खाद्य एवं सौंदर्य प्रसाधनों पर अर्द्ध-औषधीय दावों पर नए सिरे से विचार करने के लिए भी प्रेरित होंगी।

ओआरएस मूलतः पानी, ग्लूकोज और सोडियम व पोटैशियम जैसे आवश्यक इलेक्ट्रोलाइट का चिकित्सकीय रूप से तैयार किया गया मिश्रण होता है। यह निर्जलीकरण के कारण शरीर से निकले तरल पदार्थों और लवणों की पूर्ति करता है। पिछले दो दशकों में यह देखा गया है कि व्यावसायिक रूप से मार्केटिंग किए जाने वाले अनेक उपभोक्ता उत्पाद- मुख्य रूप से आकर्षक रूप से पैक किए गए स्पोर्ट्स और एनर्जी ड्रिंक झ्र सुपरस्टार्स द्वारा प्रचारित किए गए हैं। इनमें से कई उत्पादों को ओआरएस के विकल्प के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। इनमें न केवल चीनी की मात्रा बहुत अधिक होती है बल्कि कई में कैफीन भी होता है, जो निर्जलीकरण को कम करने में कोई मदद नहीं करता। कभी-कभी तो इनमें विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की 13.5 ग्राम प्रति लीटर चीनी की सिफारिश से 10 गुना तक अधिक मात्रा होती है। ये अतिरिक्त चीजें विशेष रूप से बच्चों के लिए हानिकारक हो सकती हैं।

इसके अतिरिक्त, ऐसे देश में जहां मधुमेह के मामले चिंताजनक रूप से ऊंचे स्तर पर हैं, यहां तक कि युवाओं में भी, उच्च चीनी वाले वाणिज्यिक उत्पाद जो ओआरएस के संदिग्ध लाभों का दावा करते हैं, विशेष रूप से हानिकारक हो सकते हैं। हालांकि एफएसएसएआई के परामर्श में दंड का उल्लेख नहीं है, लेकिन इसके निदेर्शों का पालन न करने पर खाद्य संरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत दंड या जुमार्ना लग सकता है। इसलिए इन नए लेबलिंग कानूनों की सफलता निगरानी और व्यापक शिक्षा अभियानों पर निर्भर करेगी ताकि उपभोक्ताओं को औषधीय रूप से तैयार ओआरएस उत्पादों और व्यावसायिक रूप से उपलब्ध उत्पादों के बीच के अंतर के बारे में पर्याप्त रूप से जागरूक किया जा सके। व्यावसायिक खाद्य उद्योग के पास मौजूद धनबल को देखते हुए यह और भी महत्त्वपूर्ण है। इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि विनिमार्ताओं ने प्रतिबंध के अचानक लागू होने की शिकायत करते हुए दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। न्यायालय ने लगभग 180 करोड़ रुपये मूल्य के मौजूदा स्टॉक को बेचने की अनुमति देकर अस्थायी राहत दी है।

इस सलाह से अन्य मानक-निर्धारण और प्रवर्तन एजेंसियों को लेबलिंग कानूनों में कठोरता बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित होना चाहिए। नाश्ते के अनाज और स्नैक बार, पैकेज्ड फलों के रस और स्मूदी, या विटामिन-युक्त पानी में अक्सर चीनी, परिष्कृत काबोर्हाइड्रेट, ट्रांस-वसा और नमक की मात्रा अधिक होती है और उनमें पोषण मूल्य न्यूनतम होता है। इनमें से कई उत्पाद भ्रामक रूप से संकेत देते हैं कि वे ताजे भोजन और फलों के स्वस्थ विकल्प हैं। इस मसले का हल करने का एक तरीका यह है कि एफएसएसएआई लेबलिंग में ऐसा बदलाव निर्धारित करे ताकि यह निहितार्थ हटा दिया जाए कि ये उत्पाद स्वास्थ्यवर्धक खाद्य पदार्थ हैं।

इसी तरह, प्राकृतिक और ह्यहर्बलह्ण कॉस्मेटिक उत्पादों के प्रति दीवानगी ने ऐसे उत्पादों की बाढ़ ला दी है जो विशिष्ट कॉस्मेटिक दोषों को दूर करने के लिए औषधीय लाभों का दावा करते हैं। वैसे तो केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन और भारतीय मानक ब्यूरो कॉस्मेटिक उत्पादों पर चिकित्सीय प्रकृति के दावे करने पर प्रतिबंध लगाते हैं, फिर भी बाजार में ऐसे उत्पाद बहुतायत में हैं। विनिमार्ताओं को भ्रम दूर करने के लिए अपनी लेबलिंग में बदलाव करने पर मजबूर करना भारतीय उपभोक्ताओं के लिए एक अच्छा संकेत होगा, जो अक्सर गुमराह होते रहते हैं।

स्कन्द षष्ठी का व्रत कार्तिक मास में कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि को किया जाता है। कार्तिकेय की पूजा के लिए हर माह की षष्ठी तिथि के दिन स्कंद षष्ठी व्रत रखा जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, भगवान कार्तिकेय की पूजा करने से सुख-समृद्धि, सौभाग्य और सफलता की प्राप्ति होती है। 'तिथितत्त्व'[1] ने चैत्र शुक्ल पक्ष की षष्ठी को 'स्कन्द षष्ठी' कहा है।[2] यह व्रत 'संतान षष्ठी' नाम से भी जाना जाता है। कुछ लोग आषाढ़ माह की शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को स्कन्द षष्ठी मानते हैं।[3] वैदिक पंचांग के अनुसार, प्रत्येक मास के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि के दिन स्कन्द षष्ठी का व्रत किया जाता है। स्कंदपुराण के नारद-नारायण संवाद में संतान प्राप्ति और संतान की पीड़ाओं का शमन करने वाले इस व्रत का विधान बताया गया है। एक दिन पूर्व से उपवास करके षष्ठी को 'कुमार' अर्थात कार्तिकेय की पूजा करनी चाहिए।[4] तमिल प्रदेश में स्कन्दषष्ठी महत्त्वपूर्ण है और इसका सम्पादन मन्दिरों या किन्हीं भवनों से होता है।

प्राचीनता एवं प्रमाणिकता

इस व्रत की प्राचीनता एवं प्रामाणिकता स्वयं परिलक्षित होती है। इस कारण यह व्रत श्रद्धाभाव से मनाया जाने वाले पर्व का रूप धारण करता है। स्कंद षष्ठी के संबंध में मान्यता है कि राजा शर्याति और भार्गव ऋषि च्यवन का भी ऐतिहासिक कथानक इससे जुड़ा है। कहते हैं कि स्कंद षष्ठी की उपासना से च्यवन ऋषि को आँखों की ज्योति प्राप्त हुई। ब्रह्मवैवर्तपुराण में बताया गया है कि स्कंद षष्ठी की कृपा से प्रियव्रत का मृत शिशु जीवित हो जाता है। स्कन्द षष्ठी पूजा की पौरांणिक परम्परा है। भगवान शिव के तेज से उत्पन्न बालक स्कन्द की छह कृतिकाओं ने स्तनपान करा कर रक्षा की थी। इनके छह मुख हैं और उन्हें 'कार्तिकेय' नाम से पुकारा जाने लगा। पुराण व उपनिषद में इनकी महिमा का उल्लेख मिलता है।[5]

निर्णयामृत में इतना और आया है कि भाद्रपद की षष्ठी को दक्षिणापथ में कार्तिकेय का दर्शन लेने से ब्रह्महत्या जैसे गम्भीर पापों से मुक्ति मिल जाती है।[6] हेमाद्रि[7], कृत्यरत्नाकर[8] ने ब्रह्म पुराण से उद्धरण देकर बताया है कि स्कन्द की उत्पत्ति अमावास्या को अग्नि से हुई थी, वे चैत्र शुक्ल पक्ष की षष्ठी को प्रत्यक्ष हुए थे, देवों के द्वारा सेनानायक बनाये गये थे तथा तारकासुर का वध किया था, अतः उनकी पूजा, दीपों, वस्त्रों, अलंकरणों, मुर्गों (खिलौनों के रूप में) आदि से की जानी चाहिए अथवा उनकी पूजा बच्चों के स्वास्थ्य के लिए सभी शुक्ल षष्ठियों पर करनी चाहिए। तिथितत्त्व [9] ने चैत्र शुक्ल पक्ष की षष्ठी को स्कन्दषष्ठी कहा है।

कब करें

यह व्रत प्रत्येक मास की कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि को किया जाता है। वर्ष के किसी भी मास के शुक्ल पक्ष की षष्ठी को यह व्रत आरंभ किया जा सकता है। वैसे चैत्र अथवा आश्विन मास की षष्ठी को इस व्रत को आरंभ करने का प्रचलन अधिक है।

आवश्यक सामग्री

भगवान शालिग्राम जी का विग्रह, कार्तिकेय का चित्र, तुलसी का पौधा (गमले में लगा हुआ), तांबे का लोटा, नारियल, पूजा की सामग्री, जैसे- कुंकुम, अक्षत, हल्दी, चंदन अबीर, गुलाल, दीपक, घी, इत्र, पुष्प, दूध, जल, मौसमी फल, मेवा, मौली आसन इत्यादि। यह व्रत विधिपूर्वक करने से सुयोग्य संतान की प्राप्ति होती है। संतान को किसी प्रकार का कष्ट या रोग हो तो यह व्रत संतान को इन सबसे बचाता है।

पूजन

स्कंद षष्ठी के अवसर पर शिव-पार्वती को पूजा जाता है। मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। इसमें स्कंद देव (कार्तिकेय) की स्थापना करके पूजा की जाती है तथा अखंड दीपक जलाए जाते हैं। भक्तों द्वारा स्कंद षष्ठी महात्म्य का नित्य पाठ किया जाता है। भगवान को स्नान कराया जाता है, नए वस्त्र पहनाए जाते हैं और उनकी पूजा की जाती है। इस दिन भगवान को भोग लगाते हैं, विशेष कार्य की सिद्धि के लिए इस समय कि गई पूजा-अर्चना विशेष फलदायी होती है। इसमें साधक तंत्र साधना भी करते हैं, इसमें मांस, शराब, प्याज, लहसुन का त्याग करना चाहिए और ब्रह्मचर्य का संयम रखना आवश्यक होता है।

कथा

भगवान कार्तिकेय की जन्म कथा के विषय में पुराणों में ज्ञात होता है कि जब दैत्यों का अत्याचार ओर आतंक फैल जाता है और देवताओं को पराजय का समाना करना पड़ता है। जिस कारण सभी देवता भगवान ब्रह्मा के पास पहुंचते हैं और अपनी रक्षार्थ उनसे प्रार्थना करते हैं। ब्रह्मा उनके दुःख को जानकर उनसे कहते हैं कि तारक का अंत भगवान शिव के पुत्र द्वारा ही संभव है, परंतु सती के अंत के पश्चात भगवान शिव गहन साधना में लीन हुए रहते हैं। इंद्र और अन्य देव भगवान शिव के पास जाते हैं, तब भगवान शिव उनकी पुकार सुनकर पार्वती से विवाह करते हैं। शुभ घड़ी और शुभ मुहूर्त में शिव जी और पार्वती का विवाह हो जाता है। इस प्रकार कार्तिकेय का जन्म होता है और कार्तिकेय तारकासुर का वध करके देवों को उनका स्थान प्रदान करते हैं।

महत्त्व

भगवान स्कंद शक्ति के अधिदेव हैं, देवताओं ने इन्हें अपना सेनापतित्व प्रदान किया था। मयूर पर आसीन देवसेनापति कुमार कार्तिक की आराधना दक्षिण भारत मे सबसे ज्यादा होती है, यहाँ पर यह 'मुरुगन' नाम से विख्यात हैं। प्रतिष्ठा, विजय, व्यवस्था, अनुशासन सभी कुछ इनकी कृपा से सम्पन्न होते हैं। स्कन्दपुराण के मूल उपदेष्टा कुमार कार्तिकेय ही हैं तथा यह पुराण सभी पुराणों में सबसे विशाल है। स्कंद भगवान हिंदू धर्म के प्रमुख देवों मे से एक हैं। स्कंद को कार्तिकेय और मुरुगन नामों से भी पुकारा जाता है। दक्षिण भारत में पूजे जाने वाले प्रमुख देवताओं में से एक भगवान कार्तिकेय शिव पार्वती के पुत्र हैं। कार्तिकेय भगवान के अधिकतर भक्त तमिल हिन्दू हैं। इनकी पूजा मुख्यतः भारत के दक्षिणी राज्यों और विशेषकर तमिलनाडु में होती है। भगवान स्कंद के सबसे प्रसिद्ध मंदिर तमिलनाडू में ही स्थित हैं।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

उत्तर प्रदेश के विकास का प्रतीक बनेगा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट: सीएम योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का स्थलीय निरीक्षण

डोमेस्टिक टर्मिनल, सुरक्षा और उद्घाटन समारोह स्थल का लिया जायजा

एयरपोर्ट के शुभारंभ की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ की विस्तृत समीक्षा

सीएम ने दिए गुणवत्ता, समयबद्धता और यात्री सुविधा को विशेष प्राथमिकता देने के निर्देश

उच्च मानकों के अनुरूप सभी निर्माण और सुरक्षा कार्य संपन्न कराए जाएं: मुख्यमंत्री

उद्घाटन समारोह की तैयारियों में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए: सीएम योगी

गौतमबुद्धनगर, 25 अक्टूबर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने डॉमेस्टिक टर्मिनल, उद्घाटन समारोह स्थल, सुरक्षा प्रबंधन, यातायात व्यवस्था और अन्य निर्माण कार्यों की प्रगति का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री ने एयरपोर्ट के बोर्डरूम में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (ठकअछ) और एयरपोर्ट निर्माण एजेंसी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में परियोजना की प्रगति, आगामी कार्ययोजना और उद्घाटन समारोह की तैयारियों पर पावर प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी गई। इस दौरान, सीएम योगी ने कहा कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रदेश के विकास का प्रतीक बनेगा, इसलिए निर्माण कार्यों में गुणवत्ता, समयबद्धता और समन्वय सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में उच्च मानकों के अनुरूप पूरे किए जाएँ और उद्घाटन समारोह की तैयारियों में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए।

सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने के निर्देश

समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने एयरपोर्ट परिसर और आसपास के क्षेत्रों में सौंदर्यीकरण, स्वच्छता और यात्री सुविधा सुनिश्चित करने पर जोर दिया। साथ ही सुरक्षा और यातायात प्रबंधन के लिए ठोस और समन्वित कार्ययोजना तैयार करने को कहा। एयरपोर्ट से जुड़ी सड़क और मेट्रो लिंक परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ क्रिस्टोफ श्नेलमैन ने नागरिक उड्डयन, सुरक्षा, विस्फोटक निरोधक दस्ता, नियंत्रण इकाई, उप स्टेशन और आधारभूत संरचना से संबंधित अद्यतन जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने हवाई अड्डे के संचालन से जुड़े सभी तकनीकी, सुरक्षा एवं प्रशासनिक पहलुओं की गहन समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सीओओ किरण जैन ने एनआईए अनुज्ञा निर्गमन, यात्री सुरक्षा, रनवे, वायुसंचालन परीक्षण और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की सुरक्षा व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। मुख्यमंत्री ने हवाई अड्डे परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को पूर्ण रूप से सुदृढ़ और चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए तथा कहा कि किसी भी प्रकार की शिथिलता अस्वीकार्य होगी।

गुणवत्ता और समयबद्धता पर विशेष ध्यान

मुख्यमंत्री ने हवाई अड्डे से सड़क संपर्क, माल परिवहन संपर्क, अग्निशमन केंद्र, जल शोधन संयंत्र, जलभराव निस्तारण एवं वाहन पार्किंग की व्यवस्थाओं की भी विस्तार से समीक्षा की। नायल के सीईओ राकेश कुमार सिंह और नोडल अफसर शैलेन्द्र भाटिया ने प्रगति और कनेक्टिविटी के सम्बन्ध में अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यात्रियों को सुगम एवं सुरक्षित अनुभव प्रदान करने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां निर्धारित समय सीमा में पूरी कर ली जाएं। उन्होंने निर्देश दिये कि हवाई अड्डे के सभी कार्यों की प्रगति नियमित रूप से समीक्षा कर गुणवत्ता और समयबद्धता पर विशेष ध्यान दिया जाए।

जनसभा स्थल तक सभी मार्गों पर यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था हो दुरुस्त

मुख्यमंत्री ने आगामी जनसभा एवं रैली की तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभा स्थल पर भूमि समतलीकरण, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पुलिस सुरक्षा, पेयजल, शौचालय और अन्य सभी मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त रखा जाए ताकि आम जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि जनसभा स्थल तक पहुंचने वाले सभी मार्गों पर यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था सुचारू रखी जाए तथा संपूर्ण क्षेत्र में सुरक्षा प्रबंध, स्वच्छता एवं प्रकाश की व्यवस्था उच्च स्तर की सुनिश्चित की जाए।

150 उड़ानें प्रतिदिन हो सकेंगी संचालित

जेवर एयरपोर्ट का लोकार्पण कराए जाने वाले हिस्से का क्षेत्रफल 3,300 एकड़ है, जबकि कुल 6,700 एकड़ भूमि का अब तक अधिग्रहण किया जा चुका है शेष 5,100 एकड़ भूमि अगले तीन माह में ली जाएगी। भूमि क्रय की लागत लगभग 5,000 करोड़ और एयरपोर्ट निर्माण की लागत 7,000 करोड़ है। उद्घाटन के समय एयरपोर्ट एक रनवे के साथ क्रियाशील होगा और इसकी वार्षिक यात्री क्षमता 1.2 करोड़ होगी। साथ ही, औसतन प्रतिदिन 150 उड़ानें यहां से संचालित होंगी। भविष्य में यात्रियों की संख्या 1 करोड़ से अधिक होने पर दूसरे रनवे का निर्माण शुरू हो जाएगा और दोनों रनवे मिलकर 7 करोड़ यात्रियों की सेवा करेंगे। जेवर एयरपोर्ट के पूर्ण स्वरूप में कुल 5 रनवे होंगे, इसका कुल क्षेत्रफल 11,750 एकड़ होगा और यह प्रतिवर्ष 30 करोड़ यात्रियों को सेवा देने में सक्षम होगा।

उत्तर प्रदेश में 24 एयरपोर्ट्स, 16 संचालित

उत्तर प्रदेश में कुल 24 एयरपोर्ट्स हैं, जिनमें से 16 संचालित हो चुके हैं। वहीं जेवर एयरपोर्ट बनकर तैयार हो चुका है और अब इसका जल्द ही शुभारंभ होने वाला है। वहीं, 7 एयरपोर्ट्स निमार्णाधीन हैं। संचालित एयरपोर्ट्स में घरेलू स्तर पर आगरा, त्रिशूल (बरेली), गोरखपुर, हिंडन (गाजियाबाद), प्रयागराज, कानपुर, अलीगढ़, आजमगढ़, मुरादाबाद, श्रावस्ती, चित्रकूट और सहारनपुर शामिल हैं, जबकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लखनऊ, वाराणसी, कुशीनगर और अयोध्या एयरपोर्ट क्रियाशील हैं। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का शुभारंभ होते ही उत्तर प्रदेश 5 इंटरनेशनल एयरपोर्ट वाला देश का इकलौता राज्य बन जाएगा। निमार्णाधीन एयरपोर्ट्स की बात करें तो सोनभद्र, ललितपुर, मेरठ, गाजीपुर, झांसी, अमेठी और पलिया में भी इस पर तेजी से कार्य चल रहा है जो भविष्य में प्रदेश के वायु संपर्क और पर्यटन को और मजबूत करेंगे।

योगी सरकार में सिविल एविएशन की तीव्र प्रगति

उत्तर प्रदेश अब सिविल एविएशन के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में शुमार हो रहा है। वर्ष 2024-25 में करीब 1.5 करोड़ लोगों ने हवाई यात्रा की, जिसमें 1.3 करोड़ घरेलू यात्री तो वहीं 13 लाख से ज्यादा इंटरनेशनल यात्री शामिल रहे। 2017 से 2025 के बीच यात्री संख्या में 10.1 प्रतिशत की वार्षिक चक्रवृद्धि दर (सीएजीआर) से वृद्धि हुई है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की शुरूआत से लगभग 1 लाख प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने की संभावना है। वहीं, बेहतर एयर कनेक्टिविटी से प्रदेश में पर्यटन को भी नया आयाम मिला है, विशेषकर अयोध्या और वाराणसी जैसे धार्मिक स्थलों पर पर्यटक संख्या में 30% की वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2023 में उत्तर प्रदेश में 50 करोड़ से अधिक पर्यटक आए, जिनमें 20% हवाई मार्ग से पहुंचे। वहीं, एयर कार्गो सेवाओं के चलते वाराणसी और आगरा जैसे शहरों से निर्यात में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। जेवर एयरपोर्ट से NCR–UP बेल्ट में औद्योगिक विकास और रियल एस्टेट मूल्यों में 20–30% की वृद्धि दर्ज की गई है। कुल मिलाकर, एविएशन सेक्टर अब राज्य की GDP में 2–3% तक योगदान दे रहा है, जबकि 2017 से पहले यह आंकड़ा 1% से भी कम था। उड़ान योजना से छोटे शहरों जैसे अलीगढ़ और आजमगढ़ में व्यापार को बढ़ावा मिला है। आने वाले वर्षों में, 24 संचालित एयरपोर्ट्स के साथ उत्तर प्रदेश देश के कुल 3–3.5 अरब यात्री ट्रैफिक में 10–15% हिस्सेदारी का लक्ष्य हासिल करने की दिशा में अग्रसर है।

दैनिक समाज जागरण नेशनल अखबार मे विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।

नोएडा सेक्टर-110 में छठ महोत्सव की तैयारियाँ जोरों पर

250 से अधिक परिवारों के शामिल होने की संभावना, सुरक्षा, ठहराव और प्रसाद की पूरी व्यवस्था

नोएडा समाज जागरण डेस्क

नोएडा सेक्टर-110 में छठ महोत्सव मनाने की तैयारियाँ जोरों पर हैं। प्रवासी छठ पूजा समिति द्वारा आयोजित छठ पूजा महोत्सव 2025 के लिए सभी व्यवस्थाएँ अंतिम चरण में हैं। आयोजक समिति ने बताया कि व्रतियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए विशेष ध्यान रखा जा रहा है और उसी अनुसार सारी तैयारियाँ की जा रही हैं।

समिति के अनुसार, लगभग 250 परिवारों के शामिल होने की संभावना है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए समुचित व्यवस्था की गई है। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस चौकी स्थापित की जाएगी, साथ ही फायर एवं सेफ्टी विभाग की टीम भी मौके पर मौजूद रहेगी ताकि किसी भी अप्रिय घटना पर तुरंत कार्रवाई की जा सके।

छठ व्रतियों के लिए हर वर्ष की तरह इस बार भी कपड़ा बदलने का कमरा (चेंजिंग रूम) बनाया जा रहा है। जो श्रद्धालु दूर से आते हैं और रात्रि में वहीं ठहरना चाहते हैं, उनके लिए भी विशेष व्यवस्था की गई है।

महोत्सव के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि रात 11 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम चलेंगे। ध्वनि प्रदूषण को ध्यान में रखते हुए देर रात कम साउंड में भजन-कीर्तन का कार्यक्रम जारी रहेगा। इसके अलावा ठेकुआ प्रसाद की व्यवस्था भी आयोजन समिति द्वारा की गई है।

काशी सांसद खेलकूद प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को विधायक रोहनियां डॉ० सुनील पटेल ने प्रमाण पत्र प्रदान की।

समाज जागरण

वाराणसी। काशी विद्यापीठ ब्लॉक के करसड़ा स्थित मिनी स्टेडियम मैदान पर काशी सांसद खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का शनिवार को समापन हुआ। मुख्य अतिथि रोहनिया विधायक डा. सुनील पटेल तथा उप जिलाधिकारी सदर नितिन सिंह तथा खंड विकास अधिकारी राजेश यादव तथा खंड शिक्षा अधिकारी राम पूजन पटेल ने दीप प्रज्वलन किया ।प्रतियोगिता में काशी विद्यापीठ ब्लाक के 13 न्याय पंचायत के विजेता खिलाड़ियों ने योगासन , वालीबॉल ,चिनअप, पुशअप , ऊंची कूद , लंबी कूद , रस्सी कूद, कबड्डी, खो-खो इत्यादि में भाग लिया ।डा. सुनील पटेल ने विजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र देने के दौरान कहा कि करसड़ा के इस मिनी स्टेडियम के विकास के लिए हमने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को 5 करोड रुपए का प्रस्ताव दिया है ।जिससे क्षेत्र के खिलाड़ियों को खेलकूद में काफी सहूलियत होगी । इस अवसर पर मानस सिंह, राजकुमार वर्मा, गोविंद पटेल, श्याम बली पटेल , विनोद पटेल रहे।

सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती पर जनपद में आयोजित होगा "सरदार@150 यूनिटी मार्च"

प्रभारी मंत्री श्री बृजेश सिंह ने संबंधित विभागों के अधिकारियों संग की बैठक

गौतम बुद्ध नगर, 25 अक्टूबर 2025ः जनपद गौतमबुद्धनगर के प्रभारी मंत्री बृजेश सिंह ने आज शक्ति सदन गेस्ट हाउस, सेक्टर-38 नोएडा में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले "सरदार@150 यूनिटी मार्च" के सफल आयोजन हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की।

बैठक में माननीय प्रभारी मंत्री जी ने निर्देश दिए कि जनपद की तीनों तहसीलों में ह्यूनिटी मार्चह्व का भव्य आयोजन किया जाए। प्रत्येक तहसील में 8 किलोमीटर लंबे यूनिटी मार्च को चार खंडों में विभाजित करते हुए दो-दो किलोमीटर की दूरी वाले चार चरणों में आयोजित किया जाए, ताकि कक्षा 9 से कक्षा 12 तक के स्कूली बच्चों को किसी प्रकार की कठिनाई न हो। प्रत्येक दो किलोमीटर के पड़ाव पर विश्राम स्थल बनाया जाए, जहां सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर देश की एकता एवं अखंडता का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जा सके।

माननीय प्रभारी मंत्री जी ने यह भी निर्देश दिए कि यूनिटी मार्च के सभी मार्गों पर स्वच्छता, पेयजल, प्राथमिक चिकित्सा, शौचालय, पेयजल व्यवस्था, छाया स्थल आदि सभी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक तहसील के लिए एक-एक नोडल अधिकारी नामित किए जाएं जो आयोजन की सभी व्यवस्थाओं का स्थल निरीक्षण कर समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराएं।

प्रभारी मंत्री ने प्रधानमंत्री के निदेर्शानुसार लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि यूनिटी मार्च हेतु चिह्नित मार्गों का स्थलीय निरीक्षण कर सड़कों की मरम्मत, गड्ढा मुक्ति एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण की जाएं। इसके साथ ही नोएडा, ग्रेटर नोएडा एवं यमुना प्राधिकरण के संबंधित अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में मार्गों को दुरुस्त करने एवं साइन बोर्ड लगाने के निर्देश प्रदान किए गए।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी मेधा रूपम ने कहा कि "सरदार@150 यूनिटी मार्च" को भव्यता प्रदान करने के लिए शिक्षा विभाग के अधिकारी विद्यालयों में यूनिटी मार्च की थीम पर प्रेरक स्लोगन तैयार करवाएं। मार्च के दौरान पड़ने वाले स्मारकों, स्थलों एवं मार्गों का सौंदर्यीकरण कराया जाए ताकि जनपद की पहचान ह्यमेरा भारत दिव्य और भाव' के रूप में स्थापित हो।

प्रभारी मंत्री जी ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल जी के विचारों एवं देश की एकता, अखंडता और समरसता के भाव को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने के लिए यह आयोजन एक महत्वपूर्ण अवसर है। सभी विभाग परस्पर समन्वय स्थापित कर इस आयोजन को सफल बनाएं ताकि जनपद गौतमबुद्धनगर, प्रदेश में एकता और सौहार्द का उदाहरण प्रस्तुत कर सके।

इस अवसर पर विधायक जेवर धीरेंद्र सिंह, विधायक दादरी तेजपाल नागर, सांसद प्रतिनिधि संजय बाली, एमएलसी विधायक श्रीचंद शर्मा, जिलाध्यक्ष गौतमबुद्धनगर (भाजपा) अभिषेक शर्मा, जिलाध्यक्ष महानगर नोएडा (भाजपा) महेश चौहान, जिला पंचायत सदस्य देवा भाटी, नगर पालिका परिषद चेयरमैन प्रतिनिधि, अन्य जनप्रतिनिधियों सहित जॉइंट सीपी अजय कुमार, मुख्य विकास अधिकारी डॉ शिवाकांत द्विवेदी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नरेंद्र कुमार, डीसीपी रवि शंकर निम, डॉ प्रवीण रंजन सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट विवेक भदोरिया, उप जिलाधिकारी सदर आशुतोष गुप्ता, जिला विकास अधिकारी शिव प्रताप परमेश, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पवार, जिला समाज कल्याण अधिकारी सतीश कुमार, उपायुक्त उद्योग अनिल कुमार व संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

नोएडा। चार दिवसीय छठ महोत्सव का शुभारंभ, छठ घाट की तैयारी मे जुटे आयोजक

छठ घाटों की तैयारी जोरों पर, सुरक्षा और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की पूरी व्यवस्था

नोएडा समाज जागरण डेस्क

नोएडा। चार दिवसीय छठ महोत्सव का शुभारंभ 'नहाय-खाय' के साथ हो चुका है। महोत्सव के पहले दिन छठ व्रतियों ने नहाय-खाय कर इसकी शुरूआत की। यह प्रकृति और स्वच्छता का सुंदर संगम माना जाने वाला पावन पर्व है। नोएडा सहित पूरे देश में इस महोत्सव को मनाने की तैयारियाँ जोर-शोर से चल रही हैं।

नोएडा में हिंडन नदी के किनारे लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है, वहीं शहर के विभिन्न सेक्टरों और पार्कों में भी हजारों छठ व्रती भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित करेंगे।

विभिन्न सेक्टरों में छठ घाटों की तैयारी जोरों पर है। नोएडा सेक्टर-21ए स्टेडियम में लगभग 35 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के एकत्र होने की संभावना है। इसके लिए छठ घाट से लेकर सुरक्षा तक विशेष इंतजाम किए गए हैं। इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि छठ व्रतियों के लिए कपड़ा बदलने के कमरे (चेंजिंग रूम) की व्यवस्था की गई है, जैसा कि हर साल किया जाता है।

सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और ड्रोन से भी निगरानी रखी जाएगी। नोएडा पुलिस के अलावा स्वयंसेवक भी सेवा में रहेंगे ताकि किसी को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

शाम को अर्घ्य देने के बाद जो श्रद्धालु घर लौटने में असमर्थ हैं, उनके लिए ठहरने की भी व्यवस्था की गई है। साथ ही रातभर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सिलसिला भी जारी रहेगा। इसके अलावा समिति के द्वारा एक क्विंटल ठेकुआ की व्यवस्था है जो कि प्रसाद स्वरूप दिए जायेंगे।

नोएडा सेक्टर-45 में सोमबाजार के पास पार्क में छठ महोत्सव की तैयारियाँ जोरों पर

नोएडा सेक्टर-45 स्थित सोमबाजार के पास वाले पार्क में छठ महोत्सव मनाने की तैयारियाँ जोरों पर हैं। स्थानीय छठ पूजा समिति और क्षेत्रवासी मिलकर छठ व्रतियों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ कर रहे हैं। आयोजकों ने बताया कि छठ व्रतियों के लिए निशुल्क घाट की व्यवस्था की गई है ताकि कोई भी श्रद्धालु असुविधा महसूस न करे। पार्क क्षेत्र को साफ-सुथरा किया गया है और पूजा स्थल को सजा दिया गया है।

घाटों के आसपास केले के पेड़, फूल और पत्तियों से सुंदर सजावट की गई है, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय दिखाई दे रहा है। समिति की ओर से पानी, रोशनी और सफाई की व्यवस्था भी की जा रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि हर साल की तरह इस बार भी छठ महोत्सव यहां सामूहिक रूप से मनाया जाएगा, जहां व्रती भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित करेंगे और श्रद्धा-भक्ति का माहौल रहेगा।

पर्यावरण प्रदूषण का मामला पहुंचा केन्द्रीय उड्डयन मंत्री के दरबार में

समाज जागरण

लोनी, 25 अक्टूबरः लोनी तहसील के अंतर्गत ग्राम अगरोला के ग्रामीणों ने गाँव के निकट स्थित अजंता कम्पनी पर गंभीर पर्यावरण प्रदूषण फैलाने का आरोप लगाया है. संबंध में ग्रामवासी सतेन्द्र पुत्र भंवर सिंह ने केन्द्रीय उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मिलकर अपना शिकायती पत्र देकर पर्यावरण प्रदूषण फैला रही औधौगिक इकाईयों के विरुद्ध तत्काल कार्यवाही के लिए मांग की है।

सतेन्द्र के अनुसार, कम्पनी की बड़ी चिमनी से निरंतर काला धुआँ और जहरीली गैसें निकल रही हैं, जिससे पूरे गाँव का वातावरण दूषित हो चुका है. इस प्रदूषण के कारण गाँव के बच्चों, महिलाओं और वृद्धजनों में सांस की तकलीफ, आंखों में जलन, सिरदर्द, दमा और त्वचा रोग जैसी समस्याएँ तेजी से बढ़ रही हैं. सतेन्द्र ने अपने शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि कम्पनी द्वारा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के नियमों और फैक्ट्री एक्ट का पालन नहीं किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि स्थानीय अधिकारियों की मिलीभगत से केवल कागजो में औपचारिकताएँ पूरी कर ली जाती हैं, जबकि जमीनी स्तर पर प्रदूषण नियंत्रण के सम्बन्ध में कोई ठोस उपाय नहीं किए जाते हैं।

आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि यह स्थिति सार्वजनिक उपद्रव की श्रेणी में आती है और इसके विरुद्ध दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 133 तथा इठरर, 2023 की धारा 152 के अंतर्गत प्रशासन कार्यवाही कर सकता है.

ग्रामीणों ने मांग की है कि अजंता कम्पनी की चिमनी से निकलने वाले जहरीले धुएँ प्रातकाल प्रतिबंध लगाया जाए और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड व फैक्ट्री निरीक्षण विभाग द्वारा कम्पनी की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए. जब तक कम्पनी उचित प्रदूषण नियंत्रण उपाय नहीं करती, तब तक उसके संचालन पर रोक लगाई जाए.

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने जल्द कार्यवाही नहीं की, तो यह प्रदूषण आने वाले समय में न केवल स्वास्थ्य के लिए बल्कि फसलों, पेड़ों और भू-जल के लिए भी गंभीर खतरा बनने की बात को नकारा नहीं जा सकता।

नहाय-खाय के साथ चार दिवसीय छठ महापर्व हुआ शुरू

समाज जागरण डेस्क

नोएडा, 25 अक्टूबर 2025 अखिल भारत हिन्दू महासभा और अखिल भारतीय प्रवासी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ॰ मुन्ना कुमार शर्मा ने बताया कि सूयोर्पासना का महान छठ पर्व आज 'नहाय-खाय' के साथ शुरू हो गया। छठव्रतियों ने प्रातः अपने-अपने घड़ों की सफाई की और चावल, चना दाल व लौकी की सब्जी का प्रसाद तैयार किया।

सर्वप्रथम भगवान सूर्य और षष्ठी देवी की पूजा कर छठव्रतियों ने स्वयं प्रसाद ग्रहण किया और अपने परिवार के सदस्यों व पड़ोसियों में भी वितरित किया। आज की पूजा छठव्रतियों की पूर्ण शुद्धता और आस्था का प्रतीक है।

छठ महापर्व की आगामी विधियाँ इस प्रकार हैं:

26 अक्टूबर (कार्तिक शुक्ल पंचमी): छठव्रती खरना की पूजा करेंगी।

27 अक्टूबर (कार्तिक शुक्ल षष्ठी): सायंकाल अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को जल से अर्घ्य अर्पित किया जाएगा।

28 अक्टूबर (कार्तिक शुक्ल सप्तमी): प्रातःकाल उदीयमान भगवान सूर्य को दूध और जल से अर्घ्य दिया जाएगा। अर्घ्य और पूजा के उपरांत छठव्रतियों का 36 घंटे का निर्जला व्रत समाप्त होगा और चार दिवसीय महापर्व का समापन होगा।

नोएडा सेक्टर-75 के सेंट्रल पार्क में श्री सूर्यदेव पूजा समिति द्वारा भव्य श्री छठ पूजा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष डॉ॰ मुन्ना कुमार शर्मा ने बताया कि छठव्रतियों के अर्घ्य के लिए 60 फीट लंबा, 25 फीट चौड़ा और 4 फीट गहरा तालाब तैयार किया गया है। आज आयोजित समीक्षा बैठक में समिति के अध्यक्ष डॉ॰ मुन्ना कुमार शर्मा, महासचिव राजीव त्यागी, कोषाध्यक्ष प्रभात राय, सहकोषाध्यक्ष हरि प्रसाद, उपाध्यक्ष डॉ. शशांक शेखर, बसंत उपाध्याय, कैप्टन राकेश कुमार, मनीष यादव, हीरालाल यादव, निशांत कुमार, अनुराग श्रीवास्तव, अनमोल सिंह, सुनील अग्रवाल, अतुल जैन, शोभित सक्सेना, विनोद कुमार, रमाशंकर शर्मा, दुगार्दास शाह, संतोष कुमार, किरण कुमार आदि उपस्थित थे। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि सेक्टर-75 के सेंट्रल पार्क में छठ घाट पर अर्घ्य देने के लिए जल, प्रकाश, सफाई और अन्य सभी व्यवस्थाएँ पूरी तरह से की गई हैं।

सिंचाई विभाग की भूमि होगी कब्जा मुक्त, अधिकारियों ने कब्जाधारियों को दिया अल्टीमेटम

समाज जागरण

लोनी, 25 अक्टूबरः लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र के पीछे दिल्ली जाने वाले मार्ग पर स्थित गंगा बिहार कॉलोनी में शनिवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब सिंचाई विभाग, राजस्व विभाग और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम सरकारी भूमि की नापतौल के लिए मौके पर पहुंची. अधिकारियों को देख वहा वर्षों से सिंचाई विभाग की जमीन पर अवैध कब्जा जमाए बैठे लोगों में अफरा-तफरी मच गई।

फिर आपकी जानकारी के मुताबिक, सिंचाई विभाग की जमीन पर लंबे समय से रोड़ी, डस्ट और रेत का अवैध कारोबार धड़ल्ले से चल रहा था. मामले में लगातार मिल रही शिकायतों का संज्ञान लेते हुए विभागीय टीम जैसे ही शनिवार के दिन मौके पर पहुंची, वहा आसपास रहने वाले लोग बड़ी संख्या में एकत्र हो गए और बातचीत के दौरान उनकी अधिकारियों से तीखी नोकझोंक हुई।

मौके पर मौजूद कॉलोनीवासियों ने राजस्व विभाग और स्थानीय पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि विभागीय अधिकारी और पुलिसकर्मी अवैध कारोबारियों से मासिक वसूली करते हैं, जिसके चलते आजतक किसी भी कब्जा धारकों के खिलाफ कार्यवाही नहीं हुई. पुलिस ने केवल नोटिस देकर अपने कर्तव्यों की इति श्री कर ली।

लोगों ने बताया इस मामले कि जब-जब शिकायत की जाती है, विभागीय टीमें केवल औपचारिक जांच कर वापस लौट जाती हैं. शिकायतों के बावजूद अब तक किसी अवैध कब्जाधारी या कारोबारी पर ठोस कार्रवाई नहीं की गई. उनका आरोप है कि अधिकारियों की मिलीभगत के कारण ही यह गोरखधंधा दिन-रात फल फूल रहा है।

जमीन खाली करने को दिया तीन दिन का अल्टीमेटम

सिंचाई विभाग की ओर से जतिन कुमार अग्रवाल (जे.ई.), सलमान अहमद, एस.डी.ओ. वासु गुप्ता सींचपाल की टीम ने मौके पर पहुंचकर सरकारी भूमि का सीमांकन किया. टीम ने अवैध कब्जाधारियों को तीन दिन के भीतर जमीन खाली करने की चेतावनी देते हुए कहा कि निर्धारित समय के बाद कब्जा बरकरार रहने पर विभाग को जबरन कार्यवाही करनी होगी।

पुलिस के साथ लेखपालो पर भी लगे आरोप

मौके पर पहुंची टीम द्वारा नापतौल के दौरान मोहन शर्मा और सोहनबीर सिंह सहित कई लोगों ने स्थानीय लेखपाल अय्यूब खान और किरणपाल गौतम पर गंभीर आरोप लगाए. उनका कहना था कि लेखपालों को कई बार अवैध कब्जों और रेत कारोबार की शिकायत की गई, लेकिन हरबार उन्होंने केवल खानापूर्ति कर मामला रफा-दफा कर दिया। लोगों ने यह भी कहा कि पुलिसकर्मी मौके पर आकर केवल औपचारिकता निभाते हैं और असल में अवैध कारोबार को संरक्षण देते हैं. इस दौरान एसआई शिशुपाल सिंह, रविंद्र कुमार व राहुल चौहान, अंकुर कुमार पुलिस टीम के साथ उपस्थित रहे।

इस मौके पर कॉलोनीवासियों ने उच्चाधिकारियों से मांग करते हुए कहा कि इस मामले में संलिप्त उन सभी विभागीय कर्मचारियों और पुलिसकर्मियों के खिलाफ जांच कर सख्त कार्यवाही की जाए, जो अवैध कारोबारियों से सांठगांठ कर सरकारी जमीन पर कब्जे को बढ़ावा दे रहे हैं. मौके पर जमा लोगों ने एक स्वर में कहा कि यदि प्रशासन जल्द कार्रवाई नहीं करता, तो स्थानीय लोग आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे।

श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का द्वितीय दिन

समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह

फिरोजाबाद, नगर के पालीवाल हॉल में आयोजित श्रीमद भागवत कथा के द्वितीय दिन कथा व्यास भोलेश्वर दयाल दीक्षित ने व्यास पीठ से भागवत कथा का श्रवण भक्तजनों को कराया

उन्होंने कथा के दौरान बताया कि भगवान श्री कृष्ण से कुन्ती ने दुख मांगा जिससे कुन्ती प्रभु को हर पल याद कर सकें। शनिवार को श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का श्री रामचंद्र पालीवाल हाल ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ कथा व्यास श्री आचार्य भोलेश्वर दयाल दीक्षित ने आज सुखदेव जी व परिक्षित जन्म, श्री कपिल भगवान चरित्र, एवं धुव्र चरित्र का वर्णन किया जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण किया

मुख्य यजमान गिरधारी लाल मित्तल,मुकेश जिंदल, विवेक तौमर,अंकित अग्रवाल, सोहिल अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, अखिलेश अग्रवाल, हरिओम वर्मा पार्षद, प्रमोद राजौरिया पार्षद, मोहित अग्रवाल, अंकुर गर्ग, दुष्यंत तिवारी,विट्ठू जैन,दीपक मित्तल शिवओम अग्रवाल,संजय गोयल गौतम, अनिल अग्रवाल,किशन अग्रवाल,सूरज भारद्वाज, संदीप अग्रवाल,संजय जैन, मोहित मित्तल, राहुल पोरवाल, शशांक कुशवाहा, नरेन्द्र कुमार अग्रवाल, राहुल बंसल,अविन जैन उपस्थित रहे।

नहाए खाए के साथ शुरू हुआ चार दिवसीय महापर्व छठ पूजा

(लोनी के घाटों पर दिखा भक्ति और श्रद्धा का रमणीय संगम)

समाज जागरण

लोनी, 25 अक्टूबरः अनुशास, पवित्रता और लोक आस्था का प्रतीक चार दिवसीय महापर्व छठ पूजा शनिवार को नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया. इस धार्मिक मौके पर लोनी क्षेत्र के विभिन्न स्थानों के साथ-साथ यमुना तट पर बने अस्थाई घाटों पर एकत्रित श्रद्धालु ने बड़े उत्साह और भक्ति के साथ इस पर्व का शुभारंभ किया. श्रद्धालुओं ने घाटों पर स्नान कर भगवान सूर्य की पूजा करी. और इस तरह नहाए खाए के साथ महापर्व आरंभ हुआ. सुबह से ही व्रती महिलाओं और पुरुषों ने यमुना नदी, तालाबों और स्थाई व अस्थाई रूप से बने घाट पर स्नान के बाद सूर्य देव की पूजा-अर्चना करते हुए अपने पवित्र उपवास की शुरूआत करी. और इस तरह क्षेत्र के समस्त घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई।

इस दौरान कुछ बुजुर्ग महिला व पुरुष वृत्तियों से छठ पूजा माह पर्व के बारे में जानकारी की गई तो, उन्होंने बताया हुई कि नहाय-खाय छठ पर्व का पहला और पवित्र चरण है. यह दिन अत्यंत पवित्र माना जाता है. यह चरण इस बात का प्रतीक है कि भक्त अब सांसारिक जीवन को पूरी तरह से त्याग कर भक्ति और अनुशासन के मार्ग पर चल पड़े हैं. इस दिन, भक्त नदी या तालाब में स्नान करके अपने शरीर को शुद्ध करते हैं और कद्दू भात और चने की दाल का सात्विक भोजन ग्रहण करते हैं. ऐसा माना जाता है कि यह भोजन तन और मन दोनों को शुद्ध करता है.

उन्होंने जानकारी देते हुए यह भी बताया कि छठ पूजा अनुष्ठान का पहला दिन शनिवार, 25 अक्टूबर-नहाय-खाय, दूसरा दिन रविवार, 26 अक्टूबर-खरना (व्रती दिन भर निर्जला व्रत रखते हैं और शाम को गुड़-चावल की खीर, रोटी और केले का प्रसाद ग्रहण करते हैं) तीसरा दिन सोमवार, 27 अक्टूबर-डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर परिवार और समाज की सुख-समृद्धि की कामना की जाती है, चौथा दिन मंगलवार, 28 अक्टूबर-उगते सूर्य को अर्घ्य-(सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देकर उपवास का समापन किया जाता है) वही शास्त्रोंनुसार, कार्तिक मास में सूर्य अपनी नीच राशि में होता है, इसलिए सूर्यदेव की विशेष उपासना की जाती है. वहीं छठी मैया को संतान, समृद्धि और परिवार की रक्षा करने वाली देवी माना जाता है।

छठ पूजा समिति द्वारा हनुमान मन्दिर पर होगा कार्यक्रम का आयोजन !

समाज जागरण

फिरोजाबाद! छठ पूजा समिति द्वारा यमुना नदी किनारे हनुमान मंदिर के समीप 27 अक्टूबर को किया जायेगा पूजा कार्यक्रम का आयोजन प्रेस वार्ता कर दी जानकारी

शुक्रवार को छठ पूजा समिति द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें समिति के द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि यह पर्व हम लोगो के लिये सब त्यौहारों से भी महत्वपूर्ण है। इस पर्व का आयोजन का शुभारम्भ आज दिन शनिबार दिनाँक 25 अक्टूबर से हो गया है। जिसमे घर की महिलाओं द्वारा व्रत रखकर छठी मैय्या की पूजा अर्चना की जायेगी। यह व्रत महिलाये अपने पति एवं बच्चो की खुशहाली बनाये रखने के लिये रखती है। और उसके अगले दिन यमुना घाट पर जाकर डूबते हुए सूरज को अर्क देकर अपने परिवार के लिये छठ माता से प्रार्थना करती है।

इस पूजा पर घर मे गाय के गोबर से छठ मैया की स्थापना कर देशी घी से बनाये हुए पकवानों के द्वारा उनका भोग लगाते है। और सुबह उगते हुए सूर्य की पूजा कर छठ माता को भोग ग्रहण करवा कर प्रसाद के रूप में अपने परिजनों में वितरण करते है।

इस अवसर पर रामेश्वर सिंह (अध्यक्ष) ,कान्ती देवी(उपाध्यक्ष), नवल किशोर, सतेन्द्र पाठक, सीमा देवी, मनोज तिवारी, सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

पुलिस ने जुआ खेलते तीन अभियुक्त पकड़े, नगदी बरामद

समाज जागरण फिरोजाबाद। थाना नगला सिंघी पुलिस टीम ने 03 अभियुक्तों को जुआ खेलते गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्तों के पास से नगदी तथा ताश की गड्डी बरामद की है। थानाध्यक्ष पारूल मिश्रा थाना नगला सिंघी ने पुलिस बल के साथ चैकिंग के दौरान जुआ खेलते तीन अभियुक्तों को पकड़ा है। पुलिस को उनके बारे में पता चला था।

पुलिस ने उनको गदलपुरा तिराहा से 10 कदम दुरी पर बने पक्के कमरे के पीछे गिट्टी की आड में हेलोजन लाइट की रोशनी में खुली जगह से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े अभियुक्तों के नाम डोमर सिंह पुत्र रेवतीराम, प्रताप सिंह पुत्र चरन सिंह निवासी ग्राम रसूलाबाद कालोनी, विजयपाल पुत्र जगराम सिंह निवासी ग्राम गदलपुरा थाना नगला सिंघी बताए है। पुलिस ने वहा मालफड़ से 6650 रुपये व जामातलाशी 1280 रुपए व 52 अदद ताश पत्ते बरामद किए है। पुलिस ने कुल 7930 रुपए बरामद किए। पकड़े गए अभियुक्तों के खिलाफ पुलिस ने धारा 13 जी एक्ट (जुआ) अधिनियम के तहत कार्यवाही की है। पुलिस ने उनको जेल भेजा है।

गंजडुंडवारा में डग्गामार बसों पर सीओ की बड़ी कार्रवाई, 50,000 का जुमार्ना – जाम लगाने वालों में मचा हड़कंप

समाज जागरण

कासगंजः केगंजडुंडवारा, कस्बा में शनिवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब क्षेत्राधिकारी पटियाली संदीप वर्मा ने अचानक निरीक्षण कर जाम लगा रही डग्गामार बसों पर बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान दो बसों को नियमों के उल्लंघन में पकड़ा गया और दोनों पर कुल 50,000 का चालान लगाया गया।

जानकारी के अनुसार, क्षेत्राधिकारी संदीप वर्मा सुबह भ्रमण के दौरान कस्बे के बान मंडी तिराहे पर पहुंचे, जहां पर निजी बस संचालकों द्वारा सवारियां बिठाने के लिए सड़क पर वाहनों को खड़ा कर दिया गया था। इससे मार्ग पर लंबा जाम लग गया और आमजन को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था।

स्थिति देख सीओ पटियाली ने मौके पर ही दोनों बसों को रुकवाया और उनके कागजात चेक कर कुल 50000 का जुमार्ना लगाया। साथ ही चेतावनी दी कि यदि भविष्य में किसी वाहन संचालक द्वारा इसी तरह सड़क जाम किया गया या बिना परमिट सवारियां ढोई गईं तो कठोर कार्रवाई की जाएगी।

कार्रवाई की सूचना मिलते ही कस्बे के अन्य बस और टैक्सी संचालकों में हड़कंप मच गया। कई वाहन चालक तुरंत अपने वाहन लेकर मार्ग से हट गए।

क्षेत्राधिकारी संदीप वर्मा ने बताया कि कस्बे में अक्सर डग्गामार बसों की वजह से जाम की स्थिति बन जाती है। यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए नियमित चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है और यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

मिशन शक्ति 5.0 के तहत महिलाओं की सुरक्षा व सड़क सुरक्षा के लिए चला विशेष अभियान, 122 चालान किए गए

कासगंज समाज जागरण डेस्क

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु संचालित "मिशन शक्ति फेज-5.0" के अंतर्गत जनपद कासगंज में विशेष अभियान चलाया गया।

शनिवार, 25 अक्टूबर 2025 को पुलिस अधीक्षक कासगंज डॉ. अंकिता शर्मा के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार के पर्यवेक्षण में यातायात पुलिस टीम ने महिलाओं की सुरक्षा और सड़क सुरक्षा नियमों के पालन को लेकर सघन चेकिंग अभियान चलाया।

अभियान के दौरान यातायात नियमों के उल्लंघन पर कुल 122 चालान किए गए। पुलिस टीम ने दोपहिया और चारपहिया वाहनों की जांच करते हुए चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया और महिला यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल दिया। अभियान के दौरान पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मिशन शक्ति 5.0 का मुख्य उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना और समाज में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इसी क्रम में शहर के प्रमुख चौराहों, बाजारों और विद्यालयों के आसपास विशेष चेकिंग की गई।

आंगनवाड़ी केंद्र नया वास कुतुकपुर बाजिदपुर में लापरवाही उजागर

महीनों बाद मिला सड़ा-गला राशन, महिलाओं ने जताया आक्रोश

समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह

फिरोजाबाद ! थाना लाइनपार क्षेत्र के अंतर्गत स्थित आंगनवाड़ी केंद्र नया वास कुतुकपुर बाजिदपुर में भारी लापरवाही का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि पिछले 8 से 10 महीनों से बाल विकास योजना के तहत मिलने वाला पोषण राशन गांव के पात्र लाभार्थियों को नहीं मिल पा रहा था।

ग्रामीणों द्वारा लागातार शिकायत करने के बाद जब हाल ही में आंगनवाड़ी केंद्र से राशन वितरण कराया गया, तो ग्रामीणों का आक्रोश और बढ़ गया। महिलाओं ने बताया कि आंगनवाड़ी सहायिका गुड्डी देवी द्वारा वितरित किया गया राशन खाने योग्य नहीं था। राशन की स्थिति देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा था कि वह सालों से बंद रखा गया और पूरी तरह खराब हो चुका था। गांव की गर्भवती महिलाओं और बच्चों के लिए भेजा गया यह राशन बदबूदार और गंदा था, जिसे देखकर कई लाभार्थियों ने उसे लेने से इंकार कर दिया। महिलाओं ने आरोप लगाया कि यह सीधी आंगनवाड़ी विभाग और स्थानीय कार्यकताओं की लापरवाही का परिणाम है।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस मामले की जांच कर दोषी कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में इस तरह की अनदेखी दोबारा न हो सके।

सहावर में चोरों का आतंक, एक ही रात में दो घरों से नगदी और जेवरात समेत दस लाख की चोरी को दिया अंजाम

समाज जागरण

सहावर। थाना क्षेत्र के गांव नगला सामंती में चोरों ने एक ही रात में दो घरों को निशाना बनाकर लाखों रुपये की नकदी और सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। अलमारी और संदूक के ताले तोड़कर की गई इन वारदातों से पूरे गांव में दहशत फैल गई है। ग्रामीणों ने पुलिस गश्त न होने पर नाराजगी जताई है। शुक्रवार की रात गांव नगला सामंती निवासी पुरन सिंह अपने स्वजन के साथ घर की छत में सो रहे थे। इसी दौरान देर रात चोर उनके दरवाजे का ताला तोड़कर उनके घर में दाखिल हो गए। चोरों ने कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखी करीब 3 लाख की नकदी और सोने-चांदी के जेवरात उड़ा लिए। चोरी हुए जेवरों में दो जोड़ी चैन, दो जोड़ी पायल, दो जोड़ी गुच्छा, दो जोड़ी बेसर, दो जोड़ी कुंडल, शामिल हैं। सुबह करीब चार बजे पुरन सिंह उठे तो घटना का पता चला। कमरे का सामान बिखरा देख उनके होश उड़ गए। पूरन सिंह ने बताया कि उसके दो साल मेहनत के तंबाकू की खेती के तीन लाख रुपए थे। नकदी ब जेवरात को मिलकर 7 लाख रुपए की चोरी हुई है। इसी गांव की भगवान देवी के घर पर भी उसी रात चोरी की वारदात हुई। सुबह जब वह उठे तो कमरे में सैफ अलमारी खुला देख उन्हें शक हुआ। अंदर जाकर देखा तो अलमारी का ताला टूटा हुआ था। और नकदी ब जेवरात गायब थे। उन्होंने बताया कि लगभग उनके घर से तीन लाख की चोरी हुई है। लगातार दो घरों में चोरी की वारदात से गांव में खलबली मच गई। पीड़ितों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ब फॉरेंसिक टीम ने दोनों पीड़ित परिवारों से जानकारी लेकर जांच शुरू कर दी। हालांकि, अभी तक चोरों का कोई सुराग नहीं लग पाया है। पीड़ितों ने लगभग दस लाख रुपये का नुकसान बताया है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में कई महीनों से पुलिस गश्त नहीं हो रही है। यही वजह है कि चोर बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। सीओ शाहिदा नसरीन ने बताया कि घटनाओं की जानकारी है। पुलिस मौके पर पहुंची थी। जांच की जा रही है।

किसान यूनियन की बैठक, डीएपी खाद की किल्लत को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

एटा। तहसील सदर परिसर में ऑल इंडिया किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैलाश लोधी के निर्देशन में शनिवार दोपहर को युवा मंडल के जिला अध्यक्ष मनोहर सिंह लोधी के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में दर्जनों कार्यकताओं और पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान किसानों ने डीएपी खाद की गंभीर किल्लत को लेकर अपनी नाराजगी जताई। किसानों का कहना था कि रबी फसल की बुवाई के लिए डीएपी खाद की भारी आवश्यकता है, लेकिन बाजार में इसकी कमी के कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

किसान नेताओं ने एसडीएम को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें डीएपी खाद की आपूर्ति में तेजी लाने की मांग की गई। किसानों का कहना था कि यदि शीघ्र खाद की आपूर्ति नहीं हुई तो उनका काम प्रभावित हो सकता है। इस ज्ञापन के बाद अधिकारियों ने समस्या को शीघ्र सुलझाने का आश्वासन दिया।

भाजपा की कार्यशाला में लौह पुरुष पटेल के जयंती समारोह पर चर्चा

सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष में होगा कार्यक्रम, प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रदेश मन्त्री ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ की बैठक

समाज जागरण

कासगंज। लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयन्ती समारोह को लेकर शनिवार को भाजपा जिला कार्यालय पर कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला में अतिथियों के रूप में उपस्थित पार्टी के प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों ने समारोह के बारे में जानकारी दी। साथ ही पार्टी हाईकमान की ओर से निर्धारित किए गए आगामी कार्यक्रमों के बारे में भी बताया।

कार्यशाला के शुभारंभ की औपचारिकताएं मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रज बहादुर भारद्वाज, प्रदेश मन्त्री पूनम बजाज ने संयुक्त रूप से पंडित दीन दयाल उपाध्याय श्यामप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण करके पूरी कीं। विशिष्ट अतिथि एमएलसी रजनीकांत माहेश्वरी रहे। कार्यशाला की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा ने की। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रज बहादुर भारद्वाज ने कहा कि लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की विशाल प्रतिमा का निर्माण भाजपा सरकार ने कराया है। रन फॉर यूनिटी समेत अन्य कार्यक्रम 31 अक्तूबर से शुरू होंगे। प्रत्येक बूथ पर सरदार पटेल के योगदान व विचारों को साझा किया जाएगा। प्रदेश मन्त्री पूनम बजाज ने आगामी सभी कार्यक्रमों को सफल बनाने की अपील की।

एमएलसी रजनीकांत माहेश्वरी ने कहा कि सरदार बल्लभभाई पटेल की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में एकता, देशभक्ति और कर्तव्य भावना को जागृत करना है। भाजपा जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा ने कहा कि 31 अक्तूबर को भारतीय जनता पार्टी एक रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम करेगी। कार्यशाला में मंचासीन डा. ज्ञान प्रकश गुप्ता, निवर्तमान जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी, जिला पंचायत अध्यक्ष रत्नेश कश्यप, अमांपुर विधायक हरिओम वर्मा, राजवीर सिंह भल्ला, हीरा लाल कश्यप, संजय सोलंकी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। बैठक के बाद प्रांतीय पदाधिकारियों ने पत्रकारों से भी बातचीत की और पार्टी के आगामी कार्यक्रमों से अवगत कराया। इस दौरान केत सिंह वर्मा, गौरीशंकर शर्मा, महेंद्र सिंह राणा, अनिल पुंधीर, डॉ बॉडी राणा, रामेश्वर दयाल महेरे, शिव कुमार भारद्वाज, सुरेश माहेश्वरी, रामनिवास राजपूत, अनुरोध प्रताप सिंह, कृष्णकांत वशिष्ठ, शरद गुप्ता, केपी सिंह, रानू वर्मा, डॉ योगेंद्र चौहान, रविंद्र लोधी, जय सिंह वर्मा, जितेन्द्र बघेल, विष्णुदेव पाठक, रविंद्र ब्रह्मचारी, प्रदीप वर्मा, डॉ सांत्वना पाराशर, डॉ खूब सिंह, डीएस लोधी,कुलदीप प्रतिहार, मयंक अग्रवाल, आदित्य काकोरिया, प्रतीक माहेश्वरी,शिवप्रताप सोलंकी, जिला मीडिया प्रभारी केके सक्सेना मौजूद रहे।

जनपद मे डीएपी का पर्याप्त स्टाकः देवेंद्र कुमार सिंह

केवल बीपैक्स सदस्यो को मिलेगी सहकारी समिति से खाद।

समाज जागरण

वाराणसी। सोनभद्र जनपद मे सभी सहकारी समितियो , सहकारी संघो और क्रयविक्रय केन्द्रो पर पर्याप्त डीएपी उपलब्ध है। यह जानकारी देते हुए सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सोनभद्र देवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि सभी सहकारी समितियो/ संस्थाओ पर पाँच पाँच सौ बोरी डीएपी भेज दी गई है। इसके अतिरिक्त सभी केन्द्रो पर पहले से भी यूरिया और डीएपी (तरल और दानेदार)उपलब्ध है। सहायक आयुक्त ने कहा कि केवल सहकारी समिति के सदस्य ही सहकारी समितियो और नगद उर्वरक बिक्री करने वाले सहकारी विक्रय केन्द्रो से खाद प्राप्त कर सकेंगे।इस्के अतिरिक्त जिन कृषको ने फार्मर रजिस्टरी कराई है उन्हे भी नगद उर्वरक दी जाएगी ।इसके अलावा शेष किसानो को सहकारी समितियो से खाद नही प्राप्त होगी।इसलिए जो भी किसान सहकारी समितियो के सदस्य न बने हो , वे शीघ्र ही अपनी निकटतम समिति के सचिव से मिलकर 226 रूपए जमा करके समिति के सदस्य बन जाएँ।

सहायक आयुक्त देवेंद्र सिंह ने कहा कि नगद डीएपी और यूरिया केवल जोत बही तथा आधार कार्ड पर ही दी जाएगी।क्रेता को अपना मोबाइल नंबर भी उपलब्ध कराना होगा।इन दस्तावेजो पर ही अनुमन्य मात्रा मे समिति द्वारा खाद दी जाएगी। सहायक आयुक्त ने कहा खाद के संबंध मे किसी भी प्रकार की शिकायत विभागीय अधिकारियो से करें अथवा कंट्रोल रूम को अवगत करायें।

अज्ञात बुजुर्ग महिला की इलाज के दौरान मौत

एटा। कोतवाली नगर थाना क्षेत्र में एक अज्ञात बुजुर्ग महिला की शुक्रवार की रात मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मौत हो गई। महिला को सुबह करीब 9 बजे बस स्टैंड के पास अर्ध बेहोशी की हालत में पाया गया था। स्थानीय लोगों ने उसे देखकर एंबुलेंस को सूचना दी, जिसके बाद उसे तत्काल मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया।

लगभग 70 वर्षीय यह महिला उपचार के दौरान बेहोश रही, और शुक्रवार की रात उसकी मौत हो गई। मेडिकल स्टाफ ने घटना की जानकारी कोतवाली नगर पुलिस को दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अब पुलिस महिला की पहचान करने की कोशिश कर रही है। इस मामले में किसी तरह की साजिश या अन्य कारणों की जांच भी की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच जारी है, और वे महिला की पहचान के लिए स्थानीय रिकॉर्ड की जांच कर रहे हैं।

हाइवे पर पंथ प्रकाश और जल निकसी की मांग

समाज जागरण

कांधला। एलम नगर पंचायत की अध्यक्ष ने राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या एनएच-709 बी के प्रबंधक को पत्र लिखकर एलम बाईपास पर पथ प्रकाश व्यवस्था एवं जल निकासी की समुचित व्यवस्था कराने की मांग की है। इस संबंध में नगर पंचायत अध्यक्ष ने विभाग को पत्र भी भेजा है।

कस्बा एलम नगर पंचायत की अध्यक्ष रीना पवार ने अपने पत्र में बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग-709 बी कस्बा एलम के आबादी क्षेत्र के निकट से होकर गुजरता है। राजमार्ग के दोनों ओर एलम लिंक मार्ग जुड़ा हुआ है, साथ ही ग्राम नाला को जाने वाला रास्ता भी बाईपास से होकर गुजरता है। बाईपास के आसपास कई आवासीय भवन स्थित हैं, जहां अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं। उन्होंने कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से बाईपास पर सड़क प्रकाश (स्ट्रीट लाइटें) लगवाना अत्यंत आवश्यक है। इसके साथ ही जलभराव की समस्या को देखते हुए, ग्राम नाला मार्ग से बाईपास तक पूर्वी दिशा में जल निकासी के लिए नाले का निर्माण कराना भी जरूरी है। अध्यक्ष ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्रबंधन से अनुरोध किया है कि इन तथ्यों को ध्यान में रखते हुए एलम बाईपास पर प्रकाश व्यवस्था तथा जल निकासी हेतु नाले के निर्माण की कार्रवाई शीघ्र कराई जाए।

एनएच-709बी पर गड्ढों से बढ़ा हादसों का खतरा, मरम्मत की मांग तेज

समाज जागरण

कांधला, एलम नगर पंचायत की अध्यक्ष रीना पवार ने परिवहन मंत्री भारत सरकार को लिखे पत्र में अवगत कराया की एलम से लोनी व एलम से शामली तक राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 709बी तथा एलम टाउन बाईपास पर जगह-जगह बड़े गड्ढे हो जाने से आए दिन सड़क दुर्घटनाएँ हो रही हैं। स्थानीय लोगों ने सड़क की खराब स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि टोल टैक्स वसूले जाने के बावजूद मरम्मत कार्य नहीं कराया जा रहा है। नागरिकों ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री से अनुरोध किया है कि सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए राजमार्ग की तत्काल मरम्मत कराई जाए, ताकि हादसों पर रोक लग सके और यात्री सुरक्षित यात्रा कर सकें।

बहजोई पुलिस परिवार परामर्श केंद्र की बैठक में 37 विवादों का निस्तारण, 9 परिवारों में कराई गई सुलह

समाज जागरण

बहजोई।पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई की देखरेख में चलाए जा रहे पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की एक मीटिंग सेल प्रभारी

डा. रुकम पाल सिंह की देखरेख में पुलिस लाइन मंडी समिति बहजोई में संपन्न हुई जिसमें पति-पत्नी के मध्य हुए आपसी विवादों को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास काउंसलरो द्वारा किया गया जहां कुल 152 पत्रावली सुनकर 37 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया तो वहीं 9 परिवारों को मिलाया गया तथा 5 पत्रावलियों में विधिक कार्यवाही करने तथा 23 पत्रावली न्यायालय में विचाराधीन होने अथवा आवेदक द्वारा बल न देने के कारण बंद करने की संतुति की गई इस अवसर पर काउंसलर अखिलेश अग्रवाल विधिक परामर्शदाता काउंसलर लव मोहन वार्ष्णेय एडवोकेट श्वेता गुप्ता कंचन महेश्वरी कांस्टेबल शहजाद मलिक रश्मि गहलोत ज्योति रुचि आदि लोग उपस्थित रहे।

ई रिक्शा और बाइक की आमने-सामने की टक्कर

समाज जागरण

कांधला। कस्बे के मुख्य बस स्टैंड पर उस समय अफरा-तफरी मच गई जब तेज रफ्तार ई-रिक्शा ने एक बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल 108 एंबुलेंस की सहायता से घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांधला पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर बताते हुए प्राथमिक उपचार शुरू कर दिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ई-रिक्शा अत्यधिक गति में था और चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिसके चलते यह हादसा हुआ। बताया जा रहा है कि रिक्शा चालक नाबालिग था, जो बिना किसी ड्राइविंग प्रशिक्षण के वाहन चला रहा था।

स्थानीय लोगों का कहना है कि कस्बे में नाबालिग बच्चों द्वारा ई-रिक्शा चलाने का चलन आम हो गया है। सुबह से लेकर देर रात तक सड़कों पर छोटे-छोटे बच्चे ई-रिक्शा दौड़ाते नजर आते हैं। इनकी लापरवाही और अनुभवहीनता के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

क्षेत्रवासियों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि नाबालिग चालकों के खिलाफ अभियान चलाया जाए और ई-रिक्शा चालकों के लाइसेंस एवं उम्र की सख्त जांच की जाए, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों पर रोक लग सके। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई, तो किसी भी दिन कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) कुलदीप कुमार ने थाना असमोली का किया औचक निरीक्षण

अभिलेखों, मालखाना, हवालात और महिला हेल्प डेस्क का बारीकी से परीक्षण – बेहतर व्यवस्था के दिए निर्देश

समाज जागरण

सम्भल। पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) कुलदीप कुमार ने शनिवार को थाना असमोली का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान एएसपी ने थाने के अभिलेखों, मालखाना, हवालात, शस्त्रागार, सीसीटीएनएस कक्ष एवं महिला हेल्प डेस्क का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने थाना परिसर की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था तथा पुलिसकर्मियों की कार्यप्रणाली का भी बारीकी से परीक्षण किया।

अपर पुलिस अधीक्षक ने मौके पर मौजूद पुलिस बल को कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, पीड़ितों के प्रति संवेदनशील व्यवहार अपनाने, तथा लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ह्लजनता से जुड़ी प्रत्येक शिकायत पर तत्काल और पारदर्शी कार्रवाई होनी चाहिए।

इसके साथ ही एएसपी कुलदीप कुमार ने महिला हेल्प डेस्क की सक्रियता, मिशन शक्ति अभियान, जनसुनवाई व्यवस्था एवं थाना परिसर की समग्र व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए भी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। दौरान क्षेत्र अधिकारी असमोली कुलदीप कुमार थाना प्रभारी असमोली राजीव मलिक व समस्त पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

उन्होंने यह भी कहा कि थाने को जनता के विश्वास का केंद्र बनाना ही पुलिस की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।

नगर में एंटी रोमियो टी ने मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को किया जागरूक

समाज जागरण मुस्कान खान

जनपद बिजनौर नजीबाबाद नगर में एंटी रोमियो टी ने मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक किया, जिसका उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को आत्मनिर्भर, सशक्त और सुरक्षित बनाना है।

नगर में एंटी रोमियो टीम ने महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मनिर्भर, सशक्त और सुरक्षित हेतु जागरूक किया गया। इस अवसर पर महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा और स्वावलंबन का सशक्त संदेश दिया गया। मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत चल रही विभिन्न सरकारी योजनाओं महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला पुलिस हेल्पलाइन 112, आश्रय गृह 1076, तथा साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी दी। महिलाओं एवं बालिकाओं को इन नंबरों के प्रयोग की जानकारी देते हुए बताया कि 'सुरक्षा और सहायता के ये नंबर प्रत्येक महिला और बालिका के मोबाइल में सुरक्षित होने चाहिए। और यह भी कहा कि मिशन शक्ति का लक्ष्य केवल सुरक्षा नहीं बल्कि महिलाओं के सम्मान, आत्मनिर्भरता और समान अवसरों की दिशा में ठोस परिवर्तन लाना है। इस पहल से महिलाओं और बालिकाओं में सुरक्षा और आत्मविश्वास की भावना बढ़ेगी, जिससे वे अपने जीवन को बेहतर ढंग से जीने में सक्षम हो सकेंगी।

बाईपास निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीण में की पंचायत

समाज जागरण

कांधला। खंड विकास क्षेत्र के गांव किवाना में ग्रामीणों ने बाईपास मार्ग निर्माण की मांग को पंचायत का आयोजन किया। ग्रामीणों ने समस्या को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देते हुए समस्या के समाधान कराए जाने की मांग की।

गांव किवाना में भारी यातायात और दुर्घटनाओं की बढ़ती समस्या से त्रस्त ग्रामीणों ने शनिवार को एक बड़ी पंचायत बुलाई। पंचायत में शामली-लॉक संपर्क मार्ग से जोड़ने वाले किवाना बाईपास के निर्माण की जोरदार मांग उठी। ग्रामीणों ने पंचायत में बताया कि किवाना गांव लगभग 50 आसपास के गांवों का प्रमुख संपर्क केंद्र है। यहां ईंट-भट्ठों की व्यस्त मंडी होने से रोजाना सैकड़ों भारी वाहन गुजरते हैं, जिससे सड़क पर जाम और खतरा आम हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि मार्ग के दोनों ओर 10-12 फीट गहरी खाइयां बनी हुई हैं, जो दुर्घटनाओं को न्योता दे रही हैं। विशेष रूप से कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं को सड़क पार करने में जान का खतरा बना रहता है। पंचायत में सैकड़ों ग्रामीणों ने एकजुट होकर सड़क के चौड़ीकरण के साथ बाईपास निर्माण की मांग दोहराई। एक ग्रामीण ने कहा कि यह समस्या वर्षों पुरानी है। बिना बाईपास के गांव का विकास रुक गया है। कई बार ग्रामीणों के द्वारा इस संबंध में पुरजोर तरीके से आवाज उठाई गई। समय बीतने के साथ भी उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया। ग्रामीणों ने पत्र में स्पष्ट किया है कि बाईपास न बनने से न केवल स्थानीय अर्थव्यवस्था प्रभावित हो रही है, बल्कि छात्राओं और बुजुर्गों की सुरक्षा भी खतरे में है। जिला प्रशासन से भी तत्काल हस्तक्षेप की मांग की गई है। पंचायत में ग्राम प्रधान सुधीर मलिक, सौरभ चौधरी, गौरव मलिक, बिजेंद्र मलिक, डॉ विनोद मलिक, बृजपाल मलिक, सुधीर प्रधान ,गुलाब मलिक पंकज प्रधान,सहित प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मुगलपुरा पुलिस का चौकस अभियान — चार वांछित वारंटियों पर बड़ी कार्रवाई

समाज जागरण

मुरादाबाद। मुगलपुरा पुलिस ने कानून के प्रति अपनी निष्ठा और तत्परता का शानदार उदाहरण पेश किया है। न्यायालय में हाजिर न होने वाले चार वांछित वारंटियों को चौकी प्रभारी लालबाग रकओम शुक्ला की कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम ने दबिश अभियान के दौरान गिरफ्तार कर कानून का सख्त संदेश दिया।

25 अक्टूबर 2025 की रात्रि को टीम ने वारंटियों को दबोचने के लिए रणनीति के तहत कार्रवाई की और सफलतापूर्वक चारों आरोपियों को हिरासत में लिया।

पुलिस ने सभी आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश किया, जहां से चारों को सख्त सुरक्षा व्यवस्था के साथ जिला जेल भेजा गया।

इस कार्रवाई के बाद स्थानीय लोग पुलिस की तेज कार्रवाई और कानून के प्रति कड़े रुख की जमकर सराहना कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, मुगलपुरा पुलिस लगातार अपराधियों के खिलाफ न केवल अभियान चला रही है, बल्कि आम लोगों की सुरक्षा और शांति बनाए रखने में भी कोई कसर नहीं छोड़ रही है।

पुलिस की यह सक्रियता और अनुशासन कानून का सशक्त प्रतीक है, और इससे अपराधियों में डर का माहौल बना है।

जिलाधिकारी के निर्देशन में बहजोई में पर्यावरण, वृक्षारोपण एवं गंगा संरक्षण को लेकर बैठक आयोजित

समाज जागरण

बहजोई/संभल। विकास खण्ड रजपुरा के ग्राम सिसौना डांडा में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया के निर्देशन एवं अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा की अध्यक्षता में जिला पर्यावरणीय समिति/ जिला वृक्षारोपण समिति एवं जिला गंगा समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

ठोस अपशिष्ट एवं प्लास्टिक अपशिष्ट के संबंध में चर्चा की गयी। प्लास्टिक के प्रयोग की रोकथाम के लिए क्या कार्य किए जा रहें हैं उसकी जानकारी प्राप्त की गयी तथा समस्त खण्ड विकास अधिकारियों एवं समस्त अधिशासी अधिकारियों नगर पालिका एवं नगर पंचायत को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने अपने क्षेत्रों में इस पर कार्य करें तथा लोगों को जागरूक करें।बायो मैडीकल वेस्ट के निस्तारण के संबंध में भी चर्चा की गयी। स्वास्थ्य विभाग एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से संबंधित अधिकारी इस पर मिलकर कार्य करें।

वृक्षारोपण को लेकर चर्चा की गयी। जियो टैग को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।प्रभागीय वनाधिकारी ने कहा कि जो भी पौधे सूख गये हैं उनको हटाकर अन्य पौधे लगाये जाएं। उन्होंने ग्रीन चौपाल के विषय में बताते हुए कहा कि प्रत्येक माह के तीसरे शुक्रवार को ग्रीन चौपाल का आयोजन किया जाता है इसमें ग्राम प्रधान अध्यक्ष होते हैं।प्रभागीय वनाधिकारी ने कहा कि ग्राम सचिव भी ग्रीन चौपाल में रहें।ओडीएफ एवं ओडीएफ प्लस पर चर्चा की गयी। घाटों के रखरखाव को लेकर चर्चा की गयी। घाटों की साफ सफाई को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अर्थ गंगा के अन्तर्गत सम्भल कल्कि जैविक उत्पाद को लेकर चर्चा की गयी संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उप निदेशक कृषि द्वारा जैविक खेती तथा प्राकृतिक खेती को लेकर जानकारी दी। पूर्व जिलाध्यक्ष ओमवीर सिंह खड़गवंशी ने कहा कि राजघाट पर साफ सफाई की व्यवस्था रहे। अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा ने कहा कि गंगा किनारे गंगा टूरिज्म को लेकर प्लान तैयार किया जाए। गंगा नदी के आसपास विदेशी पक्षी आते हैं तथा रामसर वैटलैण्ड भी है। अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा ने कहा कि गंगा नदी किनारे प्लास्टिक प्रतिबंधित रहे जहाँ प्लास्टिक बिक्री हो वहाँ जुमार्ना लगाया जाए। प्लास्टिक प्रतिबंधित रहे लोगों में जागरूकता फैलायी जाए।

इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी प्रीति यादव, जिला विकास अधिकारी राम आशीष, परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह,जिला पंचायती राज अधिकारी चेतेन्द्र पाल सिंह, जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी रत्नेश कुमार, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत आशीष सिंह,अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग राजीव कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बबराला अमरेश तिवारी,एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

कलेक्ट्रेट सभागार मे बरेली मुरादाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामवलियों की तैयारी की कार्रवाई संबंधित प्राप्त फॉर्म 19 के समीक्षा बैठक आयोजित हुई

समाज जागरण
ब्यूरो शमीम सिद्दीकी

जनपद बिजनौर 25 अक्टूबर, 2025:- जिलाधिकारी जसजीत कौर के निदेशों के अनुपालन में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह की अध्यक्षता मे कलेक्ट्रेट सभागार में बरेली-मुरादाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों की तैयारियों की कार्यवाही से संबंधित प्राप्त फार्म-19 की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि शिक्षक खण्ड निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण की कार्यवाही दिनांक 30 सितंबर 2025 से प्रारम्भ हो चुकी है व दिनांक 06 नवंबर, 2025 तक पात्र व्यक्तियों से फार्म-19 पर आवेदन प्राप्त किये जायेंगे। तत्पश्चात तैयार की गयी निर्वाचक नामावलियों का दिनांक 25 नवंबर 2025 को आलेख्य प्रकाशन किया जायेगा तथा दिनांक 25 नवंबर 2025 से 25 दिसंबर 2025 तक पुनः फार्म 19 पर पात्र व्यक्तियों से आवेदन प्राप्त किये जायेंगे। दिनांक 30 दिसंबर 2025 को निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि ऐसा प्रत्येक व्यक्ति, जो भारत का नागरिक है और बरेली-मुरादाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का सामान्य रूप से निवासी है, निर्वाचक नामावली में शामिल होने का पात्र होने के लिए 01 नवम्बर, 2025 से तत्काल पहले छह वर्षों के अन्तर्गत कम से कम तीन वर्ष तक की अवधि के लिए राज्य के भीतर ऐसे विनिर्दिष्ट शैक्षणिक संस्थान में शिक्षण कार्य में लगा हो, जिसका स्तर माध्यमिक विद्यालय से कम न हो एवं सभी को अवगत कराया कि सभी पात्र व्यक्तियों से प्राप्त फार्म 19 जिसका स्तर माध्यमिक विद्यालय या उच्च शिक्षा संस्थान का हो प्रत्येक फार्म जिला विद्यालय निरीक्षक बिजनौर के द्वारा सत्यापित किये जायेगे तत्पश्चात संबंधित तहसील के उप जिलाधिकारी कार्यालयों में जमा कराये जाये। उन्होंने उपस्थित सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्ष/प्रतिनिधियों एवं समस्त अधिकारीगणों को माननीय भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा जारी किये गये निदेर्शों का भली-भांति अध्ययन करते हुए तदानुसार कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी धामपुर स्मृति मिश्रा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक , जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भाजपा से धीर सिंह, बसपा से मोहम्मद सिद्दीक तथा सपा से अखलाक पप्पू सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

सीएम योगी के प्रयासों से पुन: शुरू हुई संभल की पौराणिक 24 कोसी परिक्रमा

- 46 वर्षों बाद अपने आध्यात्मिक स्वरूप में लौट रहा संभल, सांस्कृतिक धरोहर को मिल रही पहचान
- एक बार फिर संभल अपनी पौराणिक पहचान भगवान कल्कि की नगरी के रूप में जगमगा उठा
- 1978 में सांप्रदायिक दंगों के कारण रुकी यह परंपरा अब योगी सरकार के प्रयासों से फिर शुरू
- संभल में मजबूत हुआ कानून का इकबाल, अवैध कब्जों से मिली मुक्ति, धार्मिक धरोहरों का हुआ पुनरुद्धार
- सीएम योगी के प्रयासों से मालामाल हो रहा संभल, 2405 करोड़ के निर्यात के साथ हासिल किया प्रदेश में 10वां स्थान

लखनऊ, 25 अक्टूबर। संभल में इतिहास फिर से करवट ले रहा है। जहां कभी दंगों, पलायन और अवैध कब्जों की छाया थी, वहीं अब आस्था, अध्यात्म और सुरक्षा का सूर्योदय दिखाई दे रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में संभल एक बार फिर अपनी पौराणिक पहचान ह्यभगवान कल्कि की नगरीह्न के रूप में जगमगा उठा है। शुक्रवार रात्रि 2 बजे संभल के 68 तीर्थ और 19 कूपों की 24 कोसी परिक्रमा का शुभारंभ प्राचीन तीर्थ बेनीपुरचक स्थित श्रीवंशगोपाल से लाखों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में हुआ।

शंखनाद, भजन और जयघोषों के बीच निकली यह परिक्रमा 46 वर्षों बाद पुनः आरंभ हुई है। 1978 में सांप्रदायिक दंगों के कारण रुकी यह परंपरा 2024 में योगी सरकार के प्रयासों से फिर से जीवित हो उठी। धार्मिक मान्यता है कि इस परिक्रमा से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और जीव को मोक्ष की प्राप्ति होती है। यह परिक्रमा श्रीवंशगोपाल तीर्थ से प्रारंभ होकर भुवनेश्वर, क्षेमनाथ और चंदेश्वर तीर्थों से होते हुए पुनः वंशगोपाल तीर्थ पर लौटती है। इन तीन प्रमुख तीर्थों के मध्य 87 देवतीर्थ स्थित हैं, जो सम्भल की समृद्ध आध्यात्मिक विरासत का प्रतीक हैं।

2017 के बाद बदला संभल का परिदृश्य

1978 के दंगों के बाद सम्भल में जो भय, अविश्वास और पलायन का माहौल बना, उसने दशकों तक यहां के सामाजिक ताने-बाने को चोट पहुंचाई। हिंदू परिवारों ने अपने घर, दुकानें और जमीनें छोड़ीं; मंदिरों पर कब्जे हुए और धर्मिक आयोजनों पर रोक लग गई। परंतु 2017 में योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद परिदृश्य पूरी तरह बदल गया। सीएम योगी ने संभल की स्थिति को व्यक्तिगत रूप से गंभीरता से लिया। न्यायिक आयोग की रिपोर्ट ने उन सच्चाइयों को उजागर किया जिन्हें वर्षों तक दबाया गया। सत्ता संरक्षण में जनसंख्या संतुलन बिगाड़ने की कोशिशें हुईं और हिंदुओं को सुनियोजित रूप से पलायन के लिए विवश किया गया। योगी सरकार ने इन सभी मामलों में कठोर कार्रवाई की। दंगों की साजिश में शामिल तत्वों को जेल भेजा गया, अवैध कब्जों को हटाया गया और सांप्रदायिक राजनीति पर अंकुश लगाया गया।

अवैध कब्जों से मिली मुक्ति, धार्मिक धरोहरों का हुआ पुनरुद्धार

योगी सरकार ने संभल में बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाने की ऐतिहासिक कार्रवाई की। उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता-2006 की धारा-67 के तहत 495 वाद दर्ज हुए, जिनमें से 243 मामलों का निस्तारण कर 1067 अतिक्रमण हटाए गए। इस प्रक्रिया में 68.94 हेक्टेयर भूमि कब्जामुक्त कराई गई। यही नहीं, धार्मिक स्थलों पर हुए अवैध कब्जों पर भी निर्णायक कार्रवाई हुई। विशेष अभियान के तहत 37 अवैध कब्जे हटाए गए, जिसमें 16 मस्जिदें, 12 मजारें, 7 कब्रिस्तान और 2 मदरसे शामिल थे। कुल 2.623 हेक्टेयर भूमि को मुक्त कराया गया। साथ ही 68 पौराणिक तीर्थस्थलों और 19 प्राचीन कूपों के संरक्षण व सौंदर्यीकरण की प्रक्रिया आरंभ की गई है। कल्कि अवतार मंदिर समेत अनेक प्राचीन स्थलों पर पुनरुद्धार कार्य चल रहे हैं।

संभल में मजबूत हुआ कानून का इकबाल

संभल में अब कानून का इकबाल मजबूत हुआ है। योगी सरकार ने बीते कुछ वर्षों में 2 नए थाने और 45 नई चौकियां स्थापित की हैं। संवेदनशील इलाकों में सीसीटीवी निगरानी और ड्रोन सर्वे की व्यवस्था की गई है। अपराधियों पर कार्रवाई के साथ-साथ सामाजिक विश्वास की नींव रखी गई है। बिजली चोरी रोकने के लिए चलाए गए अभियानों से लाइन लॉस 82% से घटकर 18% पर पहुंच गया है, जिससे 84 करोड़ रुपये की राजकीय धनराशि की बचत हुई। आर्थिक दृष्टि से भी संभल ने छलांग लगाई है। 2405 करोड़ के निर्यात के साथ यह अब प्रदेश में 10वें स्थान पर है। ह्यवन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट योजना के तहत संभल के मेटैलिक, वुडन और हैंडीक्राफ्ट उत्पाद अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अपनी पहचान बना रहे हैं।

योगी सरकार में प्रॉसेसिंग हब बन रहा उत्तर प्रदेश

- कृषि से औद्योगिक प्रगति की नई कहानी लिख रहा प्रदेश
- ग्लोबल ट्रेड रिसर्च रिपोर्ट में यूपी-गुजरात को बताया गया भारत का फूड प्रोसेसिंग पावरहाउस
- आगरा और फर्रूखाबाद में बन रहे अत्याधुनिक संयंत्र, किसानों को मिल रहा दोगुना लाभ
- प्रदेश में लगभग 65,000 फूड प्रोसेसिंग यूनिट्स से करीब 2.5 लाख को मिल रहा रोजगार
- योगी सरकार ने हर जिले में 1,000 नई प्रॉसेसिंग यूनिट्स लगाने का रखा है लक्ष्य
- बरेली, बाराबंकी और वाराणसी में एग्रो पार्क दे रहे विकास को गति

लखनऊ, 25 अक्टूबर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश अब कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को औद्योगिक शक्ल दे रहा है। राज्य तेजी से भारत का फूड प्रोसेसिंग हब बनकर उभर रहा है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च की हालिया रिपोर्ट में गुजरात और उत्तर प्रदेश को देश के प्रमुख प्रोसेसिंग केंद्रों के रूप में रेखांकित किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, आपूर्ति पक्ष पर जहां गुजरात के मेहसाणा और बनासकांठा में आधुनिक डिहाइड्रेशन (निर्जलीकरण) संयंत्र विकसित हुए हैं, वहीं उत्तर प्रदेश के आगरा और फर्रूखाबाद जिलों में नए अत्याधुनिक प्रोसेसिंग प्लांट्स स्थापित हो रहे हैं। इन संयंत्रों को कांट्रैक्ट फार्मिंग और कोल्ड स्टोरेज नेटवर्क का मजबूत आधार प्राप्त है, जिससे किसानों को अपने उत्पादों का बेहतर मूल्य मिल रहा है। योगी सरकार का यह मिशन न केवल किसानों को आत्मनिर्भर बना रहा है, बल्कि उत्तर प्रदेश को एक ह्यकृषि से उद्योगह्न परिवर्तन मॉडल के रूप में स्थापित कर रहा है–जहां खेत से लेकर फैक्ट्री तक हर स्तर पर विकास की गूंज सुनाई दे रही है।

2.55 लाख युवाओं को रोजगार

राज्य में फिलहाल 65,000 से अधिक फूड प्रोसेसिंग इकाइयां संचालित हैं, जिनसे करीब 2.55 लाख युवाओं को रोजगार मिला है। सरकार का लक्ष्य हर जिले में कम से कम 1,000 नई प्रोसेसिंग यूनिट्स स्थापित करना है, जिससे खेती को मूल्य संवर्धन (श्’ॅ‌ी अ‌र्ि‌ि‌‌ल्ल) और रोजगार दोनों के अवसर मिलेंगे। योगी सरकार ने अब तक 15 से अधिक एग्रो एवं फूड प्रोसेसिंग पार्क विकसित किए हैं, जिनमें बरेली, बाराबंकी, वाराणसी और गोरखपुर प्रमुख हैं। बरेली में बीएल एग्रो द्वारा करीब ड्ढ1,660 करोड़ की इंटीग्रेटेड एग्रो प्रोसेसिंग हब की स्थापना प्रस्तावित है, जिसमें चावल मिलिंग, तेल निष्कर्षण और पैकेजिंग जैसी आधुनिक सुविधाएं होंगी।

निर्यात और नवाचार के नए आयाम गढ़ रहा उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेश सरकार का विशेष फोकस अब फल-सब्जी प्रसंस्करण, हाई-वैल्यू क्रॉप्स और निर्यात-उन्मुख उद्योगों पर है, ताकि राज्य की कृषि उत्पादकता वैश्विक बाजार से सीधे जुड़ सके। इसी दिशा में आगरा में इंटरनेशनल पोटैटो सेंटर के दक्षिण एशिया क्षेत्रीय केंद्र की स्थापना की योजना बनाई गई है, जहां आलू और अन्य ट्यूबर फसलों पर अत्याधुनिक अनुसंधान होगा। यह पहल कानपुर, आगरा, लखनऊ और फर्रूखाबाद जैसे प्रमुख आलू उत्पादक जिलों के लिए बड़ा अवसर साबित होगी, जिससे किसानों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी कीमतें और निर्यात संभावनाएं मिलेंगी। वर्तमान में अमेरिका, बांग्लादेश, यूएई और वियतनाम जैसे देश भारत से बड़े पैमाने पर प्रॉसेस्ड फूड प्रोडक्ट्स का आयात कर रहे हैं, जिससे भारतीय प्रसंस्करण उद्योग को नई पहचान मिल रही है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि वर्ष 2030 तक भारत का उपभोक्ता व्यय $6 ट्रिलियन तक पहुंच जाएगा, जो उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों के लिए इस क्षेत्र में निवेश, रोजगार और निर्यात के अभूतपूर्व अवसर लेकर आएगा।

नीति से मिल रही नई रफ्तार

उत्तर प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को गति देने के लिए योगी सरकार ने एक स्पष्ट और सशक्त वित्तीय व नीतिगत वातावरण तैयार किया है। राज्य की ह्यखाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति 2023ह्न इस दिशा में मील का पत्थर साबित हो रही है, जिसके तहत 19 नई परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है। नीति के तहत उद्यमियों को उत्पादन-आधारित सब्सिडी, ब्याज सहायता, भूमि उपयोग, स्टाम्प ड्यूटी और विकास शुल्क में छूट जैसी आकर्षक रियायतें दी जा रही हैं। इसके अलावा, सौर ऊर्जा, कोल्ड-चेन, क्लस्टर मॉडल और तकनीकी उन्नयन को विशेष प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

बिजवाड़ा में रालोद का सदस्यता अभियान आयोजित

समाज जागरण

बागपत। ग्राम बिजवाड़ा में शनिवार को राष्ट्रीय लोक दल का सदस्यता अभियान बड़े उत्साह के साथ चलाया गया। इस अवसर पर बागपत सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान, छपरौली विधायक अजय कुमार, पूर्व विधायक वीरपाल राठी, राष्ट्रीय सचिव डॉ. कुलदीप उज्ज्वल, विधानसभा सदस्यता अभियान प्रभारी डॉ. अनिल आर्य, धीरज उज्ज्वल, सुभाष कश्यप सहित अनेक कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान ने कहा कि राष्ट्रीय लोक दल किसानों, नौजवानों और आम जनता की आवाज है। कार्यकर्ता घर-घर जाकर पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाएं।विधायक अजय कुमार ने कहा कि रालोद की बढ़ती लोकप्रियता जनता के विश्वास की जीत है, जिसे और मजबूत करने का कार्य हम सभी को मिलकर करना है।पूर्व विधायक वीरपाल राठी ने कहा कि कार्यकताओं की एकजुटता ही पार्टी की असली ताकत है। संगठन के विस्तार में हर व्यक्ति की भूमिका अहम है।विधानसभा प्रभारी डॉ. अनिल आर्य ने कहा कि सदस्यता अभियान केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि जनता से सीधा संवाद है। गांव-गांव में रालोद की विचारधारा को फैलाना ही हमारा उद्देश्य है। इस अवसर पर ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर सदस्यता ग्रहण की और पार्टी के प्रति निष्ठा व्यक्त की। कार्यक्रम का संचालन सुभाष कश्यप ने किया।

अमर शहीदों की याद में शहीदों को माल्यार्पण कर नमन

समाज जागरण

बड़ौत। नगर के दिल्ली रोड स्थित शहीद स्मारक पार्क पर भारत के सबसे बड़े गैर राजनीतिक संगठन जय हिंद मंच के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश चंद शर्मा एवं गृह मंत्रालय से डायरेक्टर बहन चित्रलेखा शर्मा का दिल्ली पुलिस के रिटायर एसआई राधेश्याम शर्मा, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अनिल शर्मा, युवा जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा के नेतृत्व में फूलों की मालाओं के साथ अतिथियों का नगर आगमन पर बड़ौत में स्वागत किया गया। इसके उपरांत जय हिंद मंच के सभी सदस्यों ने शहीद स्मारक पार्क पर अमर शहीदों की याद में शहीदों को माल्यार्पण कर नमन किया। इस मौके पर जय हिंद मंच से दिल्ली पुलिस के पूर्व कमिश्नर दिनेश शर्मा, दिल्ली फायर ब्रिगेड के पूर्व राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित डाक्टर धर्मपाल भारद्वाज, एयर फोर्स से विंग पूर्व कमांडर सुरेश चौधरी, दिल्ली फ्लाइंग क्लब इंटेलिजेंस ब्यूरो के पूर्व सीनियर अधिकारी मनीष यादव, पूर्व डीआईजी डाक्टर महंत वाकई के अलावा कई पूर्व आईपीएस अधिकारी मौजूद रहे। सभी अतिथियों का जय हिंद मंच की तरफ से फूलों की मालाओं के साथ सम्मान किया गया। अपने सम्मान समारोह में जय हिंद वंश के राष्ट्रीय अध्यक्ष संस्थापक सुरेश चंद्र शर्मा ने कहा कि जय हिंद भारत का एकमात्र ऐसा गैर राजनीतिक संगठन है। जिनकी संख्या 15 लाख के आंकड़े को पार करती है। यह संगठन लगभग 300 जिलों में 450 कार्यालय खोलकर समाज में पहली कुरीतियों को और सरकारों में सबसे पहले भ्रष्टाचारों को रोकने के लिए बनाया गया है। सैनिकों के सम्मान में एक ऐसी मुहिम चलाई जा रही है। जिन्होंने दिल्ली के इर्द-गिर्द 400 किलोमीटर तक की रेंज में 10-10 शहीदों की प्रतिमाएं लगाकर उनका उचित सम्मान दिलवाने का काम किया। धारा 370 व 35 के पेटीशनर है। इस संगठन ने वन रैंक वन पेंशन में एक महत्वपूर्ण भूमिका भी निभाई है यह संगठन आज भारत में सबसे बड़े गैर राजनीतिक मंच जय हिंद मंच के नाम से जाना जाता है।

वैदिक कन्या डिग्री कॉलेज की दुकानों का लोकार्पण

समाज जागरण

बागपत। शनिवार वैदिक कन्या इंटर कॉलेज अग्रवाल मंडी टटीरी में इंटरनेशनल रोटरी क्लब मेरठ द्वारा विद्यालय परिसर में 14 आधुनिक टॉयलेट्स एवं कंप्यूटर लैब में 20 कंप्यूटर कुर्सियां 10 किलो वाट का सोलर सिस्टम एवं साथ बेंच केमिस्ट्री एवं फिजिक्स लैब में आवश्यक सामग्री एवं दो इंटरनेट शिक्षा प्रोग्राम हेतु प्रोजेक्टर का विधिवत्त लोकार्पण किया। मुख्य अतिथि पूर्व मंडल अध्यक्ष रोटेरियन अशोक गुप्ता एवं अति विशिष्ट अतिथि पूर्व मंडल अध्यक्ष रोटेरियन राजीव सिंगला द्वारा प्रोजेक्ट, चेयरमैन रोटेरियन अशोक जैन, अध्यक्ष पंकज कंसल, डॉक्टर ए एम बेंद्रे, सचिन आलोक बंसल कोषाध्यक्ष सचित्र शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर रोटेरियन अशोक गुप्ता द्वारा अपनी स्वर्गीय धर्मपत्नी रजनी गुप्ता की स्मृति में 25 छात्राओं को साइकिल भेट की। इस अवसर पर वैदिक कन्या डिग्री कॉलेज में ज्योति नगर दिल्ली निवासी अंबा प्रसाद गोयल एवं कमलेश गोयल द्वारा नव दुकानों का निर्माण कराया गया। जिसका लोकार्पण कमलेश गोयल, रविकांत गुप्ता एवं कॉलेज के प्रबंधक सुरेश गुप्ता, महेश गुप्ता ने किया। देवप्रिया ग्रुप द्वारा डिग्री कॉलेज में 10 टॉयलेट का निर्माण कराया गया। इसका उद्घाटन देव प्रिया ग्रुप के सुरेश गुप्ता, अशोक गुप्ता, महेश गुप्ता, राकेश गुप्ता ने फीता काटकर किया। कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर कमला अग्रवाल, अध्यक्ष अभिमन्यु गुप्ता ने सहयोग किया। इस अवसर पर छात्राओं ने मनमोहन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया।जिसका सभी ने मंत्र मुग्ध होकर आनंद लिया। कॉलेज की कार्यवाहक प्रधानाचार्य सविता सैनी, अध्यक्ष विनोद गुप्ता द्वारा सभी का स्वागत सोल एवं माल्यार्पण द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन कॉलेज अध्यक्ष अभिमन्यु गुप्ता ने किया। इस अवसर पर भंवर सिंह व्यास, राकेश जैन, अशोक कुमार, जय, श्रीराम, अनिल, गांधी, सुरेश ठाकुर, चौधरी प्रेम सिंह, संजीव शर्मा, रोटरी क्लब अग्रवाल मंडी के अध्यक्ष राजीव गोयल, सभासद सत्य प्रकाश गुप्ता, त्रिनमय गुप्ता, राजू भट्टे वाले राजेश अग्रवाल, अमित सिंगला, डॉक्टर सश्रेष्ठ, रविचंद्र, डॉक्टर निर्मला, डॉक्टर समा, सविता आर्य, राजेश आर्य, संजय सैनी, अशोक यादव, सचिन ,बाला नए सहयोग किया। कार्यक्रम अध्यक्ष डॉक्टर रोटेरियन अशोक जैन ने बताया कि रोटरी क्लब द्वारा 32 लख रुपए की लागत से यह सभी प्रोजेक्ट पूरे किए गए है। हम विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त करते है कि उन्होंने सहयोग द्वारा हमें पूरा समर्थन दिया।

रन फॉर यूनिटी अभियान में 500 प्रतिभागी देंगे एकता का संदेश

समाज जागरण

रन फॉर यूनिटी के लिए बैठक करते हुए जिलास्तरीय अधिकारी

बागपत। राष्ट्रीय एकता दिवस एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर 31 अक्टूबर को जिले में आयोजित होने वाले "रन फॉर यूनिटी" अभियान की तैयारियाँ शुरू हो गई हैं। इस अभियान का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता व जन-भागीदारी को बढ़ावा देना है। कलेक्ट्रेट सभागार में सीडीओ नीरज कुमार श्रीवास्तव और एडीएम पंकज वर्मा ने संबंधित विभागों के साथ बैठक कर आयोजन की रूपरेखा तय की। सीडीओ ने कहा कि दौड़ में जिले के युवा, खिलाड़ी, महिलाएँ, शिक्षक व विभिन्न वर्गों के नागरिक शामिल होंगे। यह दौड़ एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना को जन-जन तक पहुँचाने का माध्यम बनेगी। वहीं एडीएम ने सुरक्षा, पेयजल, चिकित्सा, यातायात व मार्ग व्यवस्था समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि प्रतिभागियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। अभियान में यूथ क्लब, एनसीसी, एनएसएस और मंगल दल भी सक्रिय भागीदारी निभाएँगे। प्रतिभागियों के लिए 500 विशेष टी-शर्ट तैयार कराई जा रही हैं, जिनका वितरण विभिन्न विभागों के माध्यम से किया जाएगा। इसके नोडल अधिकारी के रूप में उपायुक्त उद्योग अर्चना तिवारी को नामित किया गया है। कार्यक्रम के तहत प्रतिभागी जिले के प्रमुख स्थलों पर एकता का संदेश लेकर दौड़ेंगे, जबकि स्कूलों में निबंध, भाषण व सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। बैठक में सीएमओ डॉ तीरथ लाल, पीडी राहुल वर्मा, एआरटीओ राघवेन्द्र सिंह, प्रभारी डीपीआरओ नितिन कुमार आदि अधिकारी मौजूद रहे।

फॉर्मर रजिस्ट्री में सीतापुर नंबर-1, प्रदेशभर में 54% किसानों का पंजीकरण पूर्ण

74% किसानों के साथ सीतापुर अव्वल, बस्ती और रामपुर भी टॉप-3 में शामिल, आगामी पीएम किसान सम्मान निधि की किस्त के लिए जरूरी हुआ पंजीकरण

राज्य सरकार ने जिलाधिकारियों को दिए निर्देश झ 30 नवंबर तक हर गांव में लगेंगे किसान पंजीकरण शिविर, पीएम किसान सत्यापन भी तेज

लखनऊ, 25 अक्टूबर। उत्तर प्रदेश में चल रही फॉर्मर रजिस्ट्री अभियान में सीतापुर जिला प्रदेश का सिरमौर बन गया है। अब तक यहां 74 प्रतिशत किसानों का पंजीकरण पूर्ण हो चुका है। इसके साथ ही बस्ती 74 प्रतिशत के साथ दूसरे और रामपुर 70 प्रतिशत रजिस्ट्री के साथ तीसरे स्थान पर है। राज्य स्तर पर अब तक लगभग 54 प्रतिशत किसानों की रजिस्ट्री पूरी हो चुकी है, जिससे करीब 1.5 करोड़ किसान लाभान्वित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर यह अभियान प्रदेशव्यापी मिशन मोड में संचालित किया जा रहा है।

एक अप्रैल से रजिस्ट्री अनिवार्य

1 अप्रैल 2026 से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (ढट-ङरंल्ल) की अगली किस्त केवल उन्हीं किसानों को मिलेगी, जिनकी रजिस्ट्री पूरी हो चुकी है। इसी कारण सभी जिलों में किसानों के पंजीकरण और सत्यापन की गति तेज की जा रही है। योगी सरकार ने जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि 30 नवंबर तक हर गांव में किसान पंजीकरण शिविर आयोजित किए जाएं। इसके लिए कैंप चार्ट तैयार कर राज्य स्तर पर साझा करने को कहा गया है।

गुरु भक्ति, धर्मोपदेश एवं विधान आराधना से गुंजायमान हुआ सरूरपुर

समाज जागरण

बागपत।अतिशय क्षेत्र सरूरपुर कलाँ की पावन भूमि आज पुनः दिव्यता से आलोकित हो उठी, जब परम पूज्य आचार्य श्री वसुनंदी जी मुनिराज के परम शिष्य, तेजस्वी युगल मुनि श्री शिवानंद जी एवं प्रशमानंद जी मुनिराज का मंगल आगमन हुआ।
उनके स्वागत में श्रावक-श्राविकाओं ने भावपूर्वक गुरु भक्ति अर्पित की, जिससे सम्पूर्ण क्षेत्र में श्रद्धा और उत्साह का वातावरण व्याप्त हो गया।मुनिश्री ने अपने प्रेरणादायी प्रवचन में जैन धर्म के सारतत्त्व पर प्रकाश डालते हुए कहा –जैन धर्म आत्मा की शुद्धि और आत्म-विजय का मार्ग है। जब मन, वचन और कर्म से अहिंसा का पालन होता है, तब आत्मा का तेज प्रकट होता है। बाहरी सुख-सुविधाएँ क्षणिक हैं, वास्तविक सुख आत्मा की जागृति में निहित है। क्रोध, लोभ, और मोह को त्यागकर समता, संयम और करुणा का आचरण ही सच्चे धर्म की पहचान है।मुनिश्री के इन वचनों ने उपस्थित श्रद्धालुओं के हृदयों को गहराई से प्रभावित किया और उनमें आत्म-विकास की नई प्रेरणा जागृत की। इसी क्रम में अतिशय क्षेत्र सरूरपुर कलाँ में चल रहे 108 दिवसीय श्री शांतिनाथ महामंडल विधान का आज पाँचवाँ दिवस अत्यंत श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा 36 अर्घ समर्पित किए गए। मुनिश्री ने विधान की महिमा बताते हुए कहा – विधान आत्मा के अंतःकरण को निर्मल करने का श्रेष्ठ साधन है। यह केवल पूजा नहीं, बल्कि आत्म-जागरण का उत्सव है। प्रत्येक अर्घ समर्पण के साथ हमारे कर्मों की निर्जरा होती है और जीवन में शांति, सुख तथा समृद्धि का संचार होता है।मुनिराजों के सान्निध्य में सम्पूर्ण क्षेत्र में भक्ति, साधना और सौहार्द की मधुर धारा प्रवाहित होती रही। इस अवसर पर बड़ौत, बागपत सहित विभिन्न स्थानों से पधारे गुरु-भक्तों ने अपने आराध्य के दर्शन कर आत्मिक आनंद और परम शांति का अनुभव किया।मुनिराजों का यह मंगल आगमन न केवल सरूरपुर की धरा को पुनः पावन बना गया, बल्कि समस्त क्षेत्र में धर्म, संयम और साधना की पवित्र सुगंध बिखेर गया।

दो दिवसीय प्रतियोगिता में बागपत के छात्राओं ने किया शानदार प्रदर्शन

समाज जागरण

बागपत। डी०ए०वी स्पोर्ट्स के द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय खेलो में जीत का परचम फहराने वाले छात्रों का डी०ए०वी० पब्लिक स्कूल, बागपत में भव्य स्वागत किया गया। 15 से 17 सितंबर तक डी०ए०वी० स्पोर्ट्स के द्वारा सरला चोपड़ा डी०ए०वी० पब्लिक स्कूल नोएडा में स्टेट लेवल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश के विभिन्न विद्यालयों के छात्रों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस श्रृंखला में डी०ए०वी० पब्लिक स्कूल बागपत के छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में मेडल जीते और उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। बॉक्सिंग प्रतियोगिता में डी०ए०वी० पब्लिक स्कूल बागपत के छात्र मानव पाठक ने स्वर्ण पदक जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में छात्र सक्षम व शैंकी ने अंडर-19 में स्वर्ण पदक जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। तथा अंडर-17 में अविरल ने सिल्वर मेडल जीतकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया।
कबड्डी प्रतियोगिता में डी०ए०वी० पब्लिक स्कूल बागपत की टीम ने कांस्य पदक जीत कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। एथलेटिक्स प्रतियोगिता में छात्र आयुष नौटियाल ने अंडर-19 ऊंची कूद (हाई जंप) में कांस्य पदक हासिल कर तृतीय स्थान प्राप्त किया और अंडर-14 लंबी कूद (लॉन्ग जंप) में आरव कुमार ने कांस्य पदक हासिल कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।
रिले दौड़ प्रतियोगिता में छात्राओं ने 4X400 की रिले रेस में सौम्या, खुशी, वेदांशी व यशवी ने सिल्वर मेडल जीतकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रवेश कुमार ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक छात्र को खेलों में अपनी भागीदारी करनी चाहिए। हार और जीत अलग है। अगर आप उसमें हिस्सा भी लेते हैं, तो यह भी आपकी एक बहुत बड़ी जीत होती है। हमें अपने छात्रों पर गर्व है और हमें उम्मीद है कि वे भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहेंगे। इन प्रतियोगिताओं में हमारे छात्रों ने अपनी प्रतिभा और मेहनत का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और इसमें हमारे विद्यालय के शारीरिक शिक्षा अध्यापक गौरव वशिष्ठ का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर विद्यालय के सभी छात्र, अध्यापक व अध्यापिका उपस्थित थे।

ओयो होटलों पर लटकी कर्रवाई की तलवार, कभी भी हो सकती है बड़ी कार्रवाई

--पुलिस की सख्ती से गुलावठी में होटलों में जाने से बच रहे हैं कपल्स

समाज जागरण

बुलंदशहर/गुलावठी। कोतवाली क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित ओयो होटलों पर कार्रवाई की तलवार लटक गई है। एक्शन की तैयारी है, अब कभी भी बड़ी कार्रवाई हो सकती है। पुलिस देह व्यापार पर लगाम कसने की तैयारी में है। गुलावठी में सभी ओयो होटल संचालकों को पुलिस ने नोटिस थमा दिए हैं और अनैतिक गतिविधि तुरंत बंद करने की सख्त हिदायत दी है। पुलिस की सख्ती से कपल्स भी गुलावठी क्षेत्र के ओयो होटलों में जाने से बच रहे हैं। दरअसल विगत दिनों से क्षेत्र के कई आवास नुमा बिल्डिंग में संचालित ओयो होटल के नाम पर जिस्मफरोशी की शिकायतें मिल रही थी। सूत्रों का दावा है कि ओयो होटलों में कॉलगर्ल से जिस्मफरोशी कराई जा रही है। पहले लोगों को व्हाट्सएप पर कॉल गर्ल की फोटो भेजकर पसंद के बाद फिर रेट तय किए जाते हैं। निरंतर शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया है। बिना सराय पंजीकरण के गुलावठी क्षेत्र में कई होटल संचालित हैं। जो अब कार्रवाई की रडार पर हैं। भारतीय किसान यूनियन (संपूर्ण भारत) के प्रदेश प्रवक्ता राकेश तेवतिया ने बताया कि पूर्व में उनके संगठन द्वारा भी मामले में संबंधित अधिकारियों से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की जा चुकी है। लेकिन पुलिस द्वारा कार्रवाई के नाम पर केवल नोटिस जारी कर इतिश्री कर ली गई। गुलावठी थाना प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र प्रताप सिंह का कहना है कि क्षेत्र में जिस्मफरोशी नहीं होने दी जाएगी। गैर अनुमति संचालित अवैध होटलों पर कार्रवाई होगी। सभी को नोटिस दिए गए हैं। उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट प्रेषित कर दी गई है।

राजस्व विभाग की बड़ी कार्रवाई, तालाब पर हुए अवैध निर्माण को जेसीबी से कराया ध्वस्त

समाज जागरण

बागपत। बड़ौत तहसील क्षेत्र के बिराल गांव में शनिवार को राजस्व विभाग की टीम ने एसडीएम बड़ौत भावना सिंह के निर्देश पर तालाब की भूमि पर किए जा रहे अवैध निर्माण पर बड़ी कार्रवाई की। टीम ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी मशीन के माध्यम से निमार्णाधीन पक्का मकान ध्वस्त कर तालाब को कब्जा मुक्त कराया। इस दौरान अवैध कब्जा करने वाले लोगों की ओर से कुछ देर के लिए विरोध और कर्मचारियों से नोकझोंक की स्थिति भी बनी, लेकिन कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कार्रवाई पूरी कर ली गई। मिली जानकारी के अनुसार, ग्रामीणों की ओर से शिकायत की गई थी कि गांव का ही एक व्यक्ति सरकारी तालाब की भूमि पर अवैध कब्जा कर रहा है और वहां पक्के मकान का निर्माण करवाया जा रहा है। इस अवैध निर्माण के कारण तालाब की जल निकासी व्यवस्था बाधित हो रही थी, जिससे बरसात के मौसम में गांव में जलभराव की समस्या उत्पन्न होने की आशंका थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम भावना सिंह ने तुरंत जांच के आदेश दिए।

जेसीबी मंगाकर निमार्णाधीन मकान को गिरा दिया

लेखपाल रविश कुमार राजस्व विभाग की टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति की पुष्टि होने पर जेसीबी मंगाकर निमार्णाधीन मकान को गिरा दिया गया। साथ ही तालाब की खोदाई कराकर मलबा भी हटवाया गया, जिससे जल निकासी सुचारू रूप से हो सके। अधिकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि तालाब जैसी सार्वजनिक भूमि पर कब्जा करना कानूनन अपराध है और भविष्य में यदि कोई व्यक्ति इस प्रकार की हरकत करता है तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। राजस्व विभाग की इस कार्रवाई से गांव में चर्चा का माहौल बना रहा और स्थानीय लोगों ने विभाग की इस तत्परता की सराहना की।

उत्तर प्रदेश के विकास का प्रतीक बनेगा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट: सीएम योगी

गौतमबुद्धनगर, 25 अक्टूबर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने डॉमेस्टिक टर्मिनल, उद्घाटन समारोह स्थल, सुरक्षा प्रबंधन, यातायात व्यवस्था और अन्य निर्माण कार्यों की प्रगति का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री ने एयरपोर्ट के बोर्डरूम में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (ठकअछ) और एयरपोर्ट निर्माण एजेंसी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में परियोजना की प्रगति, आगामी कार्ययोजना और उद्घाटन समारोह की तैयारियों पर पावर प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी गई। इस दौरान, सीएम योगी ने कहा कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रदेश के विकास का प्रतीक बनेगा, इसलिए निर्माण कार्यों में गुणवत्ता, समयबद्धता और समन्वय सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में उच्च मानकों के अनुरूप पूरे किए जाएँ और उद्घाटन समारोह की तैयारियों में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए।

पूर्व प्रधानाचार्य सुमत प्रसाद जैन का शिष्यों द्वारा भावपूर्ण सम्मान

समाज जागरण

बागपत। दिगंबर जैन ब्रांच स्कूल बड़ौत के पूर्व प्रधानाचार्य सुमत प्रसाद जैन का उनके सन्‍ 1987 बैच के विद्यार्थियों ने 25 अक्टूबर 2025 को उनके निवास स्थान पर जाकर स्नेहपूर्वक सम्मान किया। उनके पूर्व छात्र वरदान जैन ने बताया कि करीब 37 वर्षों बाद एक साथ मिले इन शिष्यों ने मित्रता परिवार के अंतर्गत अपने गुरु को सम्मान पत्र भेंट कर उनके प्रति गहरी

कृतज्ञता व्यक्त की। सभी ने साझा किया कि श्री जैन ने उन्हें केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि अनुशासन, परिश्रम, सत्यनिष्ठा और नैतिकता के संस्कार भी दिए। श्री जैन ने अपने शिक्षण काल में न केवल विद्यालय बल्कि पूरे नगर में जैन धर्म के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसके कारण उन्हें क्षेत्र में धर्माध्यापक के रूप में विशेष पहचान मिली। 92 वर्ष की आयु में भी श्री जैन स्वस्थ एवं सानंद हैं। अपने गुरु के आशीर्वाद लेते हुए अमित जैन, मनोज जैन, पंकज गुप्ता एवं पीयूष जैन ने कहा कि वे हमारे लिए केवल शिक्षक नहीं बल्कि सच्चे जीवन गुरु हैं। इस अवसर पर सभी ने उनके दीर्घ, स्वस्थ और शांतिपूर्ण जीवन की हार्दिक मंगलकामना की।

जमीअत उलमा बागपत की ओर से 19वां रक्तदान शिविर, 20 डोनरों ने किया रक्तदान

समाज जागरण

बड़ौत। जमीअत उलमा जिला बागपत की जानिब से मदरसा दारुल कुरान फरीदिया, बड़ौत में 19वां सर्वसमाज रक्तदान कैंप आयोजित किया गया। कार्यक्रम हजरत मौलाना सैय्यद मेहमूद मदनी, सदर जमीअत उलेमा-ए-हिंद और मौलाना हकीमुद्दीन कासमी, जनरल सेक्रेटरी जमीअत उलेमा-ए-हिंद की तशरीफअवरोही टीम के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कैंप की निगरानी जमीअत सर्वसमाज रक्तदान विभाग के हैड इंचार्ज एवं नायब सदर बागपत मुफ्ती शाह आलम ने की। कैंप का उद्घाटन नगर पालिका चेयरमैन बड़ौत अश्विनी तोमर ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि ह्लरक्तदान महादान है, इससे बड़ा पुण्य और मानवता की सेवा का कोई कार्य नहीं।ह्व रक्तदान इंचार्ज मुफ्ती एहसान कासमी ने कहा कि इस तरह के कैंप आपसी भाईचारे, इंसानियत और जरूरतमंदों तक समय पर रक्त पहुँचाने की सबसे बड़ी कड़ी हैं। कैंप में 32 लोगों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 20 डोनरों ने रक्तदान किया, जबकि 12 डोनरों को चिकित्सकीय कारणों से वापस भेजा गया। कार्यक्रम में मुफ्ती रईस, मुफ्ती सखा उल्लाह, मुफ्ती कलीम, मौलाना अबुल हसन, हाफिज मुस्तफा सहित कई उलेमा और कार्यकताओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। कैंप को सफल बनाने में बागपत ब्लड बैंक की टीम – डॉ. ऐश्वर्य, डॉ. प्रीति, डॉ. भारती, अमित, भास्कर और डॉ. पाल – ने सराहनीय सहयोग दिया।

कैंप में रक्तदान करते हुए लोग

भूमिया मंदिर की चार दीवारी को लेकर हुआ विवाद

समाज जागरण

चांदीनगर। खट्टा प्रहलादपुर गांव में शनिवार को भूमिया मन्दिर की दीवार को लेकर विवाद हो गया जिला अधिकारी के आदेश पर तहसील प्रशासन ने चार दिवारी का कार्य करा दिया जिसका कुछ ग्रामीणों ने विरोध किया। खट्टा प्रहलादपुर में भूमिया मंदिर के खसरा संख्या 1010 रकबा 130 वर्ग मीटर में स्थित है गांव के महिपाल पुत्र जमादार ने मंदिर की चार दिवारी की पहल की थी। करीब एक माह पहले कुछ ग्रामीणों ने किस निर्माण कार्य को

रुकवा दिया था। इसके बाद महिपाल ने जिलाधिकारी को आवेदन पत्र देकर भूमि के कागजात प्रस्तुत किया। रविवार को उपजिला अधिकारी के आदेश पर नायक तहसीलदार कानून को दीपक शर्मा लेखपाल जितेंद्र और पुलिस बल मौके पर पहुंचे और दीवार का कार्य शुरू कराया। इसी दौरान गांव के मनोज कुमार सत्येंद्र जगबीर और योगेश कुमार ने निर्माण का कार्य का विरोध किया। विपक्षी योगेश कुमार ने आरोप लगाया कि प्रशासन मंदिर की भूमि पर कब्जा करवाने में सहयोग कर रहा है। योगेश कुमार ने यह भी कहा कि यदि उन्हें प्रशासन से न्याय नहीं मिला तो वह अपने परिवार सहित गांव के 35 अन्य परिवारों के साथ मुस्लिम धर्म अपनाने को मजबूर होंगे। वहीं थाना अध्यक्ष अतर सिंह ने बताया कि नायब तहसीलदार लेखपाल और कानूनगो की टीम ने मौके पर पहुंचकर चार दिवारी कराई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि धर्म परिवर्तन से संबंधित कोई जानकारी उनके सामने नहीं आई है।

स्कूल बस, वैन सीज, परमिट-फिटनेस नहीं मिलने पर हुई कार्रवाई

समाज जागरण

बागपत। खेकड़ा क्षेत्र में आरटीओ राघवेंद्र सिंह के नेतृत्व में स्कूल बसों और वैन की सघन जांच की गई। इस अभियान में वाहनों के परमिट, फिटनेस और बीमा सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों की पड़ताल की गई। दस्तावेजों में कमी पाए जाने पर आरटीओ टीम ने वाहनों का चालान किया। जो वाहन निर्धारित मानकों पर खरे नहीं उतरे, उन्हें सीज कर दिया गया। आरटीओ राघवेंद्र सिंह ने बताया कि जांच के दौरान दो निजी नंबर वाली स्कूल वैन और एक स्कूल बस को सीज किया गया है। इसके अतिरिक्त, एक निजी नंबर वाली स्कूल वैन का फिटनेस और अन्य दस्तावेजों के अभाव में चालान किया गया। आरटीओ राघवेंद्र सिंह ने स्पष्ट किया कि छात्रों को लाने-ले जाने वाले सभी वाहन और स्कूल बसें शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप होनी चाहिएं। उन्होंने चेतावनी दी कि इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि वाहनों में फिटनेस, परमिट, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र जैसे दस्तावेज अनिवार्य हैं, साथ ही अग्निशामक यंत्र और फर्स्ट एड बॉक्स का होना भी आवश्यक है। सभी स्कूल संचालकों को स्कूल बसों के संबंध में दिए गए सरकारी दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने की हिदायत दी गई है। आरटीओ ने चेतावनी दी है कि नियम विरुद्ध बसों का संचालन पाए जाने पर भविष्य में भी लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

बहल में सड़क किनारे लगे पौधे हर राहगीर को अपनी हरियाली और स्वच्छता की वजह से आकर्षित कर रहे हैं : सरपंच संदीप

दैनिक समाज जागरण,
(महेन्द्र जावला बहल)

बहल,। पौधारोपण कर देने से पर्यावरण संरक्षण नहीं किया जा सकता। पर्यावरण संरक्षण रोपित पौधे को स्वस्थ्य रखने के लिए खाद, पानी, सर्दी व गर्मी से बचाव और प्रदूषण से बचाव को पानी की बौछारों से नहलाना भी पड़ता है। यह सब चैहड़ खुर्द के सरपंच संदीप श्योराण पिछले दो वर्षों से बखुबी कर जनमानस को भी वास्तविक पौधारोपण कर वटवृक्ष बनाने की प्रेरणा दे रहे हैं। सरपंच संदीप श्योराण ने सार्वजनिक स्थलों व गांव के मुख्य मार्गो और सड़क किनारे व्यवस्थित पौधारोपण पिछले वर्ष से करवाते आ रहे हैं और ये पौधे गांव व सड़क मार्ग की शान को चार चांद लगा रहे हैं। इसे जुनून ही कहा जा सकता है कि सरपंच ने सड़क किनारे रोपित पौधों की सुरक्षा में लोहे की मजबूत जालीदार गार्ड, सर्दी व गर्मी से बचाव को सरकंडों के सुरक्षा कवच, समय समय पर पानी की सिंचाई व जरूरत की खाद दवाएं और दिवाली पर्व के बेहद हानी कारक प्रदूषण के प्रभाव से निजात दिलाने को पौधों को स्वच्छ व ताजे पानी की बौछारों से तल से शीर्ष तक नहला रहे हैं। यह पहली बार नहीं हर जरूरत पर पौधों को नहलाते है और यही वजह है कि सड़क किनारे लगे पौधे हर राहगीर को अपनी हरियाली और स्वच्छता की वजह से आकर्षित कर रहे हैं। सरपंच संदीप ने बताया कि केवल पौधा रोपण करना ही इसका उद्देश्य नहीं है। उद्देश्य तो इनको वट वृक्ष बनाने का है। जब सारे गांव के लगाए गए करीब ढाई हजार वर्ष वट वृक्ष बनकर तैयार हो जाएंगे तो जीव-जंतु, पशु-पक्षी को भी इसका फायदा मिलेगा और यह वास्तविक पर्यावरण संरक्षण की ओर एक कदम साबित रहेगा। कस्बे बहल के पेड़ों की हरियाली उसके लिए प्रेरणा साबित हो रही है। संदीप ने हर समाज सेवी संस्था और ग्राम पंचायत को पौधारोपण को वास्तविक जीवन का आधार बनाने की नसीहत भी दी।

बहल के पहाड़ी माता मंदिर में रामप्रसाद चैहड़िया परिवार की ओर से सुंदरकांड पाठ का किया गया आयोजन

दैनिक समाज जागरण,
(महेन्द्र जावला बहल)

बहल, । सुंदरकांड आयोजन को लेकर समाज में श्रद्धा व भक्ति भाव दिनों दिन बढ़ता जा रहा है और सुंदरकांड पाठ में लोगों की भीड़ भी बढ़ती जा रही है। इसी कड़ी में शनिवार को बहल के पहाड़ी माता मंदिर में रामप्रसाद चैहड़िया परिवार की ओर से सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। बाद दोपहर 3 बजे से मंदिर परिसर में भगवान श्रीहनुमान की प्रतिमा का श्रृंगार किया। गंगाजल, केसर, चंदन और पुष्प से विशेष पूजन किया गया। हनुमान जी को नैवेद्य अर्पित किया गया और तुलसी सहित प्रसाद चढ़ाया गया। सुंदरकांड पाठ के वाचक व्यास विजय कुमार शुक्ला के ओजस्वी स्वर से तुलसीदास कृत श्री रामचरितमानस के भगवान श्री राम, माता सीता, लक्ष्मण, हनुमान, सुग्रीव, बाली, अंगद, जामवंत और लंका दहन से संबंधित कथाओं का विस्तार से वर्णन किया। शुक्ला ने बताया कि सुंदरकांड के पाठ से लोगों में भक्ति भावना बढ़ती है व श्रवण करने व करवाने से मानसिक शांति व सुख की प्राप्ति होती है और ऐसे आयोजनों से क्षेत्र में आध्यात्मिक माहौल बनता है जो धर्म को मजबूत कर रहे हैं। इस धार्मिक कार्यक्रम में रामप्रसाद, लालचंदचैहड़िया,समाजसेवी सागर मल केडिया, बंसी लाल, बजरंग लाल, संजय कुमार, वैशाली, वंश, सुशील केडिया, अशोक साबू, राकेश भाटोलिया हरेश सहित सैकड़ो की संख्या में महिला व लोग विशेष रूप से मौजूद रहे। सुंदरकांड समापन के बाद भक्तों ने आरती की। श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

अमृतसर साहिब में सिख अजायबघर में संत बाबा मोहन सिंह मतवाला की तस्वीर का अनावरण

सिख संगतों ने संत गुरमीत सिंह जी को दी बनाई

दैनिक समाज जागरण

कालांवाली, (सुरेश जोरासिया): क्षेत्र के गांव तिलोकेवाला स्थित गुरुद्वारा निर्मलसर साहिब के मुख्य सेवादार संत बाबा गुरमीत सिंह जी ने बताया कि अमृतसर साहिब के सिख अजायबघर में आज एक विशेष धार्मिक समागम का आयोजन किया गया, जिसमें संत बाबा मोहन सिंह मतवाला की तस्वीर का विधिवत अनावरण किया गया। जिसमें संत गुरमीत सिंह तिलो केवाला के अलावा सिंह साहिब ज्ञानी रघुवीर सिंह हैड ग्रंथी सचखंड श्री दरबार साहिब, सिंह साहब बाबा टेक सिंह धनोला जत्थेदार तख्त दमदम्मा साहिब,भाई कलवंत सिंह सचिव ,एसजीपीसी, स. सतवीर सिंह पी ए प्रधान एसजीपीसी, गुरचरण सिंह ग्रेवाल मेंबर एसजीपीसी , भगवत सिंह मैनेजर दरबार साहिब, भाई जसविंदर सिंह सचिव, संत बाबा परमजीत सिंह हंसाली साहिब, इकबाल सिंह एडिशनल मैनेजर, ज्ञानी जगदेव सिंह हैड प्रचारक, शामिल थे । इस कार्यक्रम में सिख संगतों ने श्रद्धा और उत्साह के साथ भाग लिया। समागम में उपस्थित संगत ने संत बाबा गुरमीत सिंह तिलोकेवाला को हार्दिक बधाई देते हुए संत बाबा मोहन सिंह मतवाला के आध्यात्मिक, शिक्षण और समाजसेवी योगदान को याद किया।संगत ने कहा कि संत मतवाला की शिक्षाएं और सेवाएं सिख कौम ही नहीं, संपूर्ण मानवता के लिए प्रेरणास्रोत हैं। इस अवसर पर उपस्थित जत्थेदारों, संत-महापुरुषों एवं श्रद्धालुओं ने सामूहिक अरदास कर सिख पंथ की चढ़दी कला और सर्व मानवता के कल्याण की कामना की। इस मौके पर तिलोकेवाला से भारी गिनती में पहुंची सिक्ख संगत ने वाहेगुरु जी का जाप करते हुए संत बाबा गुरमीत सिंह तिलोकेवाला को बधाई दी।

जन स्वास्थ्य विभाग की बड़ी लापरवाही आई सामने खुले सीवरेज में फंसी स्कूल बस

दैनिक समाज जागरण

कालांवाली (सुरेश जोरासिया) जन स्वास्थ्य विभाग कालांवाली की बड़ी लापरवाही देखने को नजर आई। अब लोगों की जान पर बन आई है। शहर के बीचों-बीच खुले पड़े सीवरेज गड्ढे हादसे को निमंत्रण दे रहे हैं, लेकिन विभाग के अधिकारी अपने कर्तव्य से विमुख हो चुके है। बच्चों के स्कूल टाईम के समय एक बड़ा हादसा होते हुए टल गया। जब एक निजी स्कूल बैन खुले सीवरेज गड्ढे में धंस गई और सभी के जीवन पर संकट के बादल मंडराने लग गऐ' गनीमत रही कि उस समय स्कूल बैन में बच्चे सवार नहीं थे अन्यथा कोई अप्रिय घटना भी घटीत हो सकती थी। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह गड्ढा कई दिनों से खुला पड़ा है। नगरवासी कई बार जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को स्थिति से अवगत करवाया हुआ है। लेकिन हर बार उन्हें सिर्फ आश्वासन ही मिलता रहा है। घटना घटीत होने के पश्चात भी अधिकारीयों ने शयन कक्ष को छोड़कर घटना स्थल पर पहुंचने की जहमत नही समझी। जिससे शहरवासी में गहरा रोष उत्पन्न हो गया' नागरिकों का कहना है कि शहर में जगह-जगह पर सीवरेज ढक्कन टूटे हुए हैं, जिससे राहगीरों और खासकर स्कूल जाने वाले बच्चों की जान हर दिन खतरे में रहती है। अचानक कोई अनहोनी होती है जिम्मेदार कौन? लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द सभी खुले गड्ढों को बंद किया जाए ताकि अनहोनी ना हो सके।

शिरोमणि कमेटी द्वारा धार्मिक परीक्षा और सिख धार्मिक अध्ययन पत्राचार पाठ्यक्रम में मैरिट में आए विद्यार्थी सम्मानित

(रघुनंदन पराशर जैतो दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)

जैतो, : शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की धर्म प्रचार कमेटी द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित की जाने वाली धार्मिक परीक्षा और द्विवर्षीय सिख धार्मिक अध्ययन पत्राचार पाठ्यक्रम में मेधावी छात्रों का सम्मान समारोह आज श्री तेजा सिंह समुंदरी हॉल में आयोजित किया गया। इस अवसर पर शिरोमणि कमेटी के सदस्य श्री राजिंदर सिंह मेहता, भाई अजायब सिंह, धर्म प्रचार कमेटी के सचिव श्री बलविंदर सिंह काहलवां और प्रधानाचार्य श्री स्वर्ण सिंह तुगलवाल ने मेधावी छात्रों को सम्मानित किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए शिरोमणि कमेटी के सदस्य भाई राजिंदर सिंह मेहता और सचिव श्री बलविंदर सिंह काहलवां ने बताया कि धर्म प्रचार कमेटी का उद्देश्य भारत के स्कूलों/कॉलेजों के छात्रों के बीच गुरबाणी और गुरु-इतिहास, सिख इतिहास और रहत मयार्दा का प्रचार करना है। सत्र 2024-25 के दौरान, 60 हजार विद्यार्थियों ने धार्मिक परीक्षा में भाग लिया और लगभग एक हजार विद्यार्थियों ने धार्मिक अध्ययन पत्राचार पाठ्यक्रम (सत्र 2023-25) में भाग लिया। इस परीक्षा के दौरान, पत्राचार पाठ्यक्रम में शामिल 30 विद्यार्थियों और धार्मिक परीक्षा में शामिल 3100 विद्यार्थियों को उनकी रैंक के अनुसार क्रमशः 1100, 2100, 3100, 4100 की छात्रवृत्ति प्रदान की गई। समारोह के दौरान, पत्राचार पाठ्यक्रम और धार्मिक परीक्षा में रैंक एक से चार तक प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।इस अवसर पर धार्मिक परीक्षा शाखा के बलजिंदर सिंह, हिम्मत सिंह, सरधा कौर और जैस्मीन कौर, अमृत कुमार, धार्मिक परीक्षा कक्षा 1 के जसकिरन कौर, हरलीन कौर, सुखप्रीत कौर, धार्मिक परीक्षा कक्षा 2 के लवप्रीत संधू, जगमीत सिंह, मनजीत कौर, फिलिप्स, धार्मिक परीक्षा कक्षा 3 के हरपाल सिंह, धार्मिक परीक्षा कक्षा 4 के सरबजीत कौर, मनदीप कौर, अमनदीप कौर, शुभप्रीत कौर, रमनदीप कौर को किताबें और छात्रवृत्ति राशि देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर धार्मिक परीक्षा शाखा के इंचार्ज डॉ. रणजीत कौर पन्नवां, जसबीर सिंह, जगजीत सिंह, नरिंदर सिंह, चरण सिंह, रछपाल सिंह, चमकौर सिंह, नवजोत सिंह, गुरबिंदर सिंह, हरप्रीत सिंह आदि धार्मिक परीक्षा शाखा के कर्मचारी और विभिन्न स्कूलों के धार्मिक अध्यापक उपस्थित थे। शिरोमणि कमेटी द्वारा विद्यार्थियों को सम्मानित का दृश्य।

फरीदकोट में धान खरीद के लिए किसानों को 605.03 करोड़ रुपये का भुगतानः डीसी पूनमदीप कौर

दैनिक समाज जागरण
रघु नंदन पराशर जैतो

फरीदकोट, पंजाब सरकार ने जिले में धान खरीद के बाद अब तक किसानों को 605.03 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। यह जानकारी उपायुक्त श्रीमती पूनमदीप कौर ने दी। उपायुक्त ने आगे बताया कि कल शाम तक जिले की मंडियों में 317380 मीट्रिक टन धान की आवक हो चुकी है, जिसमें से 302659 मीट्रिक टन धान विभिन्न खरीद एजेंसियों द्वारा खरीदा जा चुका है। उन्होंने बताया कि खरीदे गए धान में से 201920 मीट्रिक टन धान का उठान हो चुका है और किसानों को 605.03 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि अब तक विभिन्न खरीद एजेंसियों द्वारा की गई खरीद में से पनग्रेन द्वारा 118218 मीट्रिक टन, मार्कफेड द्वारा 89235 मीट्रिक टन, पनसप द्वारा 56593.46 मीट्रिक टन, वेयरहाउस कॉर्पोरेशन द्वारा 38415 मीट्रिक टन और निजी व्यापारियों द्वारा 198 मीट्रिक टन धान की खरीद की गई है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे अपनी फसलों को पूरी तरह से और अच्छी तरह से सुखाकर ही मंडियों में लाएँ। उन्होंने किसानों से धान की पराली न जलाने की भी अपील की, क्योंकि पराली जलाने से न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुँचता है, बल्कि जमीन की उपजाऊ शक्ति भी कम होती है और हमारे मित्र कीट भी मर जाते हैं।

शहीदी नगर कीर्तन असम से शुरू हुआ, अगला पड़ाव गुरुद्वारा नानक प्याऊ साहिब दिल्ली से गुरुद्वारा रकाब गंज साहिब दिल्ली के लिए रवाना हुआ

(रघुनंदन पराशर जैतो दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)

जैतो, : नौवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की 350वीं शहीदी शताब्दी के उपलक्ष्य में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने आज गुरुद्वारा धोबरी साहिब असम से शहीदी नगर कीर्तन शुरू किया और गुरुद्वारा नानक पियाओ साहिब दिल्ली से अगले पड़ाव गुरुद्वारा रकाब गंज साहिब दिल्ली के लिए रवाना हुआ। नगर कीर्तन के रवाना होने से पहले श्री दरबार साहिब के हजूरी रागी जत्थे ने गुरुद्वारा साहिब में सजाए गए धार्मिक हॉल में गुरबाणी कीर्तन किया और सचखंड श्री हरमंदिर साहिब के ग्रंथी सिंह साहिब ज्ञानी बलजीत सिंह ने नौवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की शहादत का इतिहास संगत के साथ साझा किया। उन्होंने संगत को शहीदी शताब्दी समारोह में अधिक से अधिक भाग लेने के लिए प्रेरित किया। नगर कीर्तन के प्रस्थान के अवसर पर, गुरुद्वारा साहिब के प्रबंधकों ने पंज प्यारे साहिबानों और उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों को सिरोपा भेंट किया। रास्ते में विभिन्न पड़ावों पर श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक नगर कीर्तन का स्वागत किया। इस अवसर पर, नगर कीर्तन में शामिल वाहनों की तेल सेवा दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य करतार सिंह चावला द्वारा की गई। इस मौके पर दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पूर्व अध्यक्ष परमजीत सिंह सरना और मंजीत सिंह जीके, शिरोमणि कमेटी के सदस्य गुरमिंदर सिंह मठरू, हरमनजीत सिंह, उप सचिव सुखबीर सिंह, अतिरिक्त प्रबंधक एस. जसबीर सिंह, करतार सिंह चावला, जतिंदर सिंह सोनू, कुलविंदर सिंह, तरजीत सिंह नागी, हरभजन सिंह भल्ला, गुरुमीत सिंह कोहली, हरदीप सिंह, गगनदीप सिंह, महिंदर सिंह, जगजीत सिंह, हरविंदर सिंह कबुलनगर, इकबाल सिंह मंडोली, अमरप्रीत सिंह सन्नी, बीबी जसबीर कौर, परनीत सिंह रेखी, इंद्रपाल सिंह, करमजीत सिंह, अमन सिंह भाटिया, पर्यवेक्षक दर्शन सिंह, भूपिंदर सिंह, मोहनदीप सिंह, मिल्खा सिंह, हरप्रीत सिंह जंडियाला, उप प्रबंधक अमरजीत सिंह, जगदीप सिंह माछीनांगल, सिख मिशन दिल्ली प्रभारी मनवीत सिंह, जसबीर सिंह जस्सी, सरबजीत सिंह रामदास, उपदेशक भाई प्रभ सिंह और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।शहीदी नगर कीर्तन असम से शुरू हुआ अगला पड़ाव गुरूद्वारा नानक प्याऊ साहिब दिल्ली से गुरूद्वारा रकाब गंज साहिब दिल्ली के लिए रवाना।

स्पीकर संधवा ने कोटकपूरा शहर के लिए नए बस स्टैंड के निर्माण हेतु स्थान का निरीक्षण किया

दैनिक समाज जागरण

जैतो, (रघुनंदन पराशर) पंजाब विधानसभा अध्यक्ष कुलतार सिंह संधवां कोटकपूरा के बाबा दयाल सिंह चौक पहुँचे और नए बस स्टैंड की स्थापना हेतु आवंटित स्थान का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उनके साथ उपायुक्त श्रीमती पूनमदीप कौर विशेष रूप से उपस्थित थीं। स्पीकर कुलतार सिंह संधवां ने कहा कि कोटकपूरा शहर में यातायात की समस्या के समाधान हेतु नए बस स्टैंड का निर्माण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में जिला प्रशासन को नए स्थान का चयन कर नया तहसील परिसर स्थापित करने के निर्देश दिए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा बस स्टैंड शहर के अंदर होने के कारण यातायात का दबाव बढ़ जाता है, जिसके कारण इसे नए स्थान पर स्थापित करने से यह समस्या काफी हद तक हल हो जाएगी। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के संबंध में जिला प्रशासन के साथ विस्तृत चर्चा की गई है और वे स्वयं इसकी प्रगति का निरीक्षण करने पहुँचे हैं। इस अवसर पर एसडीएम कोटकपूरा श्री सूरज और तहसीलदार कोटकपूरा रूपिंदर सिंह बल, सिमरनजीत सिंह एमसी भी उपस्थित थे।

जुगैल पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए, अपहृता बरामद कर, दो अभियुक्तगण को किया गिरफ्तार

आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण

सोनभद्र। महिला सुरक्षा एवं अपराध नियंत्रण के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, अभिषेक वर्मा के कुशल निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी ओबरा हर्ष पाण्डेय के नेतृत्व में थाना जुगैल पुलिस द्वारा सराहनीय कार्यवाही की गई। दिनांक 22.10.2025 को आवेदक पानकली पत्नी राजेन्द्र प्रसाद गौड़ निवासी जुगैल टोला नगवा द्वारा थाना जुगैल पर सूचना दी गई कि उसकी पुत्री सीता (उम्र लगभग 20 वर्ष) को फिरोज खान पुत्र सोबराती अली निवासी जुगैल टोला झलकड़वा बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। उक्त सूचना पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-116/2025, धारा 87 बीएनएस पंजीकृत किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना जुगैल पुलिस द्वारा दो टीमें गठित कर सर्विलांस टीम की मदद से अपहृता को दिनांक 24.10.2025 को सकुशल बरामद किया गया। विवेचना के दौरान अभियुक्त डब्लू पुत्र कलेक्टर निवासी बघनारी थाना चोपन सोनभद्र का नाम प्रकाश में आया। तथ्यों के आधार पर अभियोग में धारा 61(2)(B), 64(2), 351(3) बीएनएस व 3(2)(V) एससी/एसटी एक्ट की बढ़ोत्तरी की गई तथा विवेचना क्षेत्राधिकारी ओबरा द्वारा प्रारंभ की गई। आज दिनांक 25.10.2025 को समय 13:18 बजे थाना जुगैल पुलिस द्वारा अभियुक्त फिरोज खान एवं डब्लू उपरोक्त को जोरबा गेट से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय चालान किया जा रहा है।

महिलाओं की सुरक्षा व सड़क सुरक्षा हेतु चलाए गए विशेष चेकिंग अभियान में कुल 256 चालान

अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु संचालित "मिशन शक्ति फेज 5.0" के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के आदेशानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) श्री

अनिल कुमार के निर्देशन में तथा क्षेत्राधिकारी यातायात डा0 चारू द्विवेदी (नोडल अधिकारी-मिशन शक्ति) के नेतृत्व में जनपदीय यातायात पुलिस द्वारा महिलाओं की सुरक्षा के साथ-साथ सड़क सुरक्षा नियमों के पालन हेतु सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। चलाए गए अभियान के दौरान उल्लंघनों पर कुल 256 चालान किए गए। पुलिस आमजन से अपील करती है कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें एवं महिला सुरक्षा को प्राथमिकता दें।

डॉ. जितेंद्र सिंह ने चिकित्सा शिक्षा के बदलते स्वरूप पर प्रकाश डाला; कहा कि भारत में स्वास्थ्य सेवा अब अधिक सुलभ और सस्ती हो गई है

मंत्री ने कहा, स्वदेशी डीएनए वैक्सीन और जीन थेरेपी के साथ भारत वैश्विक स्वास्थ्य सेवा नेतृत्वीकर्ता के रूप में उभर रहा है

कृत्रिम बुद्धिमत्ता का एकीकरण निदान और रोगी देखभाल को नए सिरे से परिभाषित करने के लिए तैयार हैः डॉ. जितेंद्र सिंह

यूसीएमएस ने 54वां स्थापना दिवस और दीक्षांत समारोह मनाया; डॉ. जितेंद्र सिंह ने नए मेडिकल स्नातकों को उपाधि प्रदान की

केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने आज भारत में चिकित्सा शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य देखभाल के क्षेत्र में तेजी से बदलते प्रतिमानों पर प्रकाश डाला। उन्होंने एक परिवर्तनकारी दशक की ओर इशारा किया जिसने भारत में स्वास्थ्य सेवा को अधिक सुलभ, किफायती और समावेशी बना दिया है। दिल्ली विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंसेज (यूसीएमएस) के 54वें स्थापना दिवस और कॉलेज दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. जितेंद्र सिंह ने स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों को डिग्री प्रदान की और डॉक्टरों की नई पीढ़ी से आग्रह किया कि वे करुणा में निहित रहते हुए नवाचार को अपनाएं। मंत्री महोदय ने कहा कि पिछले एक दशक में भारत में चिकित्सा शिक्षा में मूलभूत परिवर्तन आया है और मेडिकल कॉलेजों और प्रशिक्षण के अवसरों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा, "दस साल पहले, केवल लगभग 45 हजार स्नातक चिकित्सा सीटें थीं; आज यह संख्या लगभग डेढ़ लाख है।" उन्होंने कहा कि एम्स जैसे संस्थानों के विस्तार ने विभिन्न क्षेत्रों में चिकित्सा शिक्षा तक पहुँच को लोकतांत्रिक बनाया है और अधिक महिलाओं को चिकित्सा क्षेत्र में करियर बनाने में सक्षम बनाया है। उन्होंने स्वास्थ्य सेवा वितरण में आए बदलाव को "तीन गुना - सुलभ, किफायती और उपलब्ध" बताया और स्वास्थ्य के मामलों में राज्य और नागरिक के बीच संबंधों को नए सिरे से परिभाषित करने के लिए आयुष्मान भारत और जन औषधि केंद्रों जैसी पहलों को श्रेय दिया। अपने चिकित्सा करियर के किस्से साझा करते हुए, डॉ. जितेंद्र सिंह ने बताया कि कैसे भारत में स्वास्थ्य बीमा पहले से मौजूद बीमारियों को कवर करने के लिए विकसित हुआ है - इस बदलाव को उन्होंने सार्वजनिक स्वास्थ्य नीति में "सबसे मानवीय नवाचारों में से एक" बताया। डॉ. जितेंद्र सिंह ने भारत के जीवन विज्ञान क्षेत्र की बढ़ती वैश्विक विश्वसनीयता पर भी बल दिया। उन्होंने कहा, "यही विभाग - जैव प्रौद्योगिकी विभाग - है जिसने कोविड-19 के लिए दुनिया का पहला डीएनए टीका और गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर की रोकथाम के लिए एचपीवी टीका विकसित किया है।" उन्होंने यह भी बताया कि भारत अब 200 से ज्यादा देशों को स्वदेशी टीके उपलब्ध कराता है। भारत के पहले स्वदेशी एंटीबायोटिक 'नैफि थ्रोमाइसिन' और न्यू इंग्लैंड जर्नल ऑफ मेडिसिन में प्रकाशित हीमोफीलिया के लिए जीन थेरेपी के सफल परीक्षणों की ओर इशारा करते हुए, श्री सिंह ने कहा कि ऐसी सफलताएँ निवारक और चिकित्सीय स्वास्थ्य सेवा में भारत के अग्रणी के रूप में उभरने को दशार्ती हैं। उन्होंने यूसीएमएस और इसी तरह के संस्थानों से उन्नत नैदानिक परीक्षणों और अनुसंधान में निजी क्षेत्र के साथ सहयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने शैक्षणिक संस्थानों को उद्योग और सरकारी प्रयोगशालाओं के साथ एकीकृत होने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा, "अलग-अलग काम करने का युग अब समाप्त हो गया है।" इस अवसर पर संस्थान की 54 वर्षों की यात्रा को दशार्ते हुए एक स्मृति चिन्ह का विमोचन किया गया, जिसमें चिकित्सा शिक्षा, अनुसंधान और जनसेवा में कॉलेज की उपलब्धियों को दशार्या गया है। इस प्रकाशन में भारत के स्वास्थ्य सेवा पारिस्थितिकी तंत्र में यूसीएमएस के बढ़ते योगदान, विशेष रूप से समुदाय-आधारित स्वास्थ्य पहलों में जीटीबी अस्पताल के साथ इसकी साझेदारी पर प्रकाश डाला गया। डॉ. जितेंद्र सिंह ने मेधावी छात्रों और संकाय सदस्यों को उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता और चिकित्सा अनुसंधान एवं शिक्षण में योगदान के लिए पुरस्कार और पदक भी प्रदान किए। मंत्री महोदय ने पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी और विश्वास व्यक्त किया कि भारत के डॉक्टरों की नई पीढ़ी देश की स्वास्थ्य सेवा प्राथमिकताओं को आकार देने में निर्णायक भूमिका निभाएगी। उभरती स्वास्थ्य चुनौतियों पर विचार करते हुए डॉ. जितेन्द्र सिंह ने कहा कि आज के डॉक्टरों को "द्वि-चरणीय रोग स्पेक्ट्रम" – संक्रामक और गैर-संक्रामक रोगों का सह-अस्तित्व – के साथ-साथ बढ़ती उम्र की आबादी और तेजी से बदलते तकनीकी बदलावों से निपटना होगा।

काशी सांसद खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य समापन

समाज जागरण रंजीत तिवारी

रामेश्वर (वाराणसी)। प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र में आयोजित दो दिवसीय काशी सांसद खेलकूद प्रतियोगिता के तृतीय चरण का विकासखंड सेवापुरी के सर्वोदय इंटर कॉलेज, लखनसेनपुर , कपसेठी के मैदान में भव्य समापन हुआ।

समापन समारोह में खिलाड़ियों के जोश और दर्शकों के उत्साह ने माहौल को खेलमय बना दिया।

उदघाटन समारोह की मुख्य अतिथि सेवापुरी विधायक नील रतन पटेल ह्यनीलू' के प्रतिनिधि आदिति सिंह ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आज का विजेता ही कल का अंतरराष्ट्रीय विजेता होगा। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्फूर्ति का माध्यम हैं, बल्कि जीवन में अनुशासन और नेतृत्व क्षमता भी विकसित करते हैं। सभी विजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया

समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य डॉ.

सुजीत सिंह एन खंड विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत ग्राम प्रधान लखनसेनपुर जयप्रकाश पटेल ने पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्रम देकर किया गया।

प्रतियोगिता पाँच आयु वर्गों – 11 वर्ष से नीचे, 11 से 14 वर्ष, 14 से 18 वर्ष, 18 से 40 वर्ष तथा 40 वर्ष से ऊपर में संपन्न हुई।

इस दौरान 100, 200, 400, 800 और 1500 मीटर दौड़, ऊँची कूद, गोला फेंक, रस्सी कूद, कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, कुश्ती आदि खेलों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया।

समापन अवसर पर एसडीएम राजा तालाब,खंड शिक्षा अधिकारी सेवापुरी, विभिन्न शिक्षक संघों के पदाधिकारी, सर्वोदय इंटर कॉलेज के प्राचार्य, प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकगण सहित क्षेत्र के हजारों लोगों की उपस्थिति रहे।

प्रतियोगिता में 900 से अधिक खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। विजेता खिलाड़ियों को प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

आज के प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त सभी प्रतिभागी जिला स्तरीय खेलकूद में होंगे शामिल।

हरहुआ क्षेत्र में घंटों बिजली गायब, उपभोक्ताओं में आक्रोश

समाज जागरण अनिल कुमार

हरहुआ वाराणसी। शनिवार की सुबह हरहुआ सातों महुआ स्थित बिजली उपकेंद्र से हुई अचानक बिजली कटौती ने क्षेत्र के ग्रामीणों को परेशान कर दिया। सुबह 11 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक हरहुआ उपकेंद्र से जुड़े दर्जनों गांवों में बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप रही। दोपहर 12:30 बजे मात्र पांच मिनट के लिए बिजली आई, फिर दोबारा गुल हो गई। दोपहर 2 बजे तक बिजली न आने से लोगों में नाराजगी बढ़ती गई।

स्थानीय ग्रामीणों ने जब बिजली आपूर्ति की जानकारी लेने के लिए हरहुआ उपकेंद्र के सीयूजी नंबर पर संपर्क करने की कोशिश की तो नंबर आउट ऑफ कवरेज बता रहा था। इसके बाद लोगों ने एसडीओ अभिजीत कुमार शाह को फोन किया, लेकिन उन्होंने फोन उठाना उचित नहीं समझा। अंततः ग्रामीणों ने अवर अभियंता (जेई) दीपू प्रजापति से संपर्क किया, तो उन्होंने बताया कि हरहुआ उपकेंद्र पर बिजली की टेस्टिंग का कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा कि बिजली आपूर्ति बहाल होने में अभी एक घंटे या उससे अधिक का समय लग सकता है, लेकिन कोई निश्चित समय नहीं बताया जा सकता।

ग्रामीणों का कहना है कि बिजली विभाग को यदि टेस्टिंग या मरम्मत कार्य करना था, तो इसकी पूर्व सूचना अखबारों या सोशल मीडिया के माध्यम से देनी चाहिए थी ताकि लोग वैकल्पिक व्यवस्था कर सकें। लेकिन विभाग के अधिशासी अभियंता से लेकर अन्य कर्मचारियों तक किसी ने भी क्षेत्रवासियों की सुविधा का ध्यान नहीं रखा।

लगातार गर्मी और बिजली कटौती के बीच ग्रामीणों को पेयजल, मोबाइल चार्जिंग और अन्य दैनिक कार्यों में भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। लोगों ने विभागीय उदासीनता पर नाराजगी जताते हुए कहा कि यदि ऐसी स्थिति दोबारा उत्पन्न हुई तो वे सामूहिक रूप से बिजली विभाग कार्यालय पर प्रदर्शन करेंगे।

मॉर्निंग असेंबली में छठ पूजा का सुंदर आयोजन

बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर
समाज जागरण

सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल की मॉर्निंग असेंबली में छठ पूजा के पावन अवसर पर विद्यार्थियों ने श्रद्धा और उत्साह के साथ एक विशेष कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक डॉ. प्रीति सिंह तथा प्रधानाचार्य चन्द्रसेन तिवारी की अनुमति से हुआ।विद्यार्थियों ने छठ पूजा पर एक सुंदर अभिनय प्रस्तुत किया, जिसने सभी के हृदय को छू लिया। इसके बाद विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए दो समूह गीतों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। गीतों की मधुर ध्वनि और भावनाओं ने सबको छठ महापर्व की आत्मिक अनुभूति कराई।कार्यक्रम के उपरांत प्रबंधक डॉ. प्रीति सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि छठ पूजा केवल एक पर्व नहीं, बल्कि यह प्रकृति के प्रति आभार और कृतज्ञता व्यक्त करने का माध्यम है। यह हमें अनुशासन, निष्ठा और समर्पण का संदेश देती है। उन्होंने विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।कार्यक्रम का समापन

प्रधानाचार्य चन्द्रसेन तिवारी के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उन्होंने कहा कि छठ पूजा मानव और प्रकृति के गहरे संबंध का प्रतीक है। यह त्योहार हमें सच्ची आस्था, पवित्रता और सकारात्मकता का संदेश देता है। इस पूजा में ऊर्जा के अक्षय भंडार भगवान भास्कर को अर्घ अर्पित किया जाता है जिनसे पूरी सृष्टि संचालित होती है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को इस पावन पर्व की शुभकामनाएँ दीं।पूरे कार्यक्रम का संचालन कृष मिश्रा एवं समन्वय सी.सी.ए. प्रमुख श्रेया सिंह द्वारा अत्यंत सफलतापूर्वक किया गया। यह आयोजन सभी के लिए भक्तिभाव और सीख से परिपूर्ण क्षण बन गया।

तिलहर में थाना समाधान दिवस अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण की अध्यक्षता में हुआ संपन्न

समाज जागरण

शाहजहांपुर तिलहर में थाना समाधान दिवस में पहुंचकर भंवरे दीक्षा अरुण, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, शाहजहाँपुर ने जनसुनवाई की। इस दौरान ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से आए नागरिकों की विभिन्न प्रकार की शिकायतें जैसे भूमि विवाद, पारिवारिक कलह, आपसी विवाद, राजस्व प्रकरण, तथा पुलिस से संबंधित शिकायतें को गंभीरता से सुना गया। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा प्रत्येक शिकायत का विवेचनात्मक परीक्षण कर त्वरित, निष्पक्ष एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु संबंधित थाना प्रभारी एवं राजस्व अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि शिकायतों का निस्तारण पूर्ण पारदर्शिता के साथ समयबद्ध रूप से किया जाए, जिससे आमजन को न्याय एवं राहत दोनों मिल सके।

जनसुनवाई के दौरान उपस्थित शिकायतकताओं को शासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई तथा लोगों से अपील की गई कि वे अपनी समस्याओं के निवारण हेतु थाना समाधान दिवस का अधिकतम लाभ उठाएं। थाना परिसर में आयोजित इस जनसुनवाई के दौरान क्षेत्राधिकारी तिलहर ज्योति यादव ,थाना प्रभारी तिलहर राकेश कुमार सिंह , राजस्व विभाग के अधिकारी, एवं पुलिस बल उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में आमजन ने समाधान दिवस में भाग लेकर अपनी शिकायतें दर्ज कराईं, जिनमें से कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा बताया गया कि थाना समाधान दिवस का उद्देश्य पुलिस-जन सहयोग को सशक्त बनाना, त्वरित न्याय की भावना को प्रबल करना एवं प्रशासन के प्रति जनता का विश्वास सुदृढ़ करना है।

शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

समाज जागरण

शाहजहांपुर। अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना कोतवाली पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार, थाना कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला अब्दुल्लागंज निवासी रितेश वर्मा पुत्र मायाराम वर्मा ने वादिनी की नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर

विवाह का प्रलोभन दिया और अपने घर ले जाकर दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपी ने पीड़िता को जान से मारने की धमकी दी।पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को राजघाट तिराहे से मोहल्ला जियाखेल की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते पर पुरानी रेलवे लाइन के समीप से धर दबोचा। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया

छठ पूजा रोकने के षड्यंत्र में गौरव पांडे मुख्य आरोपी, चोलापुर थाने में आधा दर्जन धाराओं में मुकदमा दर्ज

समाज जागरण अतुल सोनी चोलापुर वाराणसी

चोलापुर थाना क्षेत्र के उदयपुर गांव में छठ पूजा रोकने के षड्यंत्र के मामले में पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। चोलापुर थाना क्षेत्र के गौरव पांडे को मुख्य षड्यंत्रकारी मानते हुए पुलिस ने उनके परिवार के साथ आधा दर्जन से अधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार, 25 अक्टूबर 2025 की सुबह 6 बजे, गांव की महिलाएं परंपरागत रूप से शिव मंदिर प्रांगण में छठ पूजा के लिए एकत्र हुई थीं। उसी दौरान गौरव पांडे ने स्वयं मौके पर न होकर, अपने परिवार के लोगों – सौरव पांडे, रामसूरत पांडे, और अन्य परिजनों को आगे कर पूजा रुकवाने का प्रयास कराया।

शिकायतकर्ता महिलाओं ने आरोप लगाया कि गौरव पांडे ने अपने परिजनों को उकसाकर पूजा स्थल पर गाली-गलौज, धमकी और धार्मिक कार्यक्रम में बाधा डलवाई। इस दौरान महिला श्रद्धालुओं से धक्का-मुक्की भी हुई।सूचना मिलते ही चोलापुर पुलिस मौके पर पहुँची और मामले की जांच के बाद भारतीय न्याय संहिता (BNS) 2023 की धाराओं 191(2), 299, 61(1), 115(2), 352 और 351(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया थाना प्रभारी चोलापुर ने बताया कि गौरव पांडे इस पूरे विवाद का मुख्य षड्यंत्रकारी है, जिसने अपने परिवार को आगे कर धार्मिक अनुष्ठान में बाधा डलवाई। जांच जारी है, दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

फिलहाल गांव में पुलिस बल तैनात है और माहौल शांत बताया जा रहा है। प्रशासन ने सभी ग्रामीणों से शांति बनाए रखने की अपील की है।

आचार्य टेकनारायण उपाध्याय को मिलेगा "कुमारिल-शंकर संस्कृति संरक्षक सम्मान"

समाज जागरण रंजीत तिवारी

वाराणसी। काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य अर्चक और ज्योतिष एवं यजुर्वेद के विद्वान आचार्य टेकनारायण उपाध्याय को वर्ष 2025 का प्रतिष्ठित "कुमारिलझ्शंकर संस्कृति संरक्षक सम्मान" प्रदान किया जाएगा।

यह सम्मान उन्हें उनके ग्रंथ काशी विश्वनाथ दर्शन के लिए दिया जा रहा है, जो आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक अध्ययन को नई दिशा प्रदान करता है।

आचार्य उपाध्याय बीएचयू के वेद विभाग के गोल्ड मेडलिस्ट हैं और

धर्म, दर्शन तथा अध्यात्म विषयों पर अनेक पत्र-पत्रिकाओं में नियमित लेखन करते रहे हैं।

सम्मान समारोह आगामी 16 नवम्बर को नई दिल्ली स्थित कुरुक्षेत्र गुरुकुलम में आयोजित होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे जगतगुरु शंकराचार्य ज्योतिष पीठाधीश्वर श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज उपस्थित रहेंगे।

सम्मान की जानकारी मिलते ही काशी विश्वनाथ मंदिर परिवार और वाराणसी के धार्मिक तथा विद्वत समुदाय में हर्ष की लहर दौड़ गई। मंदिर के अर्चक डॉ. नीरज कुमार पांडेय, आचार्य ओमप्रकाश मिश्र, सारस्वत परिषद के अध्यक्ष प्रो. विवेकानंद तिवारी,ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन वाराणसी के जिलाध्यक्ष राजकुमार तिवारी सहित अनेक विद्वानों ने आचार्य उपाध्याय को इस उपलब्धि पर शुभकामनाएँ दी हैं।

कृषि विभाग द्वारा हरहुआ ब्लाक में पराली फसल अवशेष प्रबंधन हेतु जागरूकता गोष्ठी सम्पन्न।

समाज जागरण अनिल कुमार

हरहुआ वाराणसी।कृषि विभाग द्वारा गोष्ठी में प्राविधिक सहायक कृष्ण कुमार मौर्य ने किसानों से कहा कि फसल अवशेष जलाने से जलवायु प्रदूषित होता है। मिट्टी की उर्वराशक्ति नष्ट होती है। सहयोगी मित्र किट जल जाते है। मानव स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है। इसे जलाने पर दण्डात्मक कार्रवाई हो सकती है।

उन्होंने कहा कि फसल अवशेष प्रबंधन के लिए बेस्टडी कंपोजर का छिड़काव कर अवशेष को सड़ा कर खेत मे डाले। जिससे मृदा की उर्बरा शक्ति एवं कार्बन की मात्रा बढ़ती है।

आगामी फसल का उत्पादन बढ़ता है।

जागरूकता गोष्ठी में भोपापुर ,घमहापुर ,गुरवट, बेलवरिया,पुआरी कला न्यायपंचायत के किसान शामिल रहे।ग्रामप्रधान पुआरीखुर्द विजय कुमार, सुभाष सिंह, राधेश्याम सिंह, बलीचारण, अजित कुमार, गुलाब यादव, विजय लाल ग्राम प्रधान भोपापुर, सहायक विकास अधिकारी कृषि हरहुआ देवेंद्र कुमार पांडेय उपस्थित रहे।

बच्चे पढ़ेंगे तभी माँ-बाप का नाम रोशन करेंगे – अपर जिलाधिकारी अरविंद कुमार

ग्राम सिमरिया सहजपुर स्थित पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय का अपर जिलाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण

समाज जागरण

शाहजहाँपुर -अपर जिलाधिकारी (विकास/राजस्व) अरविंद कुमार ने शनिवार को ग्राम सिमरिया सहजपुर स्थित पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, स्वच्छता व्यवस्था और विद्यार्थियों की उपस्थिति का जायजा लिया।

निरीक्षण में छात्रों की उपस्थिति अपेक्षाकृत कम पाई गई। इस पर श्री कुमार ने ग्राम प्रधान व प्रधानाध्यापक के साथ गाँव में भ्रमण कर अभिभावकों से भेंट की और उन्हें बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि सरकार द्वारा निःशुल्क शिक्षा, पुस्तकें और ड्रेस उपलब्ध कराई जा रही हैं, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। इस दौरान अपर जिलाधिकारी ने स्वयं पहल करते हुए करीब दो दर्जन बच्चों को, जो घर पर काम का बहाना बनाकर रुके हुए थे, विद्यालय पहुँचाया और उन्हें कक्षाओं में बैठाया। उनकी इस पहल से ग्रामीणों में उत्साह देखा गया। विद्यालय में

कुल 318 छात्रों के नामांकन के सापेक्ष 133 विद्यार्थी उपस्थित पाए गए, जबकि 10 शिक्षक तैनात हैं। श्री कुमार ने प्रधानाचार्य व शिक्षकों को छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यार्थियों की मौखिक व लिखित परीक्षा भी ली। मौखिक परीक्षा में उन्होंने विद्यार्थियों से 10 और 13 का पहाड़ा, पशु-पक्षियों, फलों, महीनों और दिनों के नाम पूछे, जबकि लिखित परीक्षा में बोर्ड पर गणित के सवाल हल कराए और चित्रांकन करवाया। साथ ही विद्यार्थियों से मध्याह्न भोजन और अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षा ही विकास की आधारशिला है। अभिभावकों का यह कर्तव्य है कि वे अपने बच्चों को शिक्षित बनाकर समाज और राष्ट्र की प्रगति में योगदान दें। बच्चे पढ़ेंगे तभी माँ-बाप का नाम रोशन करेंगे निरीक्षण के दौरान कुछ व्यवस्थाएँ असंतोषजनक पाई गईं, जिनके सुधार हेतु संबंधित अधिकारियों को तत्काल निर्देश दिए गए। इस अवसर पर एडीओ पंचायत रमेश मिश्र, ग्राम प्रधान विद्यावती, प्रधानाध्यापक ईशपाल सिंह, शिक्षकगण एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे.

थाना समाधान दिवस पर एसपी राजेश द्विवेदी ने की जनसुनवाई, दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश

थाना सिंधौली पहुंचे पुलिस अधीक्षक, निरीक्षण में परखी व्यवस्थाएँ

समाज जागरण

शाहजहांपुर। थाना समाधान दिवस के अवसर पर शनिवार को पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने थाना सिंधौली पहुंचकर जनसुनवाई कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक शिकायत का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के बाद एसपी ने थाना परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने मालखाना, शस्त्रागार, रिकॉर्ड रूम, महिला हेल्प डेस्क और मिशन शक्ति केंद्र का बारीकी से जायजा लिया। मिशन शक्ति केंद्र में उन्होंने महिला कर्मियों से संवाद कर महिला सुरक्षा, शिकायत निस्तारण, साइबर अपराधों से बचाव और जन जागरूकता अभियानों की जानकारी प्राप्त की। उत्कृष्ट कार्य करने वाली कर्मियों की प्रशंसा करते हुए उन्हें प्रोत्साहित

किया। निरीक्षण के दौरान एसपी राजेश द्विवेदी ने थाना परिसर की स्वच्छता, अभिलेखों के सुव्यवस्थित रखरखाव और जनता के प्रति सौम्य व्यवहार बनाए रखने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस का मुख्य उद्देश्य जनता की सुरक्षा, त्वरित सहायता और न्याय सुनिश्चित करना है। जनसुनवाई में आई हर शिकायत का समाधान प्राथमिकता के आधार पर होना चाहिए। एसपी द्विवेदी ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि लापरवाही या देरी किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने थाना स्टाफ को जनसुनवाई के महत्व के प्रति सजग रहने और हर पीड़ित को न्याय दिलाने की जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी सहित पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

चिकित्सा प्रभारी की सक्रियता से सामान्य प्रसव हुआ सम्भव

समाज जागरण अनिल कुमार

हरहुआ वाराणसी। चिकित्सक की सक्रियता से हर किसी को मिल सकती है बड़ी राहत। यह करके दिखाया है प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरहुआ के चिकित्साधिकारी डॉ0 सन्तोष कुमार ने।

शनिवार को ओपीडी के दौरान क्षेत्र के कानूडीह ,सरसवा गांव की करीना उम्र 26 वर्ष महिला को आशा कार्यकर्ती चंदा देवी व सास के साथ अस्पताल पहुंची। पेट मे बच्चा उल्टा होने व दर्द की जानकारी प्रभारी को स्टाफ नर्स ने दिया। तत्काल तत्परता दिखाते डॉ0 मनु चतुर्वेदी को लेकर स्टाफ नर्स संजू यादव ,एएनएम निर्मला त्रिपाठी को निर्देशित करते हुए प्राथमिक उपचार करते हुए नॉर्मल प्रसव कराने में सफलता प्राप्त की। शिशु (कन्या) का वजन 2किलो 675 ग्राम जिसको एम.एनसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया जहां जच्चा- बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। सिजेरियन प्रसव से बच जाने पर मरीज और परिजनों पति सास ने राहत की सांस ली।

प्रभारी चिकित्सा अधिकारी हरहुआ ने अवगत कराया कि चिकित्सालय में हर प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध हैं क्षेत्रवासी इसका लाभ ले सकते हैं। किसी भी आकस्मिकता को परखते हुए उच्च संस्थान से संपर्क कर सिजेरियन प्रसव भी कराने की सुविधा है।

डीसीपी गोमती जोन ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

समाज जागरण रंजीत तिवारी

रामेश्वर वाराणसी।। जंसा थाना परिसर में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान डीसीपी गोमती जोन आकाश पटेल ने दोपहर 10 बजे से फरियादियों की समस्याएं सुनीं। बड़ी संख्या में लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे।डीसीपी पटेल ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को मौके पर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि फरियादियों को न्याय दिलाना पुलिस की प्राथमिकता है और किसी भी मामले में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

समाधान दिवस पर सर्वाधिक मामले भूमि विवाद से संबंधित थे। डीसीपी ने थाना प्रभारी अनिल कुमार शर्मा को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए और आवेदकों को संतोषजनक समाधान प्रदान किया जाए।

इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों ने फरियादियों से सौहार्दपूर्ण व्यवहार करने और उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाने का भरोसा दिलाया। थाना प्रभारी अनिल कुमार शर्मा और थाने के उपनिरीक्षक सहित राजस्व निरीक्षक ओम प्रकाश दुबे अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

लोधी कल्याण सेवा संगठन की मीटिंग डाडिया बाजार में हुई संपन्न

समाज जागरण

शाहजहांपुर जिले के तिलहर क्षेत्र के डाडिया बाजार में राज टैंट हाउस पर लोधी कल्याण सेवा संगठन की बैठक का आयोजन हुआ। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय श्री सुरेश वर्मा जी का संगठन के राष्ट्रीय महासचिव रामगोपाल वर्मा ने फूलमाला पहनाकर स्वागत किया राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश कुमार वर्मा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में लगातार लोधी समाज पर हत्याचार हो रहा है। और लोधी समाज की कोई सुनने वाला नहीं है,जबकि लोधी समाज भाजपा का कोर वोट है सदैव भाजपा को वोट करता है। इसके बावजूद भाजपा सरकार में लोधी समाज की उपेक्षा की जा रही है। राष्ट्रीय महासचिव रामगोपाल वर्मा ने कहा समाज शराब बीड़ी सिगरेट गुटखा जैसी घातक चीजों में जितना पैसा बर्बाद करता है यदि वही पैसा बचाकर अपने बच्चों की पढ़ाई लिखाई पर खर्च करने लगे तो निश्चित ही समाज उन्नति की ओर अग्रसर होगा।शिक्षा ही एक मात्र ऐसी चाबी जो उन्नति के हर ताले को खोल सकती है। रामगोपाल वर्मा ने संगठन के कार्यकताओं व समाज के लोगों से राजनीति में बढ़चढ़ कर भाग लेने को कहा। राजनीति किसी भी समाज के विकास का आधार होती है।और सभी से एकजुट रहने की अपील की।

इस दौरान हरिश्चंद्र वर्मा रामपाल वर्मा मोहन वर्मा जी आदि समाज के दर्जनों लोग मौजूद रहे।

दोदराजपुर रामलीला मेले में चल रहे अश्लील डांस के खिलाफ सभासदों ने सौंपा ज्ञापन

समाज जागरण

शाहजहांपुर तिलहर नगर के दोदराजपुर में चल रहे श्रीरामलीला मेले में अश्लील डांस व डांस पार्टियों को बंद कराने को लेकर नगर के सभासदों ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार दीपेंद्र कुमार को सौंपा ज्ञापन के माध्यम से सभासदों ने अवगत कराया है कि दोदराजपुर में विगत कई वर्षों से रामलीला मिल का आयोजित होता आ रहा है,लेकिन पिछले कुछ वर्षों से मेला समिति के कुछ लोग अपने निजी स्वार्थ में अश्लील डांस पार्टियों का आयोजन करा रहे हैं! डांस पार्टियों में आसपास के कस्बों और जिलों से लोग पहुंचते हैं, जो शराब के नशे में अभद्र हरकतें करते हैं और मोहल्ले में आने-जाने वाली महिलाओं से अशोभनीय व्यवहार करते हैं। इससे स्थानीय लोगों में भारी रोष व्याप्त है।

सभासदों ने बताया कि पूर्व में भी इस संबंध में शिकायत डीएम और एसपी से की गई थी, जिसके बाद प्रशासन ने ऐसे आयोजनों पर रोक लगाई थी।इसके बावजूद इस वर्ष भी बिना अनुमति के अश्लील नृत्य का आयोजन किया जा रहा है । धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन की आड़ में इस तरह की गतिविधियां समाज में गलत संदेश देती हैं। सभासदों ने मांग की है कि धार्मिक कार्यक्रम रामलीला मेले में अश्लील नृत्य से भावनाओं का अपमान होता है! रामलीला मेले में चल रही अश्लील डांस पार्टियों को तत्काल बंद कराया जाए और जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए इस दौरान संदीप रस्तोगी, अभिषेक सिंह,अमित कुमार, अजमा शाहीन, जबीदा व रेशनवती आदि सभासद मौजूद रहे।

मिशन शक्ति के तहत छात्रा वैष्णवी बनी एक दिन की जेल अधीक्षक

समाज जागरण

शाहजहांपुर शनिवार को जेल में मिशन शक्ति 5.0 के तहत लीड कान्वेंट स्कूल की छात्रा वैष्णवी सक्सेना को एक दिन के लिए जेल अधीक्षक और जोया फातिमा को सह जेल अधीक्षक बनाया गया। वैष्णवी ने जेल का कार्यभार संभाला। इस दौरान जेल में बहु-बेटी सम्मेलन का भी आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और उनकी समस्याओं पर चर्चा की गई और उन समस्याओं को सुलझाया भी।

वरिष्ठ जेल अधीक्षक मिजाजी लाल ने दोनों बेटियों को वरिष्ठ जेल अधीक्षक मिजाजी लाल ने अपनी कुर्सी पर बिठाया और बंदियों को पेश करा कर उनकी समस्याएं सुनी और दोनों बेटियों ने बंदियों की समस्यायों को सुनकर उनका समाधान किया। वरिष्ठ जेल अधीक्षक ने दोनों बेटियों को जीवन में उच्चतम शिखर तक पहुंचने के लिए प्रेरणा एवं आशीर्वाद दिया।

सहयोग संस्था के विकास सक्सेना,शालू सक्सेना, अनवर मियां और लीड कॉन्वेंट स्कूल की प्रधानाचार्या तराना जमाल, निदेशक मोहम्मद जमाल और शिक्षिका फराह खान, नीतू सक्सेना, रीमा सक्सेना, चांदनी अनवर,समीना सिद्दीकी, दीपक दीक्षित रहे।

आस्था का महापर्व नहाय-खाय के साथ चार दिवसीय छठ पूजा प्रारंभ

समाज जागरण

अमलाई। नहाय-खाय के साथ चार दिवसीय महापर्व पूर्ण आस्था के साथ मनाया जाता है। नगर परिषद परिसर स्थित बरगवां वार्ड क्रमांक 3, वार्ड क्रमांक 13 संजयनगर तलैया, इंदिरा नगर, अमलाई थाना रोड स्थित तलैया में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। प्रथम दिन,नहाय-खाय,शरीर और मन की शुद्धि का प्रतीक है ।व्रती सुबह जल्दी उठकर नदी या तालाब में स्नान करते हैं और घर की सफाई करते हैं ।सात्विक भोजन में चावल,चने की दाल और लौकी की सब्जी शामिल होती है,जिसे बिना लहसुन-प्याज और कम मसालों से पकाया जाता है।

खरना संयम और भक्ति का दिन

दूसरे दिन 26 अक्टूबर बुधवार को खरना के साथ नगर परिषद बरगवां वार्ड क्रमांक 3 स्थित तलैया, संजय नगर,मलाई थाना रोड में दोपहर 12 बजे सूर्यषष्ठी छठ महापर्व के पूजा वंदन के साथ आरंभ होगा।

खरना,संयम और धैर्य का प्रतीक है ।व्रती पूरे दिन निर्जला उपवास रखते हैं ।सूर्यास्त के बाद छठी मइया की पूजा में गुड़ की खीर,रोटी और फल अर्पित किए जाते हैं ।प्रसाद बनाने में मिट्टी के चूल्हे और आम की लकड़ी का उपयोग होता है ।पूजा के बाद व्रती और परिवारजन प्रसाद ग्रहण करते हैं और 36 घंटे के कठिन निर्जला व्रत की शुरूआत होती है।

डूबते और उगते सूर्य को अर्घ्य

तीसरे दिन 27 अक्टूबर को सूर्यास्त से पूर्व प्रथम अर्घ्य व्रती नदी या तालाब के किनारे डूबते सूर्य को अर्घ्य देते हैं ।बांस की टोकरी में ठेकुआ,फल और अन्य प्रसाद सजाकर दूध और जल अर्पित किया जाता है। चौथे दिन 28 अक्टूबर को सूर्योदय के साथ द्वितीय अर्घ्य अर्पित कर छठी मैया की पूजा संपन्न की जाएगी ।सुबह सूर्योदय के समय उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत खोला जाता है और प्रसाद बांटा जाता है ।यह सूर्य षष्ठी महापर्व नई शुरूआत और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश देता है।

सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व

छठ पूजा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं,बल्कि सामाजिक एकता का भी प्रतीक है ।पूरा समुदाय घाटों को सजाता है और लिंग,जाति या आर्थिक स्थिति की परवाह किए बिना शामिल होता है ।छठ के गीत और परंपराएं इसे और जीवंत बनाते हैं ।यह पर्व भक्ति,अनुशासन और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का संदेश देता है।

मां से अवैध संबंधों में बाधक 7 साल के बच्चे की हत्या करने वाला मुठभेड़ में गिरफ्तार

समाज जागरण सुनील बाजपेई

कानपुर। मां से प्रेम बनाम अवैध संबंधों में बाधक बने 7 साल के एक मासूम बच्चे की निर्मम हत्या करने वाले युवक को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवक द्वारा पूछताछ में पुलिस को दी गई जानकारी के मुताबिक वह अपनी प्रेमिका यानी बच्चों की मां को अपने साथ ले जाना चाहता था, लेकिन वह सात साल के मासूम को छोड़कर जाने को तैयार नहीं थी। इसीलिए उसने उसे मौत के घाट उतार दिया। यह घटना बर्रा थाना क्षेत्र के हरदेव नगर की है ,जहां 7 साल के एक बच्चे की हत्या उसकी ही मां के प्रेमी ने गला घोट कर कर दी थी। पुलिस के मुताबिक आरोपित युवक खिलौना दिलाने के बहाने मासूम को अपने साथ ले गया था। काफी देर तक उसके घर न लौटने पर स्वजन ने तलाश की। मासूम का कुछ पता नहीं चलने पर यूपी-112 पर सूचना दी। पुलिस सीसी कैमरे की मदद से पांडु नदी के किनारे तक पहुंची, जहां मासूम का शव नदी के किनारे पड़ा मिला। इसके बाद फोरेंसिक और पुलिस के अधिकारियों को जानकारी दी गई। मौके पर संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था आशुतोष कुमार ने पहुंचकर पड़ताल की। फोरेंसिक टीम के साक्ष्य जुटाने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जिसके बाद हत्यारे की तलाश के लिए पुलिस की तीन टीमें लगा दी गई थीं। दिस इस अराउंड मुखबिर की सटीक सूचना पर उसे मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त कर ली गई। उसके पास से तमंचा और कारतूस भी बरामद किए गए हैं। घटना के बारे में प्राप्त विवरण के मुताबिक मूलरूप से घाटमपुर के रामसारी गांव निवासी राजमिस्त्री करीब आठ महीने पहले बर्रा निवासी जेएल वर्मा के हरदेव नगर स्थित मकान में किराए पर रहने आया था। परिवार में पत्नी, एक बेटी और दो बेटे थे। छोटा बेटा सात साल का था। मां के मुताबिक दोपहर डेढ़ बजे मकान में ही किराए पर रहने वाला मूलरूप से फतेहपुर का रहने वाला आरोपित शिवम सक्सेना बेटे को खिलौना दिलाने के बहाने घर से ले गया था। दोपहर दो बजे तक दोनों घर नहीं लौटे तो तलाश शुरू की, लेकिन दोनों को कुछ भी पता नहीं चला। आरोपित को फोन करके जानकारी करने का प्रयास किया, लेकिन उसने भी फोन नहीं उठाया। दोपहर करीब 3:30 बजे तक बेटे का कुछ पता नहीं चला तो यूपी-112 को सूचना दी। इसके बाद थाना पुलिस मौके पर पहुंची और सीसी कैमरे की मदद से दोनों की तलाश शुरू की गई। सीसी कैमरे की फुटेज में आरोपित स्नेही चौराहा से आटो में मासूम को ले जाते दिखा। इसके बाद पुलिस सीसी कैमरों की फुटेज खंगालते हुए अर्रा-दो तक पहुंची। पुलिस के अनुसार इस दौरान पांडु नदी के आसपास सर्च अभियान चलाया गया। करीब एक घंटे की तलाश के बाद मासूम का शव नदी के किनारे पड़ा मिला। पुलिस ने बताया कि आरोपी युवक को मुठभेड़ में गिरफ्तार करने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

पेंशनर्स कोषागार में आये बिना ही जनसेवा केन्द्र/साइबर कैफे से डिजीटल लाईफ सर्टिफिकेट जनरेट करायें

समाज जागरण दैनिक
विश्व नाथ त्रिपाठी

प्रतापगढ़। वरिष्ठ कोषाधिकारी अनामिका सिंह ने बताया है कि जनपद प्रतापगढ़ के कोषागार से पेंशन प्राप्त करने वाले ऐसे पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर, जिनको अपना जीवित प्रमाण-पत्र जमा करना है, ऐसे पेंशनर अपने निकटतम जनसेवा केन्द्र एव साइबर कैफे से jeevanpramaan.gov.in वेबसाईट तथा नजदीकी डाक घर के माध्यम से डिजीटल लाईफ सर्टिफिकेट जनरेट कर प्रेषित कर सकतें है। इस प्रकिया में पेंशनर्स को न तो कोषागार में आना पड़ेगा और न ही हार्ड कापी भरकर कोषागार में देने की आवश्यकता है और पेंशनर/

पारिवारिक पेंशनर लम्बी /कष्टप्रद/ असुरक्षित यात्रा कर कोषागार में आये बिना सुविधापूर्वक पेंशन प्राप्त करते रहेगें।

मिशन शक्ति के तहत जागरूकता चौपाल में महिलाओं को किया गया जागरूक

समाज जागरण दैनिक
विश्व नाथ त्रिपाठी

प्रतापगढ़। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया है कि विकास खण्ड लक्ष्मणपुर के ग्राम पूरे नेवाजी शुकुलपुर में ह्लमिशन शक्तिह्व फेज-5 के अन्तर्गत जागरूकता चौपाल कार्यक्रम का आयोजन हव फॉर इम्पावरमेन्ट की टीम द्वारा किया गया जिसमें उपस्थित महिलाओं को घरेलू हिंसा/दहेज उन्मूलन विषयों पर चर्चा की गयी एवं विभाग द्वारा संचालित योजनायें जैसे-निराश्रित महिला पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, उ०प्र० मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पांसरसिप योजना, बेटी बचाओ बेटी पढाओं, वन स्टाप सेन्टर, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 एवं हेल्पलाइन नम्बर 1090, 181, 112 के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में गांव की महिलायें आदि लोग उपस्थित रहे।

मोहनलालगंज सहायक पुलिस आयुक्त रजनीश वर्मा को स्थानीय जनता व पुलिसकर्मियों ने माल्यार्पण कर सम्मान पूर्वक विदाई की

विवेक कुमार संवाददाता
दैनिक समाज जागरण

लखनऊ। शुक्रवार के दिन लखनऊ पुलिस के निम्न सहायक पुलिस आयुक्त स्तर के राजपत्रित अधिकारीगण को अलग जगहों पर स्थानांतरित किया गया। स्थानांतरित किये गए अधिकारियों में सहायक पुलिस आयुक्त लखनऊ नवरत्न गौतम को लखनऊ यातायात में सहायक पुलिस आयुक्त पद पर नवीन तैनाती दी गईं है, वही सहायक पुलिस आयुक्त सतीश कुमार राय को लखनऊ यातायात में सहायक पुलिस आयुक्त पद पर नवीन तैनाती दी गईं है, इसके आलावा लखनऊ के कृष्णानगर सहायक पुलिस आयुक्त विकास कुमार पाण्डेय को कृष्णानगर से स्थानांतरित कर सहायक पुलिस आयुक्त मोहनलालगंज में नवीन तैनाती दी गईं है, और सहायक पुलिस आयुक्त मोहनलालगंज रजनीश वर्मा को मोहनलालगंज से स्थानांतरित कर कृष्णानगर सहायक पुलिस आयुक्त के पद पर नवीन तैनाती दी गईं है। इस आदेश के बाद शनिवार के दिन मोहनलालगंज कोतवाली परिसर में सहायक पुलिस आयुक्त रजनीश वर्मा की विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन थाना प्रभारी दिलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में किया गया। इस मौके क्षेत्रीय जनता के दिलों पर राज करने वाले ईमानदार और बेदाग छवि के तेज तर्रार मोहनलालगंज सहायक पुलिस आयुक्त रजनीश वर्मा की फूल मालाओ को पहनाकर सम्मान पूर्वक विदाई की इस दौरान सहायक पुलिस आयुक्त रजनीश वर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया। क्षेत्रीय नागरिकों ने बताया की सहायक पुलिस आयुक्त रजनीश वर्मा का व्यवहार सभी के प्रति अच्छा रहा बहुत ही सक्रिय होकर उन्होंने क्षेत्रीय समस्याओं को ध्यान में रखते हुए किसी को असुविधा न हो सके इस बात का विशेष ध्यान देकर पूरी ईमानदारी के साथ ड्यूटी निभाई। इसके साथ लगातार क्षेत्रीय लोगों के बीच चौपाल आयोजित कर लोगों को कई महत्वपूर्ण चीजों के बारे में जानकारी देकर जागरूकता फैलाने का सराहनीय कार्य किया। इस दौरान विदाई कार्यक्रम में थाना मोहनलालगंज की समस्त महिला व पुरुष पुलिसकर्मी स्थानीय नागरिक शामिल रहे। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार धीरज तिवारी ने अपने पत्रकार साथियों व अपनी ओर से नवीन तैनाती के लिए सहायक पुलिस आयुक्त रजनीश वर्मा को विशेष शुभकामनायें दी।

पैरिचुआ में अमृत तालाब निर्माण में भारी अनियमितताएं

ठेकेदार के इशारे पर चल रहा काम, पंचायत पर भ्रष्टाचार के आरोप

समाज जागरण

कोतमा। कोतमा जनपद के ग्राम पंचायत पैरिचुआ में लाखों रुपये की लागत से बनाए जा रहे अमृत तालाब निर्माण कार्य पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्राम पंचायत निर्माण एजेंसी होने के बावजूद यह कार्य ठेकेदार वंश गोपाल को सौंप दिया गया है, जो अपने मनमाने तरीके से निर्माण कार्य कर रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस परियोजना में जमकर भ्रष्टाचार और अनियमितताएं की जा रही हैं, और पंचायत अधिकारी भी इस पूरे खेल में शामिल हैं।

जानकारी के अनुसार, जिस स्थान पर अमृत तालाब का निर्माण किया जा रहा है, वहां से महज 20 मीटर की दूरी पर पहले से ही लाखों रुपये की लागत से चेक डैम बनाया गया था। चेक डैम का उद्देश्य बरसात के पानी को रोककर किसानों के लिए सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराना था। लेकिन अब उसी क्षेत्र में फिर से अमृत तालाब बनवाने का कार्य शुरू किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यह कार्य केवल फाइलों में पैसा निकालने के लिए किया जा रहा है, क्योंकि जहां तालाब बन रहा है, वहां पहले से पर्याप्त जलस्रोत मौजूद हैं।

जहां जरूरत नहीं, वहीं बन रहा तालाब

ग्राम पंचायत पैरिचुआ के समीप चौडार नाला सदैव बहाव में रहता है, जिससे आस-पास के खेतों में सिंचाई की कोई समस्या नहीं रहती। बावजूद इसके, महज 30 मीटर की दूरी पर नया अमृत तालाब बनाया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस योजना का चयन पूरी तरह अव्यवहारिक और भ्रष्ट मंशा से किया गया है। पहले से बने चेक डैम के पास मिट्टी डालकर, एक तरफ मेढ़ खड़ी कर, उसे ही तालाब का रूप दे दिया गया है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत एजेंसी और ठेकेदार की मिलीभगत से शासन की राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है। ठेकेदार को लाभ पहुंचाने के लिए पंचायत स्वयं कार्य न करके उसे ठेका सौंप चुकी है, जबकि अमृत तालाब योजना के नियमों के अनुसार निर्माण कार्य ग्राम पंचायत के माध्यम से कराया जाना चाहिए।

ठेकेदार के इशारे पर चल रहा है निर्माण

ग्राम पंचायत के सरपंच और सचिव पर आरोप है कि उन्होंने ठेकेदार वंश गोपाल के साथ मिलकर अमृत तालाब का कार्यभार सौंपा है। बताया जा रहा है कि निर्माण स्थल पर गुणवत्ता का कोई ध्यान नहीं रखा जा रहा। तालाब के किनारों की खुदाई ठीक से नहीं की जा रही और घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि यदि स्वतंत्र जांच टीम बनाकर स्थल निरीक्षण किया जाए तो पूरे घोटाले का पदार्फाश हो जाएगा।

इंजीनियर और एसडीओ की भूमिका संदिग्ध

अमृत तालाब योजना का उद्देश्य किसानों को जल-संरक्षण के माध्यम से सिंचाई सुविधा देना था, लेकिन यहां मामला उल्टा है। सूत्रों का कहना है कि स्थानीय इंजीनियर और एसडीओ की मिलीभगत से ही यह फर्जी निर्माण संभव हो पा रहा है। पूर्व में बने नाले और चेक डैम के पानी को रोककर उसे अमृत तालाब का नाम दिया जा रहा है, जबकि वास्तविकता में नया निर्माण नहीं किया जा रहा। इस मिलीभगत से जहां शासन को लाखों रुपये का नुकसान हो रहा है, वहीं किसानों को अमृत तालाब योजना से मिलने वाला वास्तविक लाभ भी नहीं मिल पा रहा है।

ग्रामीणों ने मांगी जांच

स्थानीय ग्रामीणों ने कलेक्टर और जनपद सीईओ से मांग की है कि पैरिचुआ में बन रहे अमृत तालाब की जांच टीम गठित कराई जाए और मौके पर जाकर पूरे कार्य की सच्चाई सामने लाई जाए। ग्रामीणों का कहना है कि अगर सही जांच की गई तो यह मामला भ्रष्टाचार और सरकारी धन की लूट का बड़ा उदाहरण साबित होगा।

भ्रष्टाचार का प्रतीक बना अमृत तालाब

पैरिचुआ का अमृत तालाब किसानों की सुविधा नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार का प्रतीक बनता जा रहा है। जिस जगह पहले से जलस्त्रोत और चेक डैम मौजूद है, वहां लाखों रुपये का नया तालाब बनाना शासन की योजनाओं के साथ खिलवाड़ है। जिम्मेदार अधिकारी और पंचायत प्रतिनिधि अगर समय रहते नहीं चेते, तो यह मामला एक और अमृत तालाब घोटाला बन सकता है।

ग्राम पंचायत पड़ौर में थर्मल एनर्जी अदाणी समूह का पानी पाइपलाइन का जबरदस्त विरोध, बिना ग्राम सभा अनुमति के सर्वे पर भड़के ग्रामीण; कांग्रेस ने संभाला मोर्चा

ग्रामसभा की अनुमति के बिना थर्मल कंपनी ने शुरू किया सर्वे, आदिवासियों ने बताया यह उनकी जीवनरेखा पर हमला

समाज जागरण अनूपपुर/पड़ौरः

जिला मुख्यालय अनूपपुर के ग्राम पंचायत पड़ौर में अनूपपुर थर्मल एनर्जी (म०प्र०) प्राइवेट लिमिटेड द्वारा बिछाई जा रही भूमिगत वाटर पाइपलाइन के खिलाफ ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा है पूर्व सरपंच उमाकांत सिंह उईके की अगुवाई में ग्रामीणों ने एक बैठक आयोजित कर इस परियोजना का पुरजोर विरोध किया ग्रामीणों ने कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्याम कुमार उर्फ गुड्डू चौहान के माध्यम से एक ज्ञापन सौंपकर इस निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है

पूर्व सरपंच ने बयां की पीड़ा

बैठक की अगुवाई कर रहे पूर्व सरपंच उमाकांत सिंह उईके ने कहा, "मुख्य मुद्दा सोन नदी के किनारे बसे परासी, पड़ौर और धुर्वासिन क्षेत्र के लोगों के लिए पानी की समस्या है कंपनी के आने के बावजूद स्थानीय लोगों को पानी नहीं मिल रहा है, जबकि हमारा पानी कहीं और (छतवई) भेजा जा रहा है उन्होंने आरोप लगाया कि कंपनी ने आदिवासियों की जमीन "ऊपर-ऊपर सौदा" करके छीन ली है, जो कि कानूनन नहीं किया जा सकता उन्होंने नए "ऊर्जावान नेता" गुड्डू चौहान जी और मानवेंद्र मिश्रा जी से आशा व्यक्त की कि वे सरपंचों के साथ मिलकर पानी की समस्या का समाधान करेंगे और पानी को बाहर जाने से रोकेंगे

बिना ग्राम सभा अनुमति के सर्वे का आरोप

ग्रामीणों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन के अनुसार, ग्राम पंचायत पड़ौर एक पूर्णतः अनुसूचित क्षेत्र है इसके बावजूद, थर्मल एनर्जी कंपनी ने भूमिगत वाटर पाइपलाइन बिछाने के लिए बिना ग्राम सभा की अनुमति के निजी एवं शासकीय भूमि पर सर्वे कराकर पत्थरगढ़ी का काम किया है, जिसे ग्रामीणों ने "पूर्णतः गैर कानूनी" बताया है

जल संकट की आशंका से ग्रामीण भयभीत

ग्रामीणों ने अपनी अपत्ति में कहा है कि लगभग 10-15 वर्ष पूर्व मोजर बेयर कंपनी द्वारा धुरवासिन के पास सोन नदी को बांधकर बिजली उत्पादन हेतु पानी चढ़ाया गया था तब से गांव के पूर्व में स्थित केवई एवं सोन नदी मई-जून के महीने में सूख जाती हैं, जिससे गांव के कुएं और तालाब भी सूख जाते हैं

अब पुनः थर्मल एनर्जी द्वारा ग्राम के केवई व सोन नदी से ग्राम छतई के लिए भूमिगत पाइपलाइन ले जाई जा रही है ग्रामीणों को डर है कि इससे उनकी "जीवन रेखा" कही जाने वाली नदियों का स्रोत पूरी तरह प्रभावित हो जाएगा, जल स्तर गिर जाएगा और उन्हें विकराल जल संकट का सामना करना पड़ेगा ज्ञापन में कहा गया है कि गांव की अर्थव्यवस्था पूरी तरह कृषि पर आधारित है, जो इस परियोजना से बर्बाद हो जाएगी

कांग्रेस ने दिया समर्थन, प्रशासन और पेसा एक्ट पर उठाए सवाल

मौके पर पहुंचे कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्याम कुमार उर्फ गुड्डू चौहान ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि यह प्रोजेक्ट पहले वेलस्पन कंपनी के पास था, जो अब थर्मल एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर है, और अदाणी समूह का है

गुड्डू चौहान ने कहा, "कंपनी बिना ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित कराए, बिना किसानों की सहमति के यहां से पानी और उनकी जमीनें ले जाना चाहती है न वो सही मुआवजा देना चाहते हैं, न रोजगार देना चाहते हैं उन्होंने जिला प्रशासन पर आंखें मूंदकर बैठने का आरोप लगाते हुए कहा, "जिला प्रशासन पेसा एक्ट का भी पालन नहीं किया जा रहा है शासन और प्रशासन भूल जाते हैं कि गांव के गरीब और किसान ही उनके असली मालिक हैं और वे केवल नौकर हैं अगर वे जनता की बात नहीं मानेंगे, तो कांग्रेस पार्टी हर स्तर की लड़ाई लड़ेगी और जनता की बात मनवा कर ही दम लेगी

एकजुट रहने पर नहीं जाएगा एक बूंद पानीः मानवेंद्र मिश्रा

युवा कांग्रेस नेता मानवेंद्र मिश्रा ने भी ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा, "मिटा दो जुल्म की हस्ती, बगावत हो तो ऐसी हो यदि आप सभी गांव वाले एकजुट रहेंगे तो हम इस कंपनी को आपकी बिना परमिशन के यहां से एक बूंद पानी भी नहीं ले जाने देंगे ग्राम पंचायत पड़ौर का यह पूरा प्रकरण मध्य प्रदेश पेसा नियम 2022 (PESA Rules 2022) के सीधे उल्लंघन का एक स्पष्ट मामला प्रतीत होता है ये नियम अनुसूचित क्षेत्रों में "जल, जंगल और जमीन" पर अंतिम अधिकार ग्राम सभा को देते हैं

नियमों के अनुसार, किसी भी निजी या सरकारी परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण करने, सर्वे करने या गाँव के प्राकृतिक संसाधनों (जैसे नदी या तालाब) का उपयोग करने से पहले ग्राम सभा की "अनिवार्य सहमति" लेना आवश्यक है

ग्रामीणों ने अपने ज्ञापन में स्पष्ट मांग की है कि थर्मल एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्य को तत्काल प्रभाव से रोका जाए और इस परियोजना को किसी अन्य स्थान पर स्थापित किया जाए अब देखना होगा कि प्रशासन पेसा नियमों के उल्लंघन पर क्या कार्रवाई करता है और क्या ग्रामीणों की आवाज जल-जंगल-जमीन की रक्षा में सुनी जाती है इस दौरान सैकड़ो कांग्रेसी कार्यकर्ता व ग्रामीण जन उपस्थित रहे

सी एम हेल्प लाइन से टूट रही न्याय की आश

फोर्स क्लोज से शिकायतों का निराकरण

समाज जागरण

शहडोल --- मुख्यमंत्री जन शिकायत समस्या निवारण हेल्प लाइन 181 का गठन करने के पीछे मध्यप्रदेश शासन की मंशा सस्ता, सुलभ न्याय जन जन तक पहुचाने की थी और उसे कारगर बनाने के लिए मुख्यमंत्री डां मोहन यादव जी पूरे मनोयोग से लगे हुए हैं , अभी हाल में ही गुरूवार को सी एम हेल्प लाइन की शिकायतों की समीक्षा बैठक कर 3 कर्मियों को निलंबित करते हुए 19 अधिकारियों कर्मचारियों के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की गयी है,साथ ही 5 शासकीय सेवकों की वेतन वृद्धि रोकने 6 को कारण बताओं नोटिश जारी और 7 कर्मचारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही एवं 1के विरूद्ध विभागीय जांच संस्थित करने के सख्त निर्देश दिए गए है फिर भी जिलें में बैठे नौकर शाहो ने मुख्यमंत्री के इन प्रयासों पर पलीता लगाने में कोई कोर कसर नही छोड़ रहे हैं। मुख्यमंत्री का मानना है कि सी एम हेल्प लाइन की शिकायतों का त्वरित रूप से जिलों में बैठे प्रशासनिक अधिकारी समाधान करें लेकिन जिले में बैठे हुआ प्रशासनिक अमला उनके मूल उदेश्यो पर पानी फेरते हुए मूल रूप से समाधान करने की बजाय शिकायतों के समाधान के लिए फोर्स क्लोज के माध्यम से निपटारा करने पर आमदा दिखाई दे रहे हैं । एक नहीं अनेकों ऐसे संवेदनशील मामले प्रकाश में आये हैं जिन्हें जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने टालते टालते एक दिन मामले को फोर्स क्लोज में बंद कर मामले को सदा के लिए दफन कर दिया। ऐसा ही एक मामला शहडोल संभाग के अनूपपुर जिले के आदिवासी विकास खंड पुष्पराजगढ़ में प्रकाश में आया है। बताया जाता है की जन जातीय कार्य विभाग भोपाल के व्दारा एक अहम आदेश जारी कर प्रदेश भर में शिक्षक संवर्ग के शिक्षकों, कर्मचारियों और अधिकारियों के संलग्नीकरण समाप्त किये जाने के आदेश अपने पत्र क्र स्था/ 4 टी (27) 2024 / 2 3422 भोपाल दिनांक 10-12-24 के माध्यम से दिये गये थे जिस पर साफ तौर पर 18 दिसम्बर तक सभी संलग्नीकरण समाप्त कर आयुक्त भोपाल को सूचित किये जाने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन इस आदेश की धज्जियां उड़ाते हुए अनूपपुर के कतिपय अधिकारियों ने संलग्नीकरण के खेल को यथावत रखा, जिसकी शिकायत मुख्यमंत्री जन समस्या निवारण हेतु 181 के व्दारा शिकायत क्र 32380985 दिनांक 17-5-25 को दर्ज कराते हुए संलग्नीकरण आदेश के पालन करते हुए खरसौल में पदस्थ माध्यमिक शिक्षक जिन्हें हाई स्कूल बडी तुम्मी में संलग्न कर प्राचार्य का प्रभार से नवाजा गया था, को उनके मूल पदांकित शाला में पदस्थ करने का अनुरोध किया गया था। इस पर विभाग के अधिकारियों ने शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया और बाद में सुरेन्द्र पटेल की मूल पद स्थापना ही बड़ी तुम्मी हाई स्कूल में करा दी गई। यद्यपि इस मामले में विभागीय अधिकारियों ने चौकसी बरतते हुए जिले में बनी तबादला समिति के माध्यम से प्रभारी मंत्री का अनुमोदन हासिल कर उसे वैधानिक चोला पहनाया गया। इस पूरे खेल में विभागीय अधिकारियों ने खूब जेबें गर्म की और अपने आदेश क्र 2194 दिनांक 14-6-25 से खरसौल से बडी तुम्मी हाई स्कूल कर दिया गया है, और शिकायत के पांच महीने बाद सहायक आयुक्त अनूपपुर ने अपने पत्र क्र टी आर डी / 209/2025-0/0 टी आर बी एल - अनूपपुर कलेक्टर /1/5 5541 01/25 दिनांक 16 -10-25 के प्रस्ताव एवं कलेक्टर के अनुमोदन पर शिकायत को फोर्स क्लोज कराने का प्रस्ताव भेजा गया है । ध्यान देने योग्य है कि संवैधानिक पदो पर हर एक प्रशासनिक अधिकारी को अपने वरिष्ठ अधिकारियों के निदेर्शों के पालन करने के लिए बाध्य होते हैं लेकिन कलेक्टर अनूपपुर ने आयुक्त भोपाल के निदेर्शों के पालन न कर एक संवैधानिक मयार्दा का उल्लघंन तो किया ही मुख्यमंत्री समाधान में दर्ज शिकायत को फोर्स क्लोज कराने के मामले में भी एक बड़ी चूक की है। राज्य शासन के प्रतिनिधि के रूप में कलेक्टर को जिले में अपने विभाग में अपार शक्तियां मिली हुई है, लेकिन उनके प्रयोग के पहले यह विचार किया जाना आवश्यक होता है कि किसी भी वरिष्ठ अधिकारियों के अधिकारो का हनन नही होना चाहिए । जिले के प्रशासनिक अधिकारियों को किसी भी शिकायत के समाप्त करने के पहले उसकी यथा स्थित पर विचार किया जाना चाहिए, लेकिन इस मामले में कलेक्टर ने ध्यान नही दिया, अगर उन्होंने इस बात पर गौर किया होता तो शिकायत दिनांक और आदेशों के पालन न होने के वजह और दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही के पश्चात युक्त युक्त निराकरण करते। यह एक मामला हाडी के दो दाने है ऐसे अनेकों मामलों में फोर्स क्लोज का डण्डा चला कर जिले में बैठे आला अधिकारियों ने मुख्यमंत्री की महती जनोपयोगी योजना में कुठाराघात किया है। अलबत्ता इस मामले में शिकायत कर्ता ने पूरे दस्तावेज साक्ष्यों के साथ माननीय मुख्यमंत्री से मिलकर एक बार फिर से बासी कढी में उबाल लाने की तैयारी कर ली है। देखना लाजिमी है कि मुख्यमंत्री के निदेर्शों को धता बताने के आदी जिला हाई कमान तब किस पैतरे से अपने पालतू अधिकारियों को कवच कुण्डल पहनाकर बचाते है।

शिक्षक/स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में मतदाता बनने हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 06 नवम्बर निर्धारित

समाज जागरण दैनिक विश्वनाथ त्रिपाठी

प्रतापगढ़। उप जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य प्रजापति ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार उत्तर प्रदेश विधान परिषद के लखनऊ खण्ड स्नातक एवं लखनऊ खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित सदस्यों का कार्यकाल दिनांक 06 दिसम्बर 2025 को समाप्त होने के कारण अर्हता दिनांक 01.11.2025 के आधार पर निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का ह्यह्यडी-नोवोह्लह्ल पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी किया गया है। उन्होने बताया है कि स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र हेतु फार्म 18 या 19 में आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 06 नवंबर निर्धारित की गयी है। 20 नवंबर को पांडुलिपियों की तैयारी और आलेख्य निर्वाचक नामावलियों का मुद्रण होगा, 25 नवम्बर को निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन होगा। दावें-आपत्तियां दाखिल करने की अवधि 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक है। 25 दिसम्बर तक दावें-आपत्तियों का निस्तारण होगा और अनुपूरक सूची तैयार कर मुद्रित की जाएगी। निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 30 दिसंबर 2025 को होगा। उन्होने बताया है कि स्नातक निर्वाचन हेतु फार्म-18 एवं शिक्षक निर्वाचन हेतु फार्म-19 में आवेदन पत्र सीधे पदाभिहीत स्थलों में जमा किया जाना होगा। इसके अतिरिक्त आवेदक द्वारा वेबसाइट http://ceo uttarpr adesh. nic.in/ceoupmlc/पर आन लाइन आवेदन भी किया जा सकता है। उन्होने बताया है कि शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में मतदाता बनने हेतु अर्हताएं-ऐसा प्रत्येक व्यक्ति जो भारत का नागरिक है और उस निर्वाचन क्षेत्र का सामान्य रूप से निवासी है, निर्वाचक नामावली में शामिल होने का पात्र होने के लिये 01 नवम्बर 2025 से तत्काल पहले छः वर्षो के अन्तर्गत कम से कम तीन वर्ष तक की अवधि के लिये राज्य के भीतर ऐसे विनिर्दिष्ट शैक्षणिक संस्थान में शिक्षण कार्य में लगा हो, जिसका स्तर माध्यमिक विद्यालय से कम न हो। स्नातक निर्वाचन में मतदाता बनने हेतु अर्हताएं-ऐसा प्रत्येक व्यक्ति जो भारत का नागरिक हो, उस निर्वाचन क्षेत्र का सामान्य रूप से निवासी है तथा 01 नवम्बर 2025 से कम से कम तीन वर्ष पहले या तो भारत के राज्य क्षेत्र में किसी विश्वविद्यालय का स्नातक है अथवा समतुल्य अर्हता रखता है तो वह निर्वाचक नामावली में शामिल होने का पात्र है। तीन वर्ष की अवधि का परिकलन उस तारीख से किया जायेगा जब से विश्वविद्यालय या अन्य सम्बन्धित प्राधिकरण द्वारा अर्हक डिग्री परीक्षा का परिणाम घोषित और प्रकाशित किया गया था।

अलग-अलग मार्ग दुर्घटनाओं में चार घायल

समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर। जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अन्तर्गत बीती 24 घन्टों के अन्तराल में हुये सड़क हादसों के दौरान महिला समेत लगभग आधा दर्जन लोग घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार राधानगर थाना क्षेत्र के खम्भापुर निवासी मो0 साबिर की 42 वर्षीय पत्नी शहजादी ई-रिक्शे में बैठकर सदर अस्पताल इलाज कराने आ रही थी। जैसे ही ई-रिक्शा सदर अस्पताल के सामने पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर ई-रिक्शा पलट गया। जिससे महिला घायल हो गयी। इसी प्रकार असोथर थाना क्षेत्र के छिछनी गांव निवासी राम लाल का 56 वर्षीय पुत्र शिवबालक साइकिल से पीएसी आ रहा था। तभी खम्भापुर के पास पीछे से आ रहे लोडर ने टक्कर मार दिया। जिससे वह घायल हो गया। इसी प्रकार मलवां थाना क्षेत्र के रावतपुर गांव निवासी श्याम लाल का 25 वर्षीय पुत्र. गगन सिंह बाइक से शहर आ रहा था। तभी लखनऊ बाईपास के समीप अनियंत्रित होकर बाइक गिर जाने से घायल हो गया। उधर असोथर थाने के झब्बापुर गांव निवासी लखन का 23 वर्षीय पुत्र रविराज राजपूत बाइक से शहर आ रहा था। जब वह गांव से कुछ दूर पहुंचा तभी सड़क पार कर रही गाय से बाइक टकरा गयी। जिससे वह घायल हो गया। इसी तरह हुसैनगंज थाना क्षेत्र के सथरिया का पुरवा मजरे जमरावां निवासी स्व0 बरूआ का 26 वर्षीय पुत्र कैलाश ई-रिक्शा चालक है। बताते है कि सवारी छोड़ घर जाते समय बेरा गढीवा के पास पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर बाइक गिर जाने से घायल हो गया। उधर घटना की सूचना पाकर मौके में पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने सभी घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

कप्तान साहब : आखिर कब सुलझेगी आलिया के मौत की गुत्थी !

आत्महत्या और हत्या की जांच में उलझी गोल्हौरा पुलिस।

समाज जागरण

सिद्धार्थनगर। करीब पांच दिन पूर्व जिले की एक नव विवाहिता की ससुराल में संदिग्ध मौत ने इलाके में सनसनी फैला दी है, जानकारी के अनुसार गोल्हौरा थाना क्षेत्र के खमहरिया गांव की रहने वाली आलिया नामक युवती का शव बस्ती जिले के सोनहा थाना क्षेत्र के बडौगी गांव स्थित ससुराल में फंदे से लटका मिला, मायके पक्ष ने इसे आत्महत्या नहीं, बल्कि दहेज के लिए की गई हत्या बताया है, परिजनों के अनुसार, नवविवाहिता की शादी लगभग 11 महीने पहले बडौगी गांव निवासी एक युवक से हुई थी, सोमवार देर रात उसका शव कमरे के अंदर रस्सी से झूलता मिला. ससुराल वालों का कहना है कि उसने खुदकुशी की है, वहीं मायके वालों ने दावा किया कि उसे दहेज की मांग पूरी न होने पर मार डाला गया, मृतका के भाई वसीम ने सोनहा थाने में दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि शादी के बाद से ही पति और ससुराल वाले पांच लाख रुपये नकद और अन्य घरेलू सामान की मांग कर रहे थे, जब परिवार ने असमर्थता जताई, तो युवती के साथ मारपीट और मानसिक उत्पीड़न शुरू हो गया, परिजनों का कहना है कि ससुराल वालों ने घटना की जानकारी छिपाने की कोशिश की और किसी तरह गांव के एक व्यक्ति से उन्हें इसकी सूचना मिली, मौके पर पहुंचे मायके पक्ष ने हंगामा किया, पुलिस ने प्रारंभिक जांच में इसे आत्महत्या बताया था, लेकिन परिजनों के विरोध के बाद मामला हत्या में दर्ज किया गया, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, रिपोर्ट के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया, बताते चलें कि खमहरिया गांव में अंतिम संस्कार भी किया गया, मृतका के पिता ने कहा कि दहेज की हवस ने उनकी बेटी की जिंदगी छीन ली, पुलिस ने मामले की गहन जांच शुरू कर दी है और ससुराल पक्ष से पूछताछ जारी है। सूत्रों के अनुसार पूरी घटनाक्रम पर नजर डाला जाए तो यह तो स्पष्ट होता है कि यदि विवाहिता ने स्वयं ही आत्महत्या किया है तो, उसहे पीछे की वजह ससुराल वालों का प्रताड़ना ही रहा होगा, क्योंकि कोई भी खुद की जिंदगी का सौदा करने में सैकड़ो बार सोचेगा, तो वहीं पर यह भी प्रश्न उठना लाजिमी है कि यदि मृतक नवविवाहिता ने मायके वालों को दहेज प्रताड़ना की खबर बताती रहती थी तो मायके वाले सतर्क क्यों नहीं हुए और पुलिस में इसकी शिकायत क्यों नहीं किए। फिलहाल पुलिसिया जांच का दायरा बढ़ने से ही स्पष्ट हो पाएगा कि आखिर नवविवाहिता की जान का दुश्मन कौन बना।

कन्नौज: सांसद सेवक के प्रतिष्ठान पर एफएसडीए टीम का छापा, भरे गए मिठाइयों के नमूने

समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी

कन्नौज। जनपद में आमजन को शुद्ध,ताजे तथा गुणवत्तापरक खाद्य तथा पेय पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित कराये जाने एवं मिलावटी खाद्य व पेय पदार्थों के निर्माण, वितरण व बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने हेतु प्राप्त अभिसूचना के आधार पर आज मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी संतोष कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों अनिल कुमार राठौर, सर्वेश कुमार, मंजरी मिश्रा एवं अरविंद कुमार साहू के छापामार दल द्वारा तिर्वा तहसील क्षेत्र में दुर्गा नगर तिर्वा स्थित सर्वेश बाथम पुत्र मुन्नालाल बाथम निवासी अंबेडकरनगर, तिर्वा के मिठाई निर्माण एवं विक्रय प्रतिष्ठान मां अन्नपूर्णा स्वीट हाउस पर छापा मारकर, अत्यंत अस्वच्छकर दशाओं में विक्रय हेतु निर्मित पाई गई, विभिन्न दूषित मिठाइयों के दृष्टिगत प्रतिष्ठान पर प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही करते हुए, बालूशाही का 01 नमूना, बूंदी के लड्डू का 01 नमूना, छेना मिठाई का 01 नमूना एवं रंगीन इमरती के 01 नमूने सहित कुल 04 नमूने जांच हेतु संग्रहित करते हुए, लगभग 50 किलोग्राम दूषित छेना मिठाई सहित अन्य 25 किलोग्राम दूषित मिठाइयां, मौके पर खाद्य कारोबारकर्ता की सहमति से विनिष्ट कराई गई। उल्लेखनीय है कि स्व. मुन्नालाल बाथम सांसद सेवक के नाम से विख्यात थे और सांसद अखिलेश यादव के बेहद करीबी माने जाते थे। इसके साथ ही तिर्वा स्थित राजू चौरसिया के धौलेश्वर किराना स्टोर से बेसन का 01 सर्विलांस नमूना जांच हेतु संग्रहित किया गया।

आज संग्रहित उपरोक्त सभी 05 नमूनों को जांच हेतु प्रयोगशाला प्रेषित किया जा रहा है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत तद्नुसार अग्रिम कठोर विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, संतोष कुमार श्रीवास्तव द्वारा इस अभियान के दौरान खाद्य कारोबार कताओं सहित आम जन को रंगीन, मिलावटी तथा दूषित खाद्य पदार्थ एवं मिलावट के हानिकारक प्रभाव तथा उनके स्थानीय परीक्षण की विधियों की जानकारी देते हुए खाद्य पदार्थों के उपयोग के संबंध में जागरूक किया गया।

जनपद में आमजन को गुणवत्तापरक खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से मुख्यालय से प्राप्त आदेशों के अनुपालन में जिलाधिकारी महोदय के निर्देश के अनुसार अभियान नियमित रूप से चलाया जाएगा।

कन्नौज: जिला मुख्यालय से ग्राम पंचायतों तक पटेल जयंती पर होंगे भव्य कार्यक्रम

प्रभारी मंत्री ने बैठक कर प्रेस को दी जानकारी

समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी

कन्नौज। जिले की प्रभारी मंत्री, राज्यमंत्री उच्च शिक्षा, रजनी तिवारी ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर एक भारत, आत्मनिर्भर भारत अभियान के आयोजन के संबधं में अधिकारियों के साथ बैठक एवं प्रेस प्रतिनिधियों के साथ वार्ता कर विस्तृत जानकारी दी।

इस दौरान मंत्री ने बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों के द्वारा बनायी गयी सरदार वल्लभभाई पटेल विषयक रंगोली का अवलोकन कर सराहना की तथा सरदार वल्लभभाई पटेल के व्यक्तित्व पर आधारित प्रर्दशनी का अवलोकन किया। इस दौरान मंत्री ने स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के अर्न्तगत गौतमबुद्व बालिका डिग्री कालेज, की छात्रा सपना राजपूत, पारूल देवी व मुस्कान को टेबलेट वितरित कर सम्मानित किया।

मंत्री ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती के अवसर पर विकसित भारत पदयात्रा आयोजित की जा रही हैं, जिसका उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय गौरव जगाना, समाज के प्रति जिम्मेदारी को बढ़ाना और एकता की भावना को मजबूत करना हैं, यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन भागीदारी से राष्ट्र निर्माण के विजन से प्रेरित हैं। इस पहल के तहत 6 अक्टूबर 2025 को सरदार150 यूनिटी मार्च की शुरूआत की हैं, यह भारत सरकार और माई भारत की पहल हैं। जो लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयन्ती को समर्पित हैं। उन्होनें कहा कि कार्यक्रम की अच्छी रूप रेखा तैयार कर कार्यक्रम का आयोजन किया जाये। यह कार्यक्रम संसद, विधानसभा क्षेत्र से लेकर ग्राम पंचायत तक आयोजित कराये जाये। इन कार्यक्रमों को भव्यता देने का कार्य किया जाये। जहां पर कार्यक्रम का आयोजन हो वहां पर कानून व्यवस्था, अनुशासन, स्वच्छता आदि देखने को मिलना चाहिए। कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल एवं अन्य महापुरूषों की मूतियां की साफ-सफाई हो जानी चाहिए। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कहा कि जिला एंव तहसील स्तर पर पदयात्रा निकाली जायेगी। इस पदयात्रा के सफल संचालन में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगरीय निकाय आदि की महती भूमिका रहेगी। उन्होनें कहा कि सभी पंजीकरण और गतिविधियां माई भारत पोर्टल पर हो रही हैं। युवाओं से आग्रह है कि वह इस ऐतिहासिक पहल में जुडे. और सक्रिय भागीदारी करें।

कार्यक्रम के दौरान विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आशीष कुमार सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, जिला युवा कल्याण अधिकारी सागर माहेश्वरी सहित अन्य संबधित अधिकारी उपस्थित रहे।

भ्रष्टाचार देखना हो तो आइए बांसी विकास खण्ड के ग्राम पंचायत मरचा !

मौके के हालात खोल रहे हैं भ्रष्टाचारियों की पोल।

समाज जागरण

सिद्धार्थनगर। जनपद के बांसी विकास खण्ड के मरचा ग्राम पंचायत में स्थित सामुदायिक शौचालय की मरम्मत में दो लाख रुपए खर्च होने के बाबजूद भी सामुदायिक शौचालय की हालत जस की तस बनी हुई है,ऐसे में शौचालय की मरम्मत में कमीशनखोरी की खेल को कैसे नकारा जा सकता है, बताया जाता है कि यहां सामुदायिक शौचालय की मरम्मत के नाम पर पिछले एक वर्ष में लगभग दो लाख रुपये खर्च किए जाने का दावा तो किया गया, मगर जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है, शौचालय परिसर में गंदगी का अम्बार, टूटी सीटें, गायब मोटर व टंकी, उखड़ा पेंट और जर्जर दरवाजे-खिड़कियां व बर्षो पहले की गई रंगाई पुताई अब उखड़ चुकी है, जबकि कमीशनखोरी और बंदरबांट का खेल खुलेआम जारी है, ग्रामीणों का आरोप है किऊ ग्राम प्रधान और सचिव की मिलीभगत से मरम्मत मद में निकाला गया धन, बंदरबांट कर लिया गया है, और वहीं ब्लॉक स्तरीय अफसरोंऊऊ बीडीओ व एडीओ का निरीक्षण सिर्फ फाइलों में सीमित रह गईं हैं, एसी कमरों में बैठकर कागजों पर ह्लगुड वर्कह्व दिखाया गया, जबकि धरातल पर विकासू की पोल पट्टी खुली पड़ी है, जनता पूछ रही है कि मरम्मत के नाम पर निकला धन आखिर कहां गया, यदि विकास खण्ड बांसी के अन्य ग्राम पंचायतों की भी जांच की जाए तो शौचालय, पंचायत भवन और अन्य मदों में खर्च हुए लाखों-करोड़ों का बड़ा घोटाला सामने आ सकता है, जिसको नकारना मुमकिन है। कुल मिलाकर ग्राम पंचायत मरचा में जिम्मेदारों की घोर लापरवाही की वजह से सरकार की, योजनाएं भ्रष्टाचार की गिरफ्त में फंस चुकी हैं, और मौके का हालात जिम्मेदारों की उदासीनता की कलई खोलने के लिए पूरी तरह से बेताब हैं, सूत्रों के अनुसार योगी शासन काल में भी भ्रष्टाचारी अपनी आदत से बाज नहीं आ रहे हैं, जबकि भ्रष्टाचारियों को अच्छी तरह से मालूम है कि योगी शासन काल में भ्रष्टाचार करने का अंजाम क्या होता है।

भूमाफियाओं के कब्जे से मुक्त करायी गयी सरकारी जमीन

इटवा तहसील के ग्राम पंचायत गौरडीह का प्रकरण

समाज जागरण

सिद्धार्थनगर। जनपद के इटवा तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत गौरडीह में सरकारी भूमि को राजस्व विभाग की टीम ने कब्जा मुक्त कराया। इस दौरान कब्जाधारियों ने टीम का विरोध किया, लेकिन पुलिस की मौजूदगी के चलते भूमि को कब्जा मुक्त कराया गया। प्रशासन के अनुसार, तहसील क्षेत्र के ग्राम गौरडीह में ग्राम समाज की भूमि मौजूद है। वर्तमान समय में ग्राम पंचायत गौरडीह निवासी दो लोगों ने राजू शाह पुत्र युनूस, मोहम्मद सलीम पुत्र नम्मन के द्वारा भूमि पर अवैध कब्जा किया जा रहा था। प्रशासन की ओर से तत्काल संज्ञान लेकर दोनों को सरकारी भूमि से अवैध कब्जा हटवाया गया , लेकिन कब्जाधारियों के द्वारा कब्जा नहीं हटाया गया शनिवार को उप जिलाधिकारी इटवा कुणाल सिंह के निर्देश पर नायब तहसीलदार राघवेंद्र पांडेय व हल्का लेखपाल राजकुमार कन्नौजिया के नेतृत्व में राजस्व विभाग व पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। जहां पर भूमि पर किए गए अवैध कब्जे को हटवाकर भूमि को कब्जा मुक्त कराया गया। नायब तहसीलदार राघवेंद्र पांडेय ने बताया कि उप जिलाधिकारी के निर्देश पर राजस्व विभाग व पुलिस की टीम ने सरकारी भूमि पर किए गए अवैध कब्जे को हटवाया गया है। साथ ही कब्जाधारियों को भविष्य में अवैध कब्जा न करने की चेतावनी भी दी गई, अन्य कब्जेदारों के विरुद्ध भी प्रशासन कार्रवाई करने की तैयारी में है।

कन्नौज: फॉर्मर रजिस्ट्री नहीं कराई तो किसान सम्मान निधि होगी बन्द: डीएम

समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी

कन्नौज। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में फैमिली आईडी, किसान सम्मान निधि योजना एवं फॉर्मर रजिस्ट्री तथा जीरो प्रॉपर्टी की आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान कहा कि किसान भाई अपनी फार्मर आई०डी० (रजिस्ट्री) शीघ्र बनवाना सुनिश्चित करें। जिन्होंने फॉर्मर रजिस्ट्री नहीं करवाई, उनकी एक जनवरी के बाद किसान सम्मान निधि मिलना बन्द हो जायेगी। अतः सभी किसान भाई समय रहते अपनी फार्मर आई०डी० बनवाकर शासन की योजनाओं लाभ प्राप्त करें।

उन्होंने बताया कि किसान अपनी फार्मर आई०डी० रजिस्ट्री अपने नजदीकी जन सेवा केंद्र पर करवा सकते हैं। पंजीकरण हेतु किसानों को खतौनी की प्रति, आधार कार्ड की प्रति, एवं आधार से लिंक मोबाइल नम्बर जैसे आवश्यक दस्तावेज साथ लेकर जाना होगा।

जिलाधिकारी ने कहा कि फार्मर आई०डी० बनवाना प्रत्येक पात्र किसान के लिए अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि यह आगामी समय में कृषि विभाग की सभी योजनाओं एवं अनुदानों का प्रमुख आधार बनने जा रही है। फार्मर आई०डी० के माध्यम से किसानों को कृषि निवेश अनुदान, बीज वितरण, उर्वरक अनुदान, फसल बीमा, तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि जैसी विभिन्न योजनाओं का लाभ सीधे एवं पारदर्शी रूप से प्राप्त होगा।

जिलाधिकारी ने जनपद के सभी खण्ड विकास अधिकारियों, उपजिलाधिकारियों एवं कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्र में किसानों को जागरूक करने हेतु विशेष प्रचार अभियान संचालित करें। प्रत्येक ग्राम पंचायत में फार्मर आई०डी० रजिस्ट्री शिविर आयोजित किए जाएँ, ताकि कोई भी पात्र किसान इस प्रक्रिया से वंचित न रह सके।उन्होंने बताया कि शासन द्वारा जनपद कन्नौज में कुल 2,60,656 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री बनाए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके सापेक्ष अब तक 1,30,481 किसानों की रजिस्ट्री पूर्ण की जा चुकी है। वर्तमान में प्रदेश का औसत 53.74 प्रतिशत है,जबकि जनपद कन्नौज का 50.01 प्रतिशत है, जिसे सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मिलकर शीघ्रता से प्रदेश के औसत से अधिक करने का प्रयास करें।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आशीष कुमार सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ उप जिलाधिकारी सदर सुश्री वैशाली, प्रशिक्षु आई0ए0एस0 अर्पित कुमार, उपायुक्त मनरेगा दिनेश यादव, उप निदेशक कृषि संतोष कुमार सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

करंट से युवक की हालत बिगड़ी

समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर। खखरेरू थाना क्षेत्र के ग्राम सैदपुर घूरी में फरार्टा पंखा की चपेट में आ जाने से 42 वर्षीय युवक की हालत बिगड़ गयी। जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार सैदपुर घूरी गांव निवासी मंगली का पुत्र प्रमोद कुमार शुक्रवार की रात कमरे में रखे फरार्टा को जैसे ही छुआ करंट की चपेट में आ गया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गयी। परिजन उसे तत्काल उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

बीमारी से तंग युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली

समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर, शराब की लत से बीमार हो जाने के कारण युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मां की तहरीर पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। चांदपुर थाना क्षेत्र के जारा निवासी प्रेम कुमार पुत्र स्वर्गीय इंद्रपाल निषाद उम्र 28 वर्ष प्रतिदिन की भांति अपने घर के बरामदे में सो गया था। सुबह जगने के बाद बेटे का बरामदे में लटक रहा शव को देखते ही मां आवाक रह गई। ग्रामीणों की माने तो प्रेम कुमार शराब का लती था। जिससे उसे टीवी जैसी गंभीर बीमारी ने जकड़ रखा था। घर की आर्थिक स्थिति बेहद खराब थी जिससे तंग आकर उसने शुक्रवार की रात आत्महत्या कर ली। चांदपुर थाना प्रभारी बिनोद कुमार से बात करने पर पता चला की मां की तहरीर पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया गया है।

संदिग्ध परिस्थितियों में नव विवाहिता ने की आत्महत्या

समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर, जनपद के थाना क्षेत्र किशनपुर थाना क्षेत्र के महावतपुर असहट गांव की रहने वाली एक महिला ने दमन-दीव में संदिग्ध परिस्थितियों में आत्महत्या कर ली। महिला का शव देख पति के होश उड़ गए। महिला के स्वजनों ने पति पर महिला को मार डालने का आरोप लगाया है।

महावतपुर असहट गांव निवासी दिनेश अपनी पत्नी शबनम निषाद के साथ दमनदीप में रहकर मजदूरी करता था। शुक्रवार को वह काम पर गया हुआ था। देर शाम जब वह काम से कमरे में पहुंचा तो पत्नी मृत अवस्था में पड़ी हुई मिली। महिला को मृत देख उसके होश उड़ गए और उसने फोन कर अपने परिजनों से बात बताई। दिनेश के भाई जगरूप निषाद ने बताया कि भाई दिनेश की शादी बांदा जनपद के मरका गांव में हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद वह अपनी पत्नी को लेकर मजदूरी के लिए दमनदीप चला गया। काफी दिनों से वह दोनों वही रह रहे थे। शुक्रवार को फोन पर उसकी पत्नी शबनम की मौत की सूचना मिली है। वहीं मृतक नवविवाहिता के स्वजनों ने पति पर नवविवाहिता को मार डालने का आरोप लगाया है।

कन्नौज: भाजपाकी जिला योजना बैठक में बनी भव्य पटेल जयंती मनाने की रणनीति

समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी

कन्नौज। आज भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर सरदार पटेल की 150वीं जयंती समारोह अभियान को लेकर जिला योजना बैठक का आयोजन किया गया बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री व जनपद की प्रभारी मंत्री रजनी तिवारी उपस्थिति रही। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने वही मंच पर तिर्वा विधायक कैलाश राजपूत, जिला प्रभारी इंद्र पाल पटेल जिला महामंत्री शैलेंद्र द्विवेदी महामंत्री

रामवीर, महामंत्री हरिवक्स सिंह निवर्तमान जिला अध्यक्ष नरेंद्र राजपूत व निवर्तमान जिला अध्यक्ष योगेंद्र भदौरिया उपस्थित रहे वही प्रभारी मंत्री रजनी तिवारी ने कहा सरदार पटेल ने सैकड़ो रियासतों को एक कर देश के लिए अमूल योगदान दिया प्रधानमंत्री मोदी जी सरदार पटेल की पदचिन्हों पर चलकर हमारे देश को आगे बढ़ा रहे है। प्रधानमंत्री हमेशा युवाओं को भी सरदार पटेल के पद चिन्हों पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं मोदी कहते है कि युवा देश के लिए सोचे और देश को विकसित करने में अपना योगदान दे । उन्होंने आगे कहा किभारतीय जनता पार्टी सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाने जा रही है। इस अवसर पर भाजपा पूरे देश में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करेगी, जिनमें सरदार पटेल के जीवन और योगदान को दशार्या जाएगा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय एकता और अखंडता के मूल्यों को बढ़ावा देना है, जिससे देश में एकता का संदेश फैले और संपूर्ण राष्ट्र एकता के सूत्र में बधे।। वही जिला अध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने कहा कि उन्होंने बताया कि 31 अक्टूबर को सरदार पटेल की जयंती पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर सभी विधानसभाओ कार्यक्रम आयोजित किए जाएगे स्कूलों में डिबेट निबंध रंगोली भाषण चित्रकला आदि प्रतियोगिताएं होंगी प्रतिभाओं को पुरुस्कृत कर उन्हें सम्मानित भी किया जाएगा ।इस आयोजन के माध्यम से लोगों को सरदार पटेल के योगदान को सही और विस्तार पूर्वक बताया जाएगा । उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य की बात है कि कांग्रेस सरकार ने कभी सरदार पटेल को सम्मान नहीं दिया वह चाहे स्वतंत्रता के पूर्व रहा हो या स्वतंत्रता के बाद ।

इस अवसर पर अशोक सिंह श्यामू राजपूत शरद मिश्रा रचित त्रिवेदी विशाल शुक्ला विपिन द्विवेदी राजन अवस्थी अखिलेश पांडे प्रशांत गुप्ता संजीव चतुर्थी विवेक पाठक अभिमन्यु ठाकुर हिमांशु सक्सेना यशवंत राजपूत प्राची गुप्ता पुष्पेंद्र शाक्य संध्या शर्मा उदय नारायण कुलदीप दोहरे अनिल खटीक विकास त्रिपाठी राजेंद्र राजपूत सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

एफएफडीसी के प्रयास से प्रतिबंधित होने से बचा गेंदा तेल

89 उत्पादों की लिस्ट में से 64 पाए गए अमानक, सूर्य के प्रकाश के संपर्क में आने से जहरीले प्रभाव की कही गई थी बात

समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी

कन्नौज। स्थानीय संस्था फ्रेगरेस एंड फ्लेवर डेवलेप सेंटर (एफएफडीसी) के वैज्ञानिकों के अथक प्रयास से गेंदा तेल का प्रयोग इत्र उद्योग में प्रतिबंधित होने से बच गया है। यह कन्नौज के इत्र उद्योग के लिए राहत वाली खबर है क्योंकि यहां पर बड़े पैमाने पर इसका तेल निकालकर खुशबू बनाने में प्रयोग किया जाता है। गेंदा के अलावा भी 24 उत्पाद है जिनको इस लिस्ट से बाहर किया गया है जबकि 64 उत्पादों को पूरी तरह से प्रतिबंधत कर दिया गया है।

यह जानकारी देते हुए केंद्र के प्रधान निदेशक शक्ति विनय शुक्ल ने बताया कि इत्र आदि के माप दंड निर्धारण के लिए बनी फ्रेगरेस एंड फ्लेवर सेक्शनल कमेटी पीसीडी 18 की तरफ से रेस्ट्रिक्टेड प्रोहिबिटेड लिस्ट ऑफ परफ्यूमरी मेटेरियल के तहत 89 मेटेरियल या तत्व शामिल किए गए थे। इनको किन्हीं तरीकों से हानिकारक बताते हुए इनका प्रयोग इत्र उद्योग में न करने की पैरवी की गई थी।

गहन मंथन के बाद कमेटी के अंदर गठित 12 सदस्यीय एक और कमेटी जिसमें एफएफडीसी से वे संयोजक हैं, ने इन सभी को लेकर गहन रिसर्च और जांच पड़ताल की। करीब डेढ़ साल तक किए कार्य के दौरान सभी तत्वों को लेकर समूचा डाटा जुटाया गया और देखा गया कि ये तत्व किस तरह से इत्र उद्योग में प्रयोग होने के लायक नहीं हैं। इस क्रम में अंततः निष्कर्ष में 64 उत्पादो में ऐसे तत्व पाए गए जो प्रतिबंधित करने योग्य थे जबकि 25 के बारे में पूरा डाटा नहीं मिल सका।

इससे यह तय नहीं हो सका कि ये 25 प्रतिबंधित होने के पूरी तरह लायक हैं या नहीं। ऐसे में गेंदा समेत 25 तत्वों को इस सूची से बाहर कर दिया गया। इस तरह से यह इत्र उद्योग के लिए सकारात्मक खबर है क्योंकि यहां बड़े पैमाने पर गेंदा का उत्पादन किया जाता है। इस गेंदा की बड़े पैमाने पर इत्र उद्योग में खपत भी है। जानकारी दी कि कहा गया था कि गेदा का तेल फोटोटॉक्सिक (स्किन पर लगने के बाद सूर्य का प्रकाश पड़ने पर जहरीला प्रभाव देता है) तमाम प्रयोगों और डाटा से फिलहाल ऐसा कुछ भी साबित नहीं हुआ जिससे इस तेल के इस श्रेणी से बाहर कर दिया गया है। यह भी चताया कि इसको लेकर चार बैठकें हुई और फिर इसे फ्रेगरेस एंड फ्लेवर सेक्शनल कमेटी पीसीडी 18 के समक्ष रखा गया। इन 25 तत्वों को प्रतिबंधित श्रेणी से बाहर करने को लेकर अंतिम मोहर लखनऊ में 21 सितंबर 2025 को हुई बैठक में लगी। यह भी बताया कि करीब डेढ़ साल तक किए गए काम के लिए फ्रेगरेंस एंड फ्लेवर एसोसिएशन ऑफ इंडिया की तरफ से फंड दिए गए।

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के तत्वावधान में भगवान चित्रगुप्त जी व कलम दवात की , की गई पूजा

ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण

सोनभद्र। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा सोनभद्र के तत्वावधान में रॉबर्ट्सगंज स्थित भगवान श्री चित्रगुप्त मंदिर परिसर में कायस्थ परिवारों के द्वारा भगवान श्री चित्रगुप्त जी व कलम दवात की सामूहिक पूजा की गई। मंदिर के पुजारी बद्रीनाथ पाठक ने सायं 6:00 बजे से वैदिक मन्त्रोंचार के साथ पूजन कार्यक्रम प्रारम्भ कर भगवान श्री चित्रगुप्त की कथा एवं महिमा वर्णन उपस्थित सैकड़ो कायस्थ परिवार को श्रवण कराया। यजमान शिव नारायण लाल ने भगवान चित्रगुप्त जी से आशीर्वाद ले सबके मंगल की कामना की। मंदिर परिसर में व बाहर की सजावट व भीड़ बयां कर रही थी कि जैसे कोई बहुत बड़ा उत्सव मेला हो। पूजन, कथा, हवन के पश्चात कायस्थ समाज, व अन्य समाज के लोग एक साथ भगवान श्री चित्रगुप्त जी का महाप्रसाद ग्रहण किया। पूजन समाप्त होने के पश्चात बाहर से आए हुए कलाकारों द्वारा भजन से उपस्थित लोगों ने भक्तिमय होकर भजन का आनंद उठाया भजन कार्यक्रम रात्रि के 11:30 बजे तक चला। सहभोज के बाद लोगों को प्रसाद वितरण किया गया। पूजन कार्यक्रम में कायस्थ समाज के अलावा अन्य समाज के लोग भी भाग लिया। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के अध्यक्ष अशोक कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि प्रत्येक वर्ष कायस्थ समाज के लोग कार्तिक माह शुक्ल पक्ष के यम द्वितीया के दिन कलम दवात व संसार के कर्मो के लेखा-जोखा रखने वाले भगवान श्री चित्रगुप्त जी की पूजन करते हैं कदिन में घर पर पूजा करते हैं और शाम को इस प्राचीन चित्रगुप्त मंदिर परिसर में इकट्ठा होकर सामूहिक पूजा करते हैं। पूजन समारोह में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष धर्मवीर तिवारी, राम दरबार अखाड़ा समिति के प्रमोद गुप्ता, आनंद पाण्डेय, भाजपा के के नेता माला चौबे, पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक मिश्रा, जनपद के वरिष्ठ पत्रकार विमल जालान, आदि ने भी भाग लिया। आकाश महासभा के संरक्षक सच्चिदानंद श्रीवास्तव पूर्व प्रवक्ता इंटर कालेज, उमेश कांत श्रीवास्तव एडवोकेट, डॉक्टर कुसुमाकर श्रीवास्तव, जितेंद्र श्रीवास्तव एडवोकेट ने इस पूजन कार्यक्रम पर विशेष प्रकाश डाला और आए हुए लोगों शुभकामनाएं दी। आयोजक व कार्यक्रम में लगे हुए लोगों की प्रशंसा और अपने आशीर्वचन से सिंचित भी किया। कायस्थ महासभा के जिला महासचिव अजय कुमार श्रीवास्तव ने कार्यक्रम को सफल बनाने में संतोष कुमार श्रीवास्तव, सुशील कुमार श्रीवास्तव, सुनील कुमार श्रीवास्तव, जितेंद्र लाल, प्रकाश श्रीवास्तव व मुकेश श्रीवास्तव की और मीडिया प्रभारी विवेक श्रीवास्तव की विशेष सराहना की क उन्होंने कहा कि आप सभी के प्रयास से यह इतना बड़ा कार्यक्रम सफलता की ऊंचाई पर पहुंचा है। महासचिव ने कार्यक्रम में उपस्थित हुए कायस्थ समाज के लोगों एवं अन्य समाज के लोगों का आभार व्यक्त किया कार्यक्रम के अंत में जिलाध्यक्ष अशोक कुमार श्रीवास्तव ने सबका धन्यवाद ज्ञापित किया।

शनिवार को नहाय-खाय के साथ चार दिवसीय छठ व्रत का हुआ आगाज

आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण

चोपन/ सोनभद्र। लोक आस्था के महापर्व छठ की शुरूआत शनिवार को नहाय-खाय के साथ हो गई। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएँ व्रत रखकर सूर्य देव एवं छठ मईया की उपासना में जुट गई हैं। वहीं चोपन नगर पंचायत प्रशासन द्वारा सोन नदी स्थित छठ घाट की तैयारियाँ अंतिम चरण में पहुँच चुकी हैं। नगर पंचायत के दिशा-निर्देशन में घाट पर सफाई, लाइटिंग, सुरक्षा एवं बैरिकेडिंग कार्य तेजी से हो रहा है। नदी किनारे मिट्टी समतलीकरण, सुरक्षा घेराबंदी, पेयजल की व्यवस्था एवं टेंट लगाने का काम युद्धस्तर पर जारी है ताकि व्रतधारियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। नहाय-खाय के साथ शुरू हुए इस चार दिवसीय अनुष्ठान के अंतर्गत रविवार को खरना, सोमवार शाम अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य एवं मंगलवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर व्रत का समापन होगा। छठ घाटों पर नगर पंचायत के कर्मी लगातार साफ-सफाई एवं व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर रहे हैं। पुलिस एवं प्रशासन की ओर से भी सुरक्षा की दृष्टि से उचित प्रबंध किए जा रहे हैं। स्थानीय नागरिकों ने नगर पंचायत की तैयारियों पर संतोष जताया और कहा कि इस बार घाटों पर बेहतर व्यवस्था से छठ व्रत और भी श्रद्धा एवं उल्लास के साथ संपन्न होगा।

आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र चिचलीक में भव्य आदिवासी मेला में पीडीए के लाखों लोगों का उमड़ा जन सैलाब

इंडिया गठबंधन की बिहार में बनेगी सरकारः श्यामलाल पाल

ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण

सोनभद्र। जनपद सोनभद्र के विधानसभा राबर्ट्सगंज के ब्लॉक नगवां के आदिवासी बहुल क्षेत्र में आदिवासी भव्य मेला का आयोजन किया गया। जिसके आयोजक समाजवादी पार्टी के सांसद छोटेलाल सिंह खरवार ने किया। आदिवासी भव्य मेला के मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के माननीय प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने उद्घाटन किया । आदिवासी भव्य मेला को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के माननीय प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने कहा कि जब से केंद्र एवं प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है तब से आदिवासियों को छलने का काम किया जा रहा है। आदिवासी समाज जैसे पहले था आज भी उसी तरह से अपना जीवन यापन कर रहे हैं। उनके रहन-सहन में कोई अंतर नहीं है। श्यामलाल पाल ने कहा जब उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार थी तो पूर्व मुख्यमंत्री श्रद्धेय नेताजी एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आदिवासी समाज को आरक्षण लागू करा कर ग्राम पंचायत की सदन से लेकर उच्च सदन तक चुनाव लड़ने का अधिकार दिलाने का काम किया लेकिन फिर जब से भाजपा सरकार बनी है तब से आदिवासियों एवं पीडीए समाज का शोषण चरम सीमा पर है । श्यामलाल पाल ने कहा जब उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी तो जनपद सोनभद्र में बिरसा मुंडा आदिवासी विश्वविद्यालय बनाया जाएगा जिससे आदिवासी एवं पीडीए समाज की शिक्षा में बढ़ोतरी हो सके। श्यामलाल पाल ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में इंडिया महागठबंधन की सरकार पूर्ण बहुमत से बनेगी इसके साथ ही उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव 2027 में 300 से अधिक सीटें जीतकर सरकार बनाएगी और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी ।

आदिवासी भव्य मेला में उपस्थित लाखों आदिवासियों एवं पीडीए समाज ने इस अभिवादन को हाथ उठाकर स्वीकार किया।

आदिवासी भव्य मेला में मुख्य रूप से समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव पूर्व विधायक अविनाश कुशवाहा रमेश चंद्र दुबे सुनील सिंह यादव मन्नू पांडे जिला महासचिव मोहम्मद सईद कुरैशी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अनिल कुमार यादव पूर्व जिला अध्यक्ष संजय यादव पूर्व जिला पंचायत प्रत्याशी जयप्रकाश उर्फ चेखूर पांडे महेंद्र पाल ओबारा पूर्व प्रत्याशी सुनील गौड़ लाल बहादुर पाल डॉक्टर लोकपति सिंह पटेल त्रिपुरारी गौड़ अनिल प्रधान के साथ सैकड़ो पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

श्रद्धालुओं से भरी तेज रफ़्तार पिकअप अनियंत्रित होकर पलटी, हादसे में 3 बच्चों समेत 16 घायल

आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण

चोपन/ सोनभद्र। जुगैल थाना क्षेत्र अंतर्गत 24 अक्टूबर को देर रात भीतरी गांव के पहाड़ी क्षेत्र में एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन उस समय अनियंत्रित होकर पलट गई जब श्रद्धालु प्रसिद्ध जिरही माता के दर्शन कर अपने घर लौट रहे थे हादसे में तीन बच्चों सहित 16 श्रद्धालु घायल हो गए। घटना के बाद चीख पुकार शुरू हो गया, हादसे के बाद मौके पर स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत बचाव कार्य शुरू किया। घायल श्रद्धालु जुगैल थाना क्षेत्र के जमुअल गांव के निवासी बताए जा रहे हैं। घायलों को एम्बुलेंस और निजी वाहनों से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) चोपन पहुंचाया गया, डॉक्टरों ने सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया। गंभीर रूप से घायल 13 लोगों को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। एक घायल महिला श्रद्धालु ने बताया कि चालक तेज गति से वाहन चला रहा था और टोकने पर भी उसने गति धीमी नहीं की। कुछ अन्य श्रद्धालुओं ने चालक के नशे में होने की बात कही है। अस्पताल के डॉक्टरों ने बताया कि किसी भी घायल की स्थिति नाजुक नहीं है, लेकिन सिर और सीने में चोट लगने के कारण उन्हें रेफर किया गया है। सड़क दुर्घटना की सूचना मिलने पर ओबरा के क्षेत्राधिकारी (सीओ) हर्ष पाण्डेय अस्पताल पहुंचे और घायलों से घटना के संबंध में जानकारी ली। सीओ ने बताया कि जुगैल पुलिस द्वारा मामले में वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। सीओ के अनुसार, कुछ लोगों ने बताया है कि चालक नशे में था, जिसकी जांच की जा रही है। जांच के तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस दुर्घटना के बाद क्षमता से अधिक सवारी ले जाने वाले वाहनों पर पुलिस द्वारा सख्त कार्रवाई न किए जाने को लेकर सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। सीओ ने यह भी स्वीकार किया कि जुगैल के कुछ इलाकों में नेटवर्क की समस्या है, जिससे आपातकाल में परेशानी हो सकती है।

कुड़वा में लगा गंदगी का अंबार, ग्रामीणों ने किया जोरदार प्रदर्शन

विकास खण्ड कोन के ग्राम पंचायत कुड़वा का मामला, लोगों ने किया संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की मांग

अनिल कुमार अग्रहरी,/ समाज जागरण

कोन/ सोनभद्र। विकास खण्ड कोन अंतर्गत ग्राम पंचायत कुड़वा अंतर्गत तुमियां चौराहे पर सफाई को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा सड़क पर फूट पड़ा और जमकर किया प्रदर्शन। बतातें चलें कि ग्राम पंचायत कुड़वा इन दिनों ज्यादा ही खबरों की सुर्खियां बटोर रही है। ग्रामीणों ने बताया कि सबसे महत्वपूर्ण त्यौहार छठ आ गया किन्तु आज तक सफाई नहीं हो सका और वहीं जगह जगह कूड़े का अंबार लगा हुआ है जबकि हर ग्राम पंचायत में सफाईकर्मी तो नियुक्त हैं पर वे अपनी जिम्मेदारी न निभाकर घर बैठे या जनप्रतिनिधियों के घर का चक्कर लगाते हैं और वहीं जिम्मेदार अधिकारी मौन धारण किए हुए हैं। सरकार द्वारा स्वच्छता अभियान को बेहतर बनाने के लिए हर ग्राम पंचायत में कूड़ा वाहन दिया गया है लेकिन स्थानीय स्तर पर इसका उपयोग निजी कार्यों में किया जा रहा है जो बेहद ही शर्मनाक है। जिसके क्रम में स्थानीय निवासी रामेश्वर चेरो ने बताया कि चौराहे पर कूड़ा घर बना है जिसमे लोगों के द्वारा कचरा भर दिया गया है जो सड़क तक आ गया। जिसके दुर्गंध से लोगों का जीना हुआ दुश्वार। लोगों का कहना है कि इससे निकलने वाली दुर्गंध से गंभीर बीमारी फैलने का खतरा है। शनिवार सुबह तड़के समाजसेवी गंगा प्रसाद यादव की अगुवाई में साफ सफाई को लेकर जोरदार प्रदर्शन करते हुए संबंधित अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए तत्काल सफाई कराने व दोषी सफाईकर्मी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग किया है। प्रदर्शन करने वालों में मुख्य रूप से गंगा प्रसाद, रामेश्वर चेरो, रामदेव चेरो, विजय गुप्ता, रीना देवी, कमला देवी आदि शामिल रहे। इस बावत सहायक खण्ड विकास अधिकारी से संपर्क करने की कोशिश की गई किन्तु कॉल रीसीव नहीं हुआ लिहाजा उनका पक्ष नहीं लिया जा सका।

डॉक्टर मुस्कान कमल का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी पर तैनाती

दैनिक समाज जागरण

सोनभद्र। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी पर डॉक्टर मुस्कान कमल की तैनाती संविदा कर्मी के रूप में बतौर महिला चिकित्सक मुख्य चिकित्सा अधिकारी सोनभद्र के निर्देश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉक्टर शाह आलम

द्वारा दिनांक 25 अक्टूबर 2025 दिन शनिवार को वैधानिक औपचारिकता पूर्ण करते हुए महिला चिकित्सक के रूप में तैनाती अस्पताल पर करायी। साथ में डॉक्टर संजय कुमार गुप्ता, बीपीएम संदीप सिंह, डॉक्टर मुस्कान कमल की माँ पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुनीता कमल, पिता कमल कुमार कानू , इनर व्हील क्लब की मनोरमा जायसवाल सहित नगर वासी मौजूद रहे। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र से घिरे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महिला चिकित्सा के तैनाती से नगर वासियों एवं क्षेत्रवासियों में हर्ष व्याप्त है।

दुद्धी को जिला बनाने की मांग को लेकर मुखर हुई आवाज

दैनिक समाज जागरण

दुद्धी/ सोनभद्र। मुंसिफ कोर्ट परिसर अंतर्गत दशकों से चली आ रही दुद्धी को जिला बनाओ की मांग प्रत्येक सप्ताह शनिवार को धरना, प्रदर्शन, ज्ञापन आदि के माध्यम से दुद्धी को जिला बनाए जाने की मांग अनवरत चली आ रही है चुनावी वादा पूरा करने, दुद्धी को जिला बनाएं जानें कों संघर्षरत दुद्धी को जिला बनाओं संघर्ष मोर्चा के महासचिव प्रभु सिंह कुशवाहा एडवोकेट (अध्यक्ष सिविल बार एसोसिएशन) दुद्धी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रेमचंद यादव एडवोकेट, प्रवक्ता रामपाल जौहरी एडवोकेट के नेतृत्व में दुद्धी को जिला बनाओ संघर्ष मोर्चा व अधिवक्ता गणों द्वारा जोरदार प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान दुद्धी को अविलंब जिला बनाए जाने, चुनावी वादा पूरा करने आदि जोरदार नारों के बीच प्रदर्शन करते हुए वक्ताओं ने कहा कि जिला मुख्यालय लगभग डेढ़ सौ किलोमीटर दूरी पर है जिससे न्याय की आंस रास्ते में ही दम तोड़ देता है। आजादी के 78 वर्षों बाद भी आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं का आभाव है। जल, जंगल, जमीन की लड़ाई आदिवासी अभी भी लड़ रहे हैं। आगामी पीढ़ी के लिए एवं वर्तमान की स्थिति सुदृढ़ करते हुए जिला बनाया जाना जनहित में नितांत एवं अति आवश्यक है। मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ से आग्रह है कि प्रदेश में बनाएं गए विभिन्न छोटे-छोटे जिलों के मद्देनजर आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र दुद्धी को भी जिला बनाया जाना जरूरी हैं। हमारा क्षेत्र प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर जिला बनाए जाने की सम्पूर्ण मानक को पूर्ण करता है और पूर्व में दुद्धी कों स्टेट का दर्जा प्राप्त रहा है जो आज भी चल रहा। जन भावनाओं का सम्मान करते हुए दुद्धी को शीघ्र जिला सरकार घोषित कर आदिवासी क्षेत्र की जनता के साथ इंसाफ करें। भारतीय प्रगतिशील महिला समिति अध्यक्ष ममता मौर्य ने जोरदार नारा के बीच जिला बनाएं जानें की मांग किया। इस मौके पर अरुणोदय जौहरी, छोटेलाल गुप्ता, आशीष कुमार गुप्ता, उदय लाल मौर्य, उमेश चंद्र गुप्ता,सत्यनारायण यादव, अशोक तिवारी, मनोज आजाद, राकेश तिवारी, राकेश अग्रहरी, राहुल कुमार अग्रहरी, विकास कुमार, ओमप्रकाश अग्रहरी अमरावती देवी आदि दर्जनों अधिवक्ता मौके पर मौजूद रहे।

हेल्लो स्कूल की संचालिका नाहिद हुईं डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित

अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण

ओबरा/ सोनभद्र। प्रतिभा न तो सम्पन्नता की विरासत है और न ही ऊंची रसूख की कठपुतली। प्रतिभा वह संजीवनी है जिसकी गूंज महलो से लेकर कुटिया तक और संसद के गलियारे से लेकर गाव के चौबारे तक होती है। प्रतिभा में शिद्दत, मंजिल पाने की जुनून और कुछ कर गुजरने की चाहत भी होती है।

उत्तर प्रदेश के सूदूर अंचल ओबरा के विकास की गाथा भले ही 1965 में लिखी जा चुकी हो पर आसपास ऐसे भी क्षेत्र और लोग है जो कि उर्जा के प्रकाश से दूर हैं साथ ही शिक्षा भी उनसे कोसो दूर है।

आधुनिक शिक्षा और अच्छे स्कूलो में बच्चे का दाखिला जहा उनके लिये सपना और प्रताडना बन कर रह गया वही फीस के अभाव में आये दिन बच्चो का नाम काटे जाने की विडम्बना से आहत ओबरा आई एक ब्याहता को यह विसंगतियां टीस देने लगी। पढ़ी लिखी किन्तु सामान्य गृहणी नाहिद के अन्दर छिपी प्रतिभा और उनके अस्तित्व ने विद्रोह का बिगुल फूंक दिया।विसगतियो का खात्मा करने का संकल्प धारण कर, परिवार को अपने सपने और संकल्प से अवगत कराया, सकारात्मक सहयोग मिलते ही एक बाल स्कूल की स्थापना कर यह सिद्ध करने में जुट गई कि प्रतिभा दिन रात अखण्ड, अटूट यज्ञ करती है और अपने अस्तित्व का मूल्य अदा करने की कृतज्ञता भी रखती है। क्षेत्रीय शोहरत की बुलंदियों की शोहरत सूबे की की सरहदें पार करती रहीं।

कालांतर में इस आधुनिक स्कूल की गूंज इस संदेश के साथ दिल्ली पहुची कि इस स्कूल में सर्वोच्च और आधुनिक शिक्षा पद्धति के साथ फीस के अभाव में किसी बच्चे का नाम नही काटा जाता। स्कूल का यह प्रण फ्रैंक फोर्ड इण्टर नेशनल यूनीवर्सिटी तक पहुंच गयी और अन्तर्राष्ट्रीय स्तरके इस विश्वविधालय से हेल्लो स्कूल आफ एक्सीलेंस की संचालिका/प्रधानाध्यापिका नाहिद अख्तर को मानद उपाधि से सम्मानित करने का न्योता मिला।

शनिवार को दिल्ली स्थित एक पांच सितारा होटल में अप्रतिम प्रतिभा की धनी नाहिद अख्तर को एकेडमिक वस्त्र व एकेडमिक हुड में विधिवत सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस के आईजी विश्वमित्र आनन्द व यूनिवर्सिटी डीन डॉ. राजीव मिश्रा ने डॉक्टरेट की मानद उपाधि से अलंकृत कर डॉक्टर नाहिद खान की उपाधि प्रदान की। उस समय तालियों की गूंज के बीच डा. नाहिद अख्तर की विशेषता बताते हुये उदघोषणा की गयी कि उन्होने शिक्षा को प्राथमिकता दी। व्यवसायिकरण को नही। साथ ही उल्लेख किया गया कि इन्होने पढाई में रचनाशीलता को प्रधानता देते हुए आधुनिक पद्धति का प्रयोग भी किया ताकि बच्चे खेल खेल में आसानी व्यवहारिक ज्ञान का अर्जन कर सकें क्योंकि पढाई में रचनाशीलता के कारण बच्चो को पढाई बोझ नही लगती। इस अवसर पर गलोगोटिया विश्वविध्यालय के डीन डॉ .राजीव मिश्रा, सवोच्च न्यायालय के अधिवक्ता एवं समाजसेवी उधला जगन, आकृति आदि के अलावा भारी संख्या में बुद्धिजीवियो और रिसर्च स्कालरो की उपस्थिति रही।

जनपद के समस्त थानों पर आयोजित किया गया थाना समाधान दिवस

अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण

सोनभद्र। जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सोनभद्र अनिल कुमार द्वारा थाना चोपन पर आयोजित समाधान दिवस में उपस्थित रहकर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा उनके त्वरित एवं न्यायपूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि भूमि संबंधी सभी प्रकरणों में पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीमें गठित कर गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, जिससे फरियादियों को इधर-उधर भटकना न पड़े और शिकायतों का त्वरित समाधान हो सके।

इसी क्रम में जनपद के सभी क्षेत्राधिकारीगण एवं थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थानों पर फरियादियों की समस्याएं सुनी गईं, जिनमें से कई प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया तथा शेष प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण समाधान हेतु टीमों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। आज आयोजित थाना समाधान दिवस के दौरान जनपद के सभी थानों पर कुल 99 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए – जिनमें से पुलिस से संबंधित : 21 राजस्व से संबंधित : 78। कुल 5 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि शेष प्रकरणों के त्वरित निस्तारण हेतु संयुक्त टीमें गठित की गई हैं।

थाना ओबरा पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए दुष्कर्म के आरोपी 01 अभियुक्त को किया गिरफ्तार

अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण

सोनभद्र। वादी निवासी ग्राम व पोस्ट कनहरा टोला मझौली थाना ओबरा जनपद सोनभद्र उम्र करीब 38 वर्ष द्वारा थाना ओबरा पर प्रार्थना पत्र दिये कि उनकी पुत्री उम्र करीब 15 वर्ष के साथ विपक्षी बृजेश कुमार पुत्र रामचन्द्र निवासी ग्राम व पोस्ट कनहरा टोला मझौली थाना ओबरा जनपद सोनभद्र द्वारा गलत काम करना व मना करने पर जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में दाखिल किया उक्त दाखिला प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-246/2025 धारा 65(1), 351(3) बीएनएस व ¾(2) पॉक्सो एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक, अभिषेक वर्मा द्वारा विशेष दिशा निर्देश दिया गया । उक्त निर्देश के क्रम में पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा जनपद में संगीन अपराध में वांछित अभियुक्तो की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के निकट पर्वेक्षण आज दिनांक 25.10.2025 को थाना ओबरा पुलिस द्वारा मुकदमा उपरोक्त में वांछित 01 नफर अभियुक्त बृजेश कुमार पुत्र रामचन्द्र निवासी ग्राम व पोस्ट कनहरा टोला मझौली थाना ओबरा जनपद उम्र करीब 21 वर्ष को मुखबिर खास की सूचना पर समय करीब 10.05 बजे ग्राम परसोई तिराहा ओबरा के पास से गिरफ्तार कर अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय रवाना किया गया।

अनपरा पुलिस ने एससी/एसटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

समाज जागरण

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, अभिषेक वर्मा द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी पिपरी अमित कुमार के कुशल निर्देशन में थाना अनपरा पुलिस द्वारा एक महत्वपूर्ण कार्यवाही की गई। थाना अनपरा पुलिस ने मु0अ0सं0-151/2025, धारा-69, 352, 351(3) BNS व 3(1)(द), 3(1)(ध), 3(2)(5क), 3(2)(5) SC/ST Act

से संबंधित अभियुक्त धनन्जय सोनी पुत्र लालजी निवासी कुलडोमरी टोला लोझरा थाना अनपरा जनपद सोनभद्र, उम्र लगभग 23 वर्ष को आज दिनांक 25.10.2025 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है।

मिशन शक्ति अभियान - महिलाओं को जागरूक और सशक्त बना रही सोनभद्र पुलिस

अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश शासन के निदेर्शानुसार मिशन शक्ति अभियानह्व के अंतर्गत जनपद सोनभद्र पुलिस द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान तथा आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जनपद के सभी थानों पर महिला हेल्पडेस्कों को सक्रिय किया गया है। महिला शिकायतकताओं की समस्याओं को प्राथमिकता से सुना जा रहा है एवं त्वरित निस्तारण कराया जा रहा है। महिला बीट अधिकारियों द्वारा विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर जाकर जागरूकता गोष्ठियाँ आयोजित की गईं, जिसमें छात्राओं एवं महिलाओं को साइबर अपराध से बचाव, महिला हेल्पलाइन 1090, 181, 1930, 112 एवं अन्य सुरक्षा संसाधनों की जानकारी दी गई। अपर पुलिस अधीक्षक/ क्षेत्राधिकारीगण द्वारा मिशन शक्ति की गतिविधियों का निरीक्षण एवं मूल्यांकन किया गया तथा थानाध्यक्षों को निर्देशित किया गया कि महिला संबंधी शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई एवं संवेदनशील व्यवहार सुनिश्चित किया जाए।

साथ ही, महिला पुलिसकर्मियों की उपस्थिति में थाना स्तर पर संवाद कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, आत्मरक्षा उपायों एवं सरकारी योजनाओं से अवगत कराया गया।

झारखंड मजदूर यूनियन को बड़ा झटका जिला महासचिव सनत सिंह सरदार ने थामा आजाद समाज पार्टी का दामन

संवाददाता परमबीर
पात्रों समाज जागरण

मानगो : झारखंड मजदूर यूनियन (जेएमयू)को उस समय गहरा झटका लगा जब यूनियन के ज़िला महासचिव सनत सिंह सरदार ने संगठन से इस्तीफा देकर आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) की सदस्यता ग्रहण कर ली। इस अवसर पर पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष काशिफ राजा ने उन्हें पार्टी का पट्टा पहनाकर स्वागत किया और संगठन में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। सनत सिंह सरदार ने कहा कि वर्षों तक मजदूरों की आवाज उठाने के बावजूद अब झारखंड मजदूर यूनियन अपने मूल उद्देश्यों से भटक चुकी है। मजदूरों के हक की जगह अब व्यक्तिगत स्वार्थ हावी हो गया है। उन्होंने कहा, मैं सांसद चंद्रशेखर आजाद की संघर्षशील विचारधारा से गहराई से प्रभावित हूं। उन्होंने देशभर में सामाजिक न्याय, समानता और संविधान की रक्षा की लड़ाई को नया आयाम दिया है। आजाद समाज पार्टी वही मंच है जो सच में बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर और मान्यवर कांशीराम के सपनों को साकार कर रही है। प्रदेश अध्यक्ष काशिफ राजा ने कहा कि सनत सिंह सरदार जैसे जमीनी नेता का पार्टी में शामिल होना झारखंड के लिए ऐतिहासिक क्षण है। उन्होंने कहा कि जब मजदूर वर्ग के सच्चे प्रतिनिधि संगठन से जुड़ते हैं, तो यह सामाजिक क्रांति की दिशा में मजबूत कदम होता है। इस घटना से झारखंड मजदूर यूनियन के भीतर हलचल मच गई है। कई कार्यकताओं ने भी असंतोष जताया है और संकेत दिए हैं कि आने वाले दिनों में और भी मजदूर नेता यूनियन छोड़कर आजाद समाज पार्टी से जुड़ सकते हैं।इस मौके पर जिला कार्यकारी अध्यक्ष शमीम अकरम जिला उपाध्यक्ष मो.फैरोज और मो. रशीद खान सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे कार्यक्रम के अंत में जय भीम, जय संविधान, जय आजाद समाज पार्टी, जय चंद्रशेखर आजाद के नारों से पूरा माहौल गूंज उठा।

पूर्व प्रखंड प्रमुख स्व. वंशिधर जी के सम्मान कार्यक्रम में प्रशासन गायब, समाजसेवी हिकिम चंद्र महतो ने उठाए सवाल

दैनिक समाज जागरण,
संवाददाता, बिकाश

ईचागढ़ः झारखंड राज्य गठन से पूर्व चांडिल प्रखंड के प्रखंड प्रमुख रहे स्वर्गीय वंशिधर जी के सम्मान में शनिवार को घाट कार्यक्रम और रविवार को भोज का आयोजन किया गया। लेकिन इस दौरान प्रशासनिक स्तर पर गंभीर लापरवाही सामने आई। कार्यक्रम में न तो कोई अधिकारी मौजूद रहा और न ही किसी जनप्रतिनिधि ने अपनी उप स्थिति दर्ज कराई।स्थानीय समा जसेवी हिकिम चंद्र महतो ने प्रशासन और सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा वंशिधर जी इस क्षेत्र के सच्चे जननायक थे। उन्होंने चांडिल प्रखंड को नई दिशा दी, लेकिन आज उनके सम्मान कार्यक्रम में प्रशासन की अनुपस्थिति बेहद शर्मनाक है। इतने बड़े नेता को नजरअंदाज करना उनके योगदान का अपमान है।उन्होंने आगे कहा यह कैसी व्यवस्था है जहाँ न अधिकारी पहुंचे, न जनप्रतिनिधि ?क्या अब हमारे पूर्व जनसेवकों को ऐसे ही भुला दिया जाएगा?ग्रामीणों ने भी नाराजगी जताते हुए कहा कि वंशिधर जी ने विकास की जो नींव रखी, उसी पर आज यह क्षेत्र आगे बढ़ रहा है। प्रशासन की गैरहाजिरी ने लोगों के मन को गहरा आघात पहुंचाया है।महतो ने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में ऐसे आयोजनों में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की उपेक्षा जारी रही, तो जनता चुप नहीं बैठेगी। उन्होंने मांग की कि आगामी अवसरों पर ऐसे कार्यक्रमों में प्रशासन की उपस्थिति और उचित सम्मान सुनिश्चित किया जाए।

धोखादेने वालो को जनता माफ नहीं करती, पिछले बार की तरह भाजपा की हार निश्चित : संजीव सरदार

दैनिक समाज जागरण
चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)
पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर

घाटशिला विधानसभा उपचुनाव में झामुमो ने ताकत झोक दी है. शनिवार को झामुमो के स्टार प्रचारक पोटका विधानसभा के विधायक संजीव सरदार ने चुनावी प्रचार अभियान में सबसे पहले मां दुआरशिनी मंदिर में मत्था टेका। उन्होंने मां से क्षेत्र की सुख-समृद्धि और समाज की एकता के लिए आशीर्वाद मांगा।

इसके बाद विधायक संजीव सरदार ने झाटीझरणा और कालचिंति पंचायत के भवराडीह, बालियांम, झाटीझरना, बटडीह, सिंदरीआम, सोनलादंगा, बसाडेरा समेत अन्य गाँव का दौरा किया, जहां उन्होंने स्थानीय समाज के बुद्धिजीवियों, ग्राम प्रधानों, मांझी बाबा, नायके बाबा एवं ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया। बैठक के दौरान क्षेत्र की सामाजिक समस्याओं और उनके समाधान को लेकर विस्तृत चर्चा हुई।

विधायक संजीव सरदार ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली अबुआ सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं – जैसे सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, फसल राहत योजना, ग्राम सड़क योजना, और आदिवासी छात्रवृत्ति योजना की जानकारी लोगों को दी। बैठक में उपस्थित ग्रामीणों और बुद्धिजीवियों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि आगामी घाटशिला उपचुनाव में झामुमो प्रत्याशी श्री सोमेश चंद्र सोरेन को भारी मतों से विजयी बनाकर विधानसभा भेजा जाएगा।

लोक आस्था के महापर्व छठ पर बमामाईंस में लौकी, गन्ना एवं गागल वितरण शिविर का सफल आयोजन

दैनिक समाज जागरण
चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)
पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर

जमशेदपुर बमामाईंस पहाड़ी पूजा समिति के तत्वावधान में एवं जनता दल (यूनाइटेड) के जिला उपाध्यक्ष श्री दुर्गा राव तथा बमामाईंस थाना अध्यक्ष श्री बबलू कुमार सिंह के नेतृत्व में आज प्रातः लोक आस्था के महापर्व छठ के अवसर पर निशुल्क लौकी, गन्ना एवं गागल वितरण शिविर का भव्य आयोजन किया गया। यह शिविर बमामाईंस मार्केट के ऊपर वाली रोड पर आयोजित हुआ, जहाँ प्रातः से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनता दल यूनाइटेड पूर्वी सिंहभूम के जिला अध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव उपस्थित हुए. इसमें छठ व्रतियों को लौकी, गन्ना एवं गागल जैसे पूजन सामग्रियाँ निःशुल्क प्रदान की गईं। कार्यक्रम के दौरान जनता दल (यूनाइटेड) के पदाधिकारियों ने कहा कि लोक आस्था के इस महान पर्व में समाजसेवा ही सबसे बड़ी पूजा है। समाज में सहयोग और समर्पण की भावना को मजबूत करना ही इस आयोजन का उद्देश्य है। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा गया और पूरे वातावरण में "जय छठी माई" के जयकारे गूंजते रहे। इस अवसर पर जनता दल (यूनाइटेड) के बमामाईंस थाना महामंत्री दीपू तिवारी, मंडल महामंत्री गंगाधर पांडे, मंडल महामंत्री रविंद्र ठाकुर, समाजसेवी पवन जी, नागेंद्र सिंह, नवीन जी, जितेंद्र जी, विजय राव जी, मनिफिट मंडल अध्यक्ष विनोद राय, दली भाई, विनय जी, मजदूर प्रतिनिधि अमित शर्मा, संजय जी, दीनू जी एवं रासो जी उपस्थित थे।

ऊपरघाट में बढ़ती चोरियों को लेकर जताया आक्रोश।

भुनेश्वर कुमार महातो ,
संवाददाता - समाज जागरण

बेरमो / डुमरी : बेरमो अनुमण्डल क्षेत्र नावाडीह प्रखंड के ऊपरघाट में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं को लेकर झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) ने असंतोष व्यक्त किया है। जेएलकेएम प्रखंड अध्यक्ष देवनारायण महतो ने पेक-नारायणपुर थाना पहुंचकर पुलिस को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि एक के बाद एक चोरी की घटनाएं लगातर हो रही हैं, लेकिन अब तक किसी भी मामले का उद्भदन नहीं हुआ है और अपराधी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। इससे ग्रामीणों में गहरा आक्रोश है। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि 15 दिनों के भीतर हाल के चोरी मामलों का खुलासा नहीं हुआ, तो वे धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। इस दौरान जेएलकेएम के बोकारो जिला सचिव खगेन्द्र महतो, पंचायत अध्यक्ष विजय तुरी भी उपस्थित थे। इधर, पेक-नारायणपुर थाना क्षेत्र के जुड़ामना गांव में हाल के दिनों तीन घरों में चोरी की वारदात हुई, जहां चोरों ने ताले तोड़कर करीब दो लाख रुपये के जेवरात और बीस हजार रुपये नकद की चोरी कर ली। जिससे भय और असंतोष व्याप्त है।

नहाय-खाय के साथ शुरू हुआ चार दिवसीय महापर्व छठ

पदमा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में उमड़ा आस्था का सैलाब

पंकज कुमार पाठक,
समाज जागरण

पदमा। नहाय-खाय के साथ शनिवार से पूरे क्षेत्र में चार दिवसीय आस्था का महापर्व छठ धूमधाम से शुरू हो गया। पदमा प्रखंड के विभिन्न गांवों पदमा,सरैया,रोमी,चम्पाडीह और आसपास के गाँवो में व्रतियों ने पवित्रता और श्रद्धा के साथ नहाय-खाय की रस्म निभाई। सुबह से ही श्रद्धालुओं ने स्नान कर पूजा-अर्चना की। इसके बाद व्रतियों ने अरवा चावल, चने की दाल और कद्दू की सब्जी का प्रसाद ग्रहण किया। छठ महापर्व के दूसरे दिन यानी रविवार को खरना की पूजा होगी, जिसमें व्रती पूरे दिन निर्जला व्रत रखकर शाम को स्नान के बाद दूध गुड़ और चावल की खीर का प्रसाद बनाएंगे। खरना के साथ ही 36 घंटे का निराहार व्रत शुरू हो जाएगा।

तीसरे दिन शाम को व्रती अस्ता चलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगे, जबकि चौथे दिन उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर व्रत का समापन करेंगे। स्थानीय घाटों की साफ-सफाई का काम तेजी से चल रहा है। स्थानीय समाजसेवियों एवं युवाओं की ओर से सुरक्षा और रोशनी की विशेष व्यवस्था की जा रही है ताकि श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो।

श्रमदान कर सड़क बनाने को मजबूर

जनप्रतिनिधियों से टूटी आस

राहुल कुमार गुप्ता, संवादाता
विष्णुगढ़, दैनिक समाज जागरण।

विष्णुगढ़ प्रखंड के खरना पंचायत अंतर्गत जरवा टोला में ग्रामीणों ने श्रमदान कर सड़क बनाने का फैसला किया बताते है ग्रामीणों को आजादी के सात दशक बीत जाने के बाद भी सड़क नसीब नहीं हुआ समय के साथ साथ जनप्रतिनिधि भी बदले लेकिन किसी ने भी जरवा को विकास की और ले जाने की जरूरत महसूस नहीं की मजबूर होकर ग्रामीण बुढ़वाडीह से जरवा आदिवासी टोला लगभग तीन किलोमीटर श्रमदान कर सड़क बनाने का फैसला किया पंचायत सचिव सह बीपीआरओ सुरेंद्र प्रसाद के द्वारा निरीक्षण कर ग्रामीणों को जल्दी ही मनरेगा में मिट्टी मोरम पथ निर्माण कार्य करवाने का आश्वाशन दिया गया मौके पर मनोज बेसरा, अंजली कुमारी,सुरजी देवी,लीलो देवी,संगीता देवी,मंजू देवी,अनीता देवी,फूलो देवी,अनीता देवी,रेनू देवी,शंकर बेसरा आदि ग्रामीण मौजूद थे।

झारखंड जीवन ज्योति फाउंडेशन द्वारा छठ महापर्व पर सूप और प्रसाद वितरण कार्यक्रम संपन्न

अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड

सरायकेला खरसावां (झारखंड): गम्हारिया छठ महापर्व के पावन अवसर पर झारखंड जीवन ज्योति फाउंडेशन की ओर से सातबोहनी में श्रद्धालुओं के बीच सूप और प्रसाद सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष रूपेश गोराई ने की, जबकि संरक्षक डॉ. जे.एन. दास मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपाध्यक्ष गोवर्धन गोस्वामी

और संजय गोराई, सचिव धनंजय स्वर्णकार तथा उत्पल चौधरी ने आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम में सिंटू गोराई, सानु सिंह, रवि, अनिकेत तिवारी और आकाश दास विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। संस्था के सदस्यों ने बताया कि छठ पूजा लोक आस्था का महान पर्व है, जो सूर्य उपासना, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता है। फाउंडेशन की इस सामाजिक पहल से श्रद्धालुओं में खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर फाउंडेशन के अध्यक्ष रूपेश गोराई ने कहा कि छठ महापर्व झारखंड की संस्कृति और लोक आस्था का प्रतीक है। यह पर्व हमें अनुशासन, स्वच्छता और संयम का संदेश देता है। हमारी संस्था का उद्देश्य समाज में एकता, सेवा और भाईचारे को मजबूत करना है। भविष्य में भी हम जनहित के कार्यों को जारी रखेंगे।

वहीं संरक्षक डॉ. जे.एन. दास ने कहा कि छठ महापर्व केवल धार्मिक आस्था का नहीं, बल्कि वैज्ञानिक और पर्यावरणीय दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण पर्व है। यह सूर्य, जल और प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करने का पर्व है। झारखंड जीवन ज्योति फाउंडेशन द्वारा इस तरह के सामाजिक कार्य किए जाना समाज के लिए प्रेरणादायक है।

सरायकेला के उपायुक्त नीतीश कुमार ने कुकड़ू प्रखंड का किया औचक निरीक्षण

निरीक्षण के दौरान चांडिल एसडीएम रहे मौजूद, कई अनियमितताओं पर अधिकारियों को लगाई फटकार – स्वास्थ्य, बैंकिंग और जाति प्रमाण पत्र से जुड़े मुद्दों पर भी उठे सवाल

दैनिक समाज जागरण,
संवाददाता, बिकाश

ईचागढ़ः सरायकेला- खरसवाँ जिला उपायुक्त नीतीश कुमार ने शनिवार को कुकडू प्रखंड कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ चांडिल अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) विकास कुमार राय मौजूद रहे। उपायुक्त के अचानक पहुंचने से प्रखंड कार्यालय में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी तथा अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति और कार्यशैली की समीक्षा की। कई शाखाओं में लापरवाही और अनियमितता पाए जाने पर उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को सख्त फटकार लगाई और सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त महोदय से जनता की ओर से कई सवाल भी पूछे गए। कुकडू प्रखंड अंतर्गत एकमात्र प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेंद्र (पीएससी) में डॉक्टर की अनुपस्थिति को लेकर लोगों ने गंभीर सवाल उठाया। उपायुक्त ने इस पर चिंता व्यक्त की और कहा कि स्वास्थ्य विभाग से समन्वय स्थापित कर समस्या का समाधान जल्द किया जाएगा। इसी दौरान तिरुलडीह बैंक ऑफ इंडिया और सिरूम ग्रामीण बैंक के प्रबंधकों द्वारा ग्रामीणों के साथ किए जा रहे दुर्व्यवहार और उपेक्षापूर्ण रवैये को लेकर भी सवाल उठाया गया। उपायुक्त ने इस पर नाराजगी जताई और कहा कि ऐसे मामलों में बैंक प्रबंधन से जवाब तलब किया जाएगा तथा आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, प्रामाणिक (नाई-नापित) समाज और मुस्लिम समुदाय के लोगों के जाति प्रमाण पत्र बनाने में हो रही देरी और जटिल प्रक्रिया को लेकर भी लोगों ने सवाल उठाया। इस पर उपायुक्त नीतीश कुमार ने संबंधित अधि कारियों को निर्देश दिया कि सभी पात्र आवेदकों के प्रमाण पत्र शीघ्र जारी किए जाएं और किसी भी प्रकार का भेदभाव या टालमटोल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निरीक्षण के अंत में उपायुक्त ने कहा कि जिले के सभी प्रखंडों में नियमित रूप से औचक निरीक्षण किए जाएंगे, ताकि शासन की योजनाएं वास्तव में जनता तक पारदर्शी तरीके से पहुंच सकें। उन्होंने अधिकारियों को जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देने और कार्यालयों में स्वच्छ, जवाबदेह और सेवा-उन्मुख माहौल बनाए रखने का निर्देश दिया।

पूर्व सैनिकों के द्वारा संचालित होल सेल के दर पर फल विक्रय केंद्र का विधायक सरयू राय ने फीता काट किया उद्घाटन

दैनिक समाज जागरण
चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)
पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूर्व सैनिक सेवा परिषद पूर्वी सिंहभूम के द्वारा छठ व्रतधारियों के लिए होल सेल के दर पर फल विक्रय केंद्र का उद्घाटन जमशेदपुर पश्चिम के लोकप्रिय विधायक सरयू राय राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के महानगर करवाह रविंद्र जी मानगो थाना प्रभारी के प्रतिनिधि के रूप में इंस्पेक्टर प्रवमन शाह एवं परिषद के वरिष्ठ सैनिक साथियों ने संयुक्त रूप से भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर शिविर का उद्घाटन किया। इस मौके पर उपस्थित गणमान्य अतिथियों ने सेना से सेवानिवृत होकर समाज की सेवा में निरंतर सेवा देने वाले पूर्व सैनिकों की प्रशंसा की। सम्मानित अतिथियों को परिषद की तरफ से राजीव रंजन डॉक्टर कमल शुक्ला दिनेश सिंह सतनाम सिंह हंसराज सिंह ने अंग वस्त्र एवं पौधा देकर उनका सम्मान किया। साथ ही सफल शिविर संचालन का आशीर्वाद प्राप्त किया। सरयू राय ने कहा कि पूर्व सैनिकों के इस प्रयास से हजारों की संख्या में नगर वासियों को फल खरीदने में सहूलियत होती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुशील कुमार सिंह अशोक कुमार श्रीवास्तव प्रमोद कुमार दास सुरेंद्र प्रसाद मौर्य अमित कुमार नरेंद्र कुमार उपेंद्र प्रसाद सिंह हरेंदु शर्मा राजकुमार सिंह जयदीप कुमार दास शशिकांत सिंह सत्येंद्र सिंह रजत डे हँसराज सिंह शिव प्रसाद शर्मा महेश कुमार जैसे सैकड़ो साथियों का सहयोग मिलता है।

नावाडीह से ऊपरघाट तक बन रही सड़क में गड़बड़ी

भुनेश्वर कुमार महातो,
संवाददाता - समाज जागरण

बेरमो / डुमरी : डुमरी विधानसभा क्षेत्र स्थित नावाडीह प्रखंड के देवी महतो इंटर कॉलेज नावाडीह से ऊपरघाट के पेंक महुआटांड़ तक 84 करोड़ की लागत से 24 किमी बन रही सड़क का निरीक्षण प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष बृजलाल हांसदा, उप प्रमुख हरिलाल महतो व नारायणपुर पंसस कालेश्वर महतो आदि लोग ग्रामीणों की शिकायत पर उक्त सड़क का निरीक्षण किया। इस दौरान कनीय अभियंता को बुलाकर कार्य में हो अनियमितता को दिखाया। उप प्रमुख हरिलाल महतो ने कहा कि संवेदक द्वारा सड़क का निर्माण में काफी अनियमितता बरती जा रही है। सड़क के काली करण को खुदाई कर उसी सड़क पर बिछाकर ऊपर से वाइब्रेटर मशीन चलाया जा रहा है। जबकि पूर्व से काली करण सड़क को खुदाई कर उससे निकले मलबे को हटा कर जीएसबी डालने का प्रावधान है लेकिन संवेदक द्वारा ऐसा कार्य नहीं किया जा रहा है। उन्होंने ने कहा कि संवेदक इस पर सुधार नहीं करती है तो संवेदक के विरुद्ध राज्य के मुख्यमंत्री से मिल कर इसकी शिकायत करेंगे।

डुमरी में पुलिस ने पकड़ा अवैध मवेशी परिवहन, तीन वाहन जप्त, जांच में जुटी टीम

भुनेश्वर कुमार महातो,
संवाददाता - समाज जागरण

बेरमो / डुमरी : डुमरी विधानसभा के डुमरी थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के डुमरी बैरियर के पास अवैध मवेशी परिवहन के मामले में 26 गोवंशीय पशुओं से लदे 3 वाहनों को पकड़ कर जप्त किया। मामले के संबंध में जानकारी देते हुए डुमरी एसडीपीओ ने बताया कि डुमरी थाना पुलिस द्वारा गोवंशीय पशुओं से लदे 3 वाहन जप्त किए गए हैं ,जिसे लेकर कार्रवाई की जा रही है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि डुमरी के वनांचल चौक समीप 24 अक्टूबर की रात डुमरी बैरियर के पास विशेष वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान 3 वाहनों को रोका गया,यह तीनों वाहन थाना क्षेत्र के सुईयाडीह ग्राम की ओर से डुमरी की ओर आ रहे थे, चालक ने मौके से वाहन लेकर भागने की कोशिश की,लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए तीनों वाहनों को रोक लिया। कागजात की मांग करने पर जरूरी कागजात प्रस्तुत नहीं किया जा सका। इसके बाद तीनों पिकअप वैन को जप्त कर थाना ले जाया गया और पशुओं को सुरक्षित क्षेत्र के गोशाला में भेज दिया गया। पुलिस फिलहाल वाहनों के स्वामी और मवेशी तस्करी के नेटवर्क की जांच में लगी है । पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि अपने आसपास संदिग्ध गतिविधियों या अवैध पशुओं के परिवहन की सूचना तुरंत थाना को दें पुलिस पशु तस्करी पर नकल करने के लिए पूरी तरह मुस्तैद है। घटना को लेकर विधायक प्रतिनिधि अमित महतो ने भी नाराजगी जताई और संबंधित लोगों पर कार्रवाई की मांग की। इधर सूत्रों का कहना है कि गौतस्करी का मास्टरमाइंड बिहार निवासी सिंकू सिंह है जो बाराचट्टी निवासी मुन्ना खान, अमजद खान, संतोष अग्रवाल, असगर अली, बैजू यादव आदि के सहयोग से लगातार गौतस्करी कर बिहार से झारखंड होते हुए मवेशियों को बंगाल भेजता है। हालांकि पुलिस ने इसकी पुष्टि नहीं की है। देखना होगा पुलिसिया जांच में क्या कुछ निकलकर सामने आता है और इस मामले में पुलिस क्या कुछ कार्रवाई करती है ।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री जेपी नड्डा ने एम्स, नई दिल्ली के 50वें दीक्षांत समारोह को संबोधित किया

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने चिकित्सा आधारभूत ढांचे में एक दशक के विकास का उल्लेंख किया

भारत की चिकित्सा शिक्षा में प्रगतिः 819 कॉलेज, 1.29 लाख पूर्वस्नातक सीटेंः स्वास्थ्य मंत्री

एक से तेईस तक का एम्स का विस्तार भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रतिबद्धता को दशार्ता है

एमएमआर, आईएमआर, टीबी संक्रमण दरों में तेजी से गिरावट से भारत ने वैश्विक स्वास्थ्य मानकों को पार किया

श्री नड्डा ने एम्स स्नातकों से उत्कृष्टता बनाए रखने और चिकित्सा शिक्षा और शोध कार्यों में योगदान देने का आग्रह किया

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री जे.पी. नड्डा ने आज यहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), नई दिल्ली के 50वें वार्षिक दीक्षांत समारोह को संबोधित किया। श्री नड्डा ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए स्नातक छात्रों को बधाई दी और भारत में चिकित्सा विज्ञान, शिक्षा और रोगी देखभाल को आगे बढ़ाने में एम्स के अद्वितीय योगदान की सराहना की। उन्होंने युवा डॉक्टरों से सहानुभूति के साथ सेवा करने, नैतिकता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने और देश की उभरती स्वास्थ्य सेवा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नवाचार का उपयोग करने का आह्वान किया।

श्री नड्डा ने कहा चिकित्सा विज्ञान, प्रशिक्षण और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में, राजधानी दिल्ली स्थित एम्स ने न केवल भारत में, बल्कि विश्व स्तर पर अपना स्थान बनाया है। उन्होंने चिकित्सा शिक्षा, अत्याधुनिक शोध और रोगी देखभाल में उत्कृष्टता के प्रति संस्थान की निरंतर प्रतिबद्धता की सराहना की।

श्री नड्डा ने पिछले दशक में भारत के स्वास्थ्य सेवा और चिकित्सा शिक्षा क्षेत्र में हुई उल्लेखनीय प्रगति का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछली सदी के अंत में जहां देश में केवल एक एम्स था, वहीं आज पूरे भारत में 23 एम्स संस्थान हैं। यह प्रत्येक क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा और चिकित्सा प्रशिक्षण के विस्तार के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। उन्होंने बताया कि पिछले 11 वर्षों में देश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या 387 से बढ़कर 819 हो गई है। इसी प्रकार, स्नातक मेडिकल सीटें 51,000 से बढ़कर 1,29,000 और स्नातकोत्तर सीटें 31,000 से बढ़कर 78,000 हो गई हैं। श्री नड्डा ने कहा कि अगले पाँच वर्षों में स्नातक और स्नातकोत्तर दोनों स्तरों पर 75,000 अतिरिक्त सीटें जुड़ने की उम्मीद है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने यह भी बताया कि भारत ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है, जहाँ नमूना पंजीकरण प्रणाली (एसआरएस) के आंकड़ों के अनुसार, मातृ मृत्यु दर (एमएमआर) 130 से घटकर 88 और शिशु मृत्यु दर (आईएमआर) 39 से घटकर 27 हो गई है। पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु दर (यू5एमआर) और राष्ट्रीय मृत्यु दर (एनएमआर) में भी क्रमशः 42 प्रतिशत और 39 प्रतिशत की उल्लेखनीय कमी देखी गई है, जो वैश्विक औसत से अधिक है।

लोक आस्था का महापर्व छठ नहाय-खाय के साथ हुआ शुरू

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण
ब्यूरो किशनगंज।

किशनगंज। भगवान सूर्य की उपासना का चार दिवसीय महापर्व छठ शनिवार को नहाय-खाय के साथ शुरू हुआ। रविवार आज खरना के बाद निर्जल व्रत। सोमवार को अस्ताचलगामी व मंगलवार को उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर व्रती मंगलकामना करेंगे। पूजा की तैयारी तेज हो गई है। भक्ति के साथ ही उत्सव-उल्लास का वातावरण है। बाजार में चहल-पहल बढ़ गई है। पूजा सामग्री की दुकानें सज गई हैं। घाटों की सफाई के साथ भक्त इस महापर्व की तैयारी में जुट गए हैं।

शनिवार सुबह से ही छठव्रती महिलाओं और पुरुषों ने ओद्रा घाट एवं विभिन्न नदियों में स्नान कर सूर्य देव की पूजा-अर्चना कर अपने पवित्र व्रत की शुरूआत की। ओद्रा घाट पर श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। नहाय-खाय छठ पर्व का पहला और पवित्र चरण है। छठ पूजा का पहला दिन, नहाय-खाय, अत्यंत पवित्र माना जाता है।यह चरण इस बात का प्रतीक है कि भक्त अब सांसारिक जीवन को पूरी तरह से त्याग कर भक्ति और अनुशासन के मार्ग पर चल पड़े हैं। श्रद्धालुओं नदी में स्नान करके अपने शरीर को शुद्ध करते हैं और कद्दू भात और चने की दाल का सात्विक भोजन ग्रहण किया। ऐसा माना जाता है कि यह भोजन तन और मन दोनों को शुद्ध करता है। छठ पूजा चार दिनों तक अत्यंत सादगी और पवित्रता के साथ मनाई जाती है। पहला दिन शनिवार 25 अक्टूबर नहाय-खाय दूसरा दिन रविवार आज 26 अक्टूबर को खरना व्रती दिन भर निर्जला व्रत रखते हैं और शाम को गुड़-चावल की खीर, रोटी और केले का प्रसाद ग्रहण करते हैं, तीसरा दिन सोमवार 27 अक्टूबर को डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर परिवार और समाज की सुख-समृद्धि की कामना की जाती है, चौथा दिन मंगलवार 28 अक्टूबर को सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। व्रती सूर्योदय के समय सुबह जल में डूबकी लगाकर सूर्य को अर्घ्य देती हैं और अपने परिवार की सुख-समृद्धि, संतान की दीघार्यु और जीवन में ऊर्जा की कामना करती हैं। इसी के साथ 36 घंटे का निर्जला उपवास समापन होता है।

पटना में गंगा जल लाने गया युवक हुआ लापता

समाज जागरण पटना जिला
संवाददाताः- वेद प्रकाश

पटना/ पटना सिटी के गंगा नदी के कंगन घाट छठ पूजा के पहले दिन गंगा नदी से जल लेने गया एक 18 वर्षीय युवक घनश्याम कुमार रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गया। यह घटना शनिवार की सुबह उस समय घटी जब पूरे शहर में लोक आस्था के पर्व छठ की तैयारियां जोरों पर थीं और श्रद्धालु नहाय-खाय की परंपरा निभाने घाटों की ओर उमड़ रहे थे। घनश्याम कुमार, जो बाहरी बेगमपुर स्थित जगदीश पार्क का निवासी बताया जा रहा है, अपनी मां अंजू देवी के साथ कंगन घाट पहुंचा था।जहां गंगाजल लेने घाट पर पहुंचे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घनश्याम पिलर संख्या 199 के पास गंगा में नहाने के लिए उतरा था। तभी अचानक नदी के तेज बहाव में संतुलन बिगड़ने से वह बह गया। जैसे ही लोगों ने युवक को गंगा के तेज बहाव में बहते देखा, घाट पर अफरा-तफरी मच गई। वहां मौजूद श्रद्धालुओं ने शोर मचाकर लोगों को सचेत किया और तुरंत घाट पर मौजूद सुरक्षा कर्मियों को सूचना दी। मौके पर तैनात एसडीआरएफ की टीम ने बिना देर किए सर्च ऑपरेशन शुरू किया। गोताखोरों की एक टीम नदी में उतर गई और कई घंटों तक तलाशी अभियान चलाया गया, लेकिन शाम तक युवक का कोई पता नहीं चल सका। घनश्याम की मां अंजू देवी और अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार को उम्मीद थी कि वह किसी तरह मिल जाएगा, लेकिन लगातार कई घंटों तक कोई सफलता नहीं मिलने से माहौल गमगीन हो गया। परिजन बार-बार घाट के किनारे जाकर बेटे की तलाश में मदद की गुहार लगा रहे हैं। वहीं स्थानीय लोग भी खोजबीन में सहयोग कर रहे

हैं।घटना की जानकारी मिलते ही चौक थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी मनजीत ठाकुर ने बताया कि फिलहाल मामले की जांच जारी है। उन्होंने कहा कि परिजनों के बयान में कुछ असंगतियां हैं, जिस कारण अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि युवक वास्तव में गंगा में डूबा है या किसी अन्य कारण से लापता हुआ है। पुलिस ने बताया कि अभी तक परिजनों की ओर से कोई औपचारिक लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है, हालांकि मौखिक रूप से सूचना दी गई है। एसडीआरएफ टीम ने पूरे क्षेत्र में लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया। गोताखोरों ने गंगा के उस हिस्से में गहराई तक जाकर तलाश की, जहां युवक को आखिरी बार देखा गया था। जल स्तर और धारा की तीव्रता के कारण तलाशी अभियान में मुश्किलें आ रही थीं।

शाम होते-होते सर्च ऑपरेशन को अस्थायी रूप से रोकना पड़ा, लेकिन टीम ने रविवार सुबह फिर से तलाशी अभियान शुरू करने की योजना बनाई है।

शुद्धता, पवित्रता तथा लोक आस्था का पर्व छठ ब्रत

छठ पूजा के दौरान नही होती पंडितों की आवश्यकता

समाज जागरण पटना जिला
संवाददाताः- वेद प्रकाश

हिन्दू धर्मो में पूजा पाठ का आयोजन कर अनेकों देवी देवताओं की पूजा की जाती है। जिसे सम्पन्न कराने के लिए पंडितों तथा ब्राह्मणों की आवश्यकता होती है। जबकि छठ पूजा को सम्पन्न कराने के लिए पंडितों की आवश्यकता नही होती है। यही कारण है कि छठ पूजा को पवित्र तथा गलत अवधारणाओं से मुक्त माना जाता है। यह पूजा किसी खास जाती समुदाय से सम्बन्धित नही है। यह केवल शुद्धता, पवित्रता तथा लोक आस्था से जुड़ी है। इसका धार्मिक तथा बैज्ञानिक मान्यताएं अलग अलग है। इस दौरान छठ व्रतियों द्वारा सूर्य उपासना तथा षष्ठी की पूजा की जाती है।

*** क्या है धार्मिक मान्यताएं***

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सूर्य महर्षि कश्यप तथा देवमाता अदिति के पुत्र है। इसी कारण सूर्य देव का एक नाम आदित्य भी है। इन्हें शिव का अवतार माना जाता है। ये देवगुरु बृहस्पति का मित्र है। वेदों के अनुसार सूर्य को जगत की आत्मा कहा जाता है। क्योंकि पृथ्वी पर जीवन की संचार में सूर्य की प्रमुख भूमिका है। सूर्य की कई ओतनिया थी जिनमे दो पत्नियां उषा तथा प्रत्युषा भी थी। छठ पर्व के दौरान संध्या अर्घ्य के दौरान सूर्य अपनी पत्नी प्रत्युषा के साथ होते है। जबकि सुबह अर्घ्य के समय सूर्य अपनी पत्नी उषा के साथ होते है। धार्मिक गर्न्थो के अनुसार देवी षष्ठी तथा सूर्य की सबसे पहला पूजा त्रेता युग मे वनवास की

अवधि पूर्ण कर घर लौटने पर राम के कहने पर सीता ने किया था। जबकि द्वापर युग मे कुन्ति के द्वारा सूर्य की उपासना के फलस्वरूप कर्ण का जन्म हुआ था। जबकि शाम्ब पुराण के अनुसार सूर्य उपासना का प्रचलन द्वापर युग मे काफी विस्तार से हुआ है। शाम्ब पुराण के अनुसार राजा शाम्ब का जन्म श्रीकृष्ण की पत्नी तथा जामवंत की पुत्री जामवंती के गर्भ से हुआ था। जो एक समय सरोवर में सुंदर युवतियों के साथ लिपटकर जल क्रीड़ा कर रहे थे। उसी समय वहां से होकर महर्षि गर्ग गुजर रहे थे। जिन्हें देखने के बावजूद भी राजा शाम्ब उन युवतियों से अलग नही हटे। यहां तक कि राजा शाम्ब ने महर्षि गर्ग का अभिवादन करने के बजाए उनका उपहास किया। जिससे क्रोधित महर्षि गर्ग ने राजा शाम्ब को कुष्ठ रोगी होने का श्राप दे दिया। जिसकी सूचना पाकर दुखी श्रीकृष्ण ने राजा शाम्ब को श्राप से मुक्ति दिलाने के लिए शाक द्वीप से सूर्य उपासकों को बुलाया तथा विभिन्न बारह स्थानों पर अर्क स्थलों के रूप में स्थापित कर सूर्य की पूजा पाठ करवाया। उन बारह अर्क स्थलों में उलार के ओलार्क, देव के देवार्क, उड़ीसा के कोणार्क, पंडारक के पुण्यार्क, अङ्गरी के औंगार्क, काशी के लोलार्क, कन्दाहा सहरसा के मार्केण्डेयार्क, उत्तराखण्ड कटारमल के कटलार्क, बड़गांव के बालार्क, चंद्रभागा नदी किनारे चानार्क, पंजाब के चिनाव नदी किनारे आदित्यार्क तथा गुजरात के पुष्पावती नदी किनारे मोढेरार्क शामिल है। तब से सूर्य की पूजा बृहद पैमाने पर शुरू हुई। वही देवी षष्ठी ब्रह्मा की मानस पुत्री थी। पुराणों के अनुसार देवी षष्ठी को सूर्य की बहन तथा शिव पुत्र कार्तिकेय की पत्नी माना जाता है। देवी षष्ठी को सन्तान प्राप्ति की देवी माना जाता है इसी वजह से शिशुओं के जन्म के छठे दिन छथिहार मनाने का प्रचलन पूर्व चली आ रही है। महाभारत के अनुसार सबसे पहले छठ पर्व दानवीर कर्ण ने किया था। जबकि द्वापर युग मे ही जब पांडवों ने जुए ने अपना सबकुछ हार गए थे तो श्रीकृष्ण के द्वारा बताए जाने पर द्रोपदी ने भी छठ पर्व की थी।

*** क्या है वैज्ञानिक मान्यताएं ***

वैज्ञानिक मान्यताओं के अनुसार विशाल आणविक बादल के हिस्से के ढहने से लगभग 4.57 अरब वर्ष पूर्व सूर्य का उतपति हुआ है जो अधिकांशतः हाइड्रोजन और हीलियम गैस का बना है। रेडियोधर्मी डेटिंग द्वारा निर्धारित सूर्य की आयु लगभग 4.6 बिलियन वर्ष होने का अनुमान है। सूर्य से आने वाली किरणों में रेडियो तरंगे, माइक्रोवेव, अवरक्त, दृश्य प्रकाश, पराबैगनी, एक्स रे तथा गामा किरणे शामिल है। जबकि सूर्य से निकलने वाली किरणों में सुषुम्णा, सुरादना, उदन्वसु, विश्वकर्मा, उदावसु, हरिकेश तथा विश्वव्यचा सूर्य की सात किरणें अलग अलग रंग की होती है। सभी का अपना अपना अलग महत्व है। इन सातों रंग के किरणों को मिलने से श्वेत प्रकाश का निर्माण होता है। इन किरणों में सात मुख्य ग्रहों की ऊर्जा होती है। वैज्ञानिक मतों के अनुसार पृथ्वी पर ऊर्जा का एकमात्र स्त्रोत सूर्य है। जिसकी ऊर्जा से ही पृथ्वी पर ऊष्मा तथा जीवन का संचार होती है। विभिन्न कारकों द्वारा इन ऊष्मा तथा ऊर्जा का रूपांतरण होता है। लेकिन यह ऊर्जा तथा ऊष्मा का विनास नही होता है। प्रत्येक जीवो से लेकर पौधों तक को ऊर्जा तथा ऊष्मा की जरूरत होती है। इस वजह से सूर्य उपासना को प्राकृतिक पूजा से जोड़ा गया है। जबकि छठ पूजा का महत्व सबसे ज्यादा इस वजह से है क्योंकि इस पूजा को सबसे पवित्र माना जाता है। जिसके कारण पूजा के दौरान घरों तथा आसपास की सफाई बारीकी से की जाती है। जिससे वातावरण में शुद्धता उतपन्न होती है। रोगाणुओं का नाश होने के कारण बीमारियों से मुक्ति मिलती है। वही विषाणुओं का नाश होने के कारण विषाणुओं से उतपन्न होनेवाली कुष्ठ रोगों से भी लोगो को शुरक्षा मिलती है।

*** कैसे की जाती है छठ पूजा ***

छठ पूजा के दौरान पंडितों तथा ब्राह्मणों की कोई आवश्यकता नही होती है। छठब्रती अपनी क्षमता के अनुसार छठ पर्व करते है। जिनकी आर्थिक स्थिति ठीक नही है वैसे लोग केवल उपवास रखकर भी छठ पर्व करते है। जबकि सामर्थ्य व्यक्ति धूम धाम के साथ छठ व्रत करते है। छठ पर्व की शुरूआत नहाय खाय से शुरू होती है। उस दिन स्नान व पूजा करने के बाद व्रती अरवा चावल, चना का दाल तथा कद्दू की शब्जी को प्रसाद रूपी ग्रहण करते है। दूसरे दिन लोहड़ को संध्या के समय स्नान कर पूरे पवित्रता के साथ अरवा चावल, दूध तथा गुड़ से प्रसाद प्रसाद बनाते है। उसके बाद पूजा अर्चना कर प्रसाद ग्रहण कर सगे सम्बन्धियो को भी प्रसाद ग्रहण कराते है। उस समय से ब्रती 36 घण्टे का उपवास शुरू करते है। इसी दौरान तीसरे दिन संध्या के समय जलाशयों में स्नान कर फल नारियल तथा ठेकुआ से भरे कोलसुपो को हाथों में लेकर अस्तलगामी सूर्य को अर्घ्य देते है। वही चौथे तथा अंतिम दिन ब्रती जलाशयों में पहुंचकर फ्लो, नारियल तथा ठेकुआ भरी कोलसुपो को लेकर उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देकर पर्व का समापन करते है। वही प्रसाद ग्रहण कर 36 घण्टे का उपवास को विराम देते है।

किशनगंज , बिहार - मोती बाग चौक क्षेत्र में रहने वालों के साथ मौत खेल रही खेला

नगर परिषद की लापरवाही को लगातार नजरांदाज कर रहा जिला प्रशासन और बिहार सरकार

***वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण**
ब्यूरो किशनगंज।

25 अक्टूबर। किशनगंज मोती बाग चौक क्षेत्र में आक्सीजन की जगह बदबू ले ली है। इसे छिपाने के लिए नगर परिषद के अधिकारी गंदगी में आग लगवा देते हैं। इस दौरान लोग अपने घरों से भाग जाते हैं। वहीं जिला प्रशासन और बिहार सरकार नगर परिषद प्रशासन की लापरवाही के प्रति उदासीन बना हुआ है। फिलहाल,गरीबी के चलते हाईकोर्ट का दरवाजा मोती बाग क्षेत्र के लोग नहीं खटखटा पा रहे हैं।

परेशानी की कहानीः

आक्सीजनहीन दुर्गंध में सांस लेना

मोतीबाग की कहानी है। मोती बाग की परेशानी है। बुजुर्ग पीढ़ी 24 घंटे ऐसे पर्यावरण में रहने को विवश हैं। महिलाएं और एवं बच्चे भी इसी में सांस लेने को विवश हैं।

गोरखधंधा और हथकंडाः

भूमाफिया चाहते हैं कि मौत की डर से मोती बाग क्षेत्र के लोग घर-द्वार बेचकर मोती बाग क्षेत्र से पलायन कर जाएं। फिर, नगर परिषद और जिला प्रशासन पर दबाव बनाकर नगर परिषद क्षेत्र का कचरा मोती बाग में डंप करने से रोककर खरीदी गई जमीन का सौदा किया जाएगा।

चिकित्सक की सलाहः

कचरा और उसकी बदबू तथा कचरा को छिपाने के लिए उसको आग के हवाले करने से सांस रोग जैसे अस्थमा, क्रोनिक ब्रोंकाइटिस, फेफड़ों में संक्रमण और निमोनिया, हृदय रोग, दिल के दौरे को आमंत्रण मिल रहा है।

गौरतलब है कि नगर परिषद् क्षेत्र अंतर्गत स्थित मोतीबाग वार्ड संख्या 07 का हिस्सा है। मोती बाग, वार्ड नंबर 7 में स्थित सड़क के बगल में नगर परिषद के द्वारा लगभग 5 एकड़ भू-भाग पर सम्पूर्ण शहर का कचड़ा डंप किया जा रहा है और उसे छिपाने के लिए आग लगाई जाती है।

पीड़ित बबलू महतो, छोटू कुमार आदि ने बतायाः

लगातार 6 दिनों से कचरे में आग लगी हुई है। तीन किलीमीटर तक धुआं फैल रहा है। छोटे-छोटे बच्चों को घर के अंदर खिड़की बंद करके रखे हुए हैं। फिर भी बच्चे की सांस लेने में परेशानी हो रही है। बूढ़े,बच्चे तथा अन्य लोग खांसी सांस लेने में परेशानी हो रही हैं। कई लोग अस्थमा के शिकार हो गए हैं। इसका निराकरण नहीं हुआ तो मोती बाग के लोग मर जाएंगे।

गौरतलब है कि नगर परिषद के द्वारा पूरे का शहर का कचरा मोती बाग में डंप कर रहा । इसमें आग लगा देने पर सभी लोग परेशान हैं। छह-सात महीने पहले भी नगर परिषद द्वारा आग लगाई गई थी।

कई बरसों से नगरवासी आंदोलन कर रहे हैं फिर भी इसका निराकरण नगर परिषद द्वारा नहीं किया जा रहा है। विरोध करने पर कई बार स्थानीय लोगों पर नगर परिषद द्वारा मुकदमा भी कर दिया गया है।

जिला प्रशासन का पक्षः

इस मामले में डीएम विशाल राज ने कहा ठीक है मैं देखवाता हूं। एसडीएम अनिकेत कुमार ने कहा,डीएम साहब से बात करते हैं।

नवीनगर थाना पुलिस ने अपहरण मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

दैनिक समाज जागरण
अनील कुमार संवाददाता
नबीनगर (औरंगाबाद)

नबीनगर (बिहार) नवीनगर थाना पुलिस ने अपहरण मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने थाना क्षेत्र के दक्षिणी गोगो गांव में छापेमारी कर भीम सिंह, योगेंद्र सिंह उर्फ शेरा और मनोज सिंह को गिरफ्तार किया है।मामले में नवीनगर थानाध्यक्ष मृतंजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि यह कार्रवाई नवीनगर थाना क्षेत्र के रजबरीया खुर्द गांव निवासी अभिषेक तिवारी द्वारा दर्ज कराई गई अपहरण की एफआईआर के आधार पर की गई। दर्ज मामले में बताया गया था कि कुछ लोगों ने अभिषेक तिवारी के परिजनों को धमकाया और अपहरण की साजिश रची थी।शिकायत दर्ज होते ही पुलिस टीम सक्रिय हुई और तकनीकी जांच के साथ-साथ गुप्त सूचना के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई। जिसमें दक्षिणी गोगो गांव में छापेमारी की गई, जहां से तीनों आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गए। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ जारी है, और पुलिस को उम्मीद है कि पूछताछ के दौरान अपहरण की साजिश से जुड़े अन्य लोगों के नाम भी सामने आ सकते हैं।थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस इस मामले में पूरी गंभीरता से जांच कर रही है। किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा। यदि अन्य लोग भी इस घटना में शामिल पाए गए तो उनके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। गांव में इस घटना को लेकर लोगों में चर्चा बनी हुई है।

आदर्श बाल मंडली की 25वीं वर्षगांठ पर धूमधाम से मनाया गया सांस्कृतिक उत्सव

दैनिक समाज जागरण
अनील कुमार संवाददाता
नबीनगर (औरंगाबाद)

नबीनगर (बिहार) नवीनगर प्रखंड के टंडवा थाना क्षेत्र के रामनगर पंचायत अंतर्गत सूर्यपुरा गांव में आदर्श बाल मंडली ने अपनी 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर तीन दिवसीय भव्य सांस्कृतिक एवं नाट्य कार्यक्रम का आयोजन किया। इस उत्सव में ग्रामीण कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और दर्शकों का दिल जीत लिया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नरेंद्र सिंहा, रमाशंकर सिंह, नरेश राम, सरपंच नागदेव और समाजसेवी मनोज सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह के आयोजन युवाओं की प्रतिभा को निखारने और सांस्कृतिक परंपरा को

बनाए रखने का कार्य करते हैं। आदर्श बाल मंडली ने अपनी 25वीं वर्षगांठ पर केक काटकर हर्षोल्लास से जश्न मनाया। इस अवसर पर मंडली के सदस्यों ने अपने गुरुजनों को बुके और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।तीन दिवसीय कार्यक्रम में मंच पर आदर्श बाल मंडली के कलाकारों ने नाटक "गद्दार मंत्री", "कफन की सौगन्ध", और "कानुन और मुलजिम" में बेहतरीन अभिनय और नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रमुख कलाकारों में रंजीत यादव, ओम प्रकाश गुप्ता, भीम यादव और अन्य शामिल थे।मंडली के अध्यक्ष फिरोज खान के नेतृत्व में आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। निदेशक कुमार अमर, सचिव अरमान खान और कोषाध्यक्ष धनंजय चौधरी ने कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था संभाली

पटना जिले के खिरिमोड थाना क्षेत्र में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

समाज जागरण पटना जिला
संवाददाताः- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के खीरी मोड थाना के ग्रामीण क्षेत्र में शनिवार की देर शाम पालीगंज डीएसपी के नेतृत्व में थाना बल तथा केंद्रीय बलों ने फ्लैग मार्च किया। जानकारी के अनुसार एक ओर बिहार में लोक आस्था का पवित्र पर्व कार्तिक छठ पर्व का माहौल है तो दूसरी ओर सबसे बड़ा पर्व के रूप में माना जानेवाला बिहार विधानसभा चुनाव का माहौल है। ऐसे में इलाके में शुरक्षा ब्यवस्था कायम रखने को लेकर प्रशासन की जिम्मेदारियां बढ़ गयी है। जिसको लेकर पुलिस बल तथा केंद्रीय बलों के जवानों द्वारा इलाके में फ्लैग मार्च की जा रही है ताकि लोगो के मन से उपद्रवियों का डर व भय समाप्त रहे। इसी क्रम में शनिवार की देर शाम

पालीगंज एसडीपीओ 1 राजीव चन्द्र सिंह पटना जिले के खिरिमोड थाना पहुंचे। जहां उन्होंने थाना बल तथा केंद्रीय बलों को क्रिटिकल बूथो के बारे में जानकारियां दी। उसके बाद एसडीपीओ 1 राजीव चन्द्र सिंह तथा खिरिमोड थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाली गई। जिसमें शामिल थाना बल व केंद्रीय बलों के जवानों ने खिरिमोड थाना क्षेत्र के मेरा पतौना पंचायत का भर्मण किया। इसके दौरान एसडीपीओ राजीव चन्द्र सिंह तथा थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार ने ग्रामीणों से मिलकर जानकारियां लिया। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से अपील किया कि आगामी बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान बिना लोभ लालच तथा किसी के दवाव में आये निर्भीक होकर मतदान करें आपकी एक एक मत बहुमूल्य है। उसके बाद सभी पदाधिकारी तथा पुलिस बलों ने वापस थाने लौट गए।

पटना जिले के खिरिमोड स्थित स्ट्रांग रूप तथा डिस्पैच सेंटर का किया निरीक्षण

समाज जागरण पटना जिला
संवाददाताः- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के पालीगंज अनुमंडल अंतर्गत खिरिमोड थाने के पास आईटीआई परिसर में बिहार विधान सभा चुनाव को लेकर बनाये गए स्ट्रांग रूम तथा डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण पालीगंज एसडीपीओ 1 राजीव चन्द्र सिंह ने शनिवार की देर शाम किया जानकारी के अनुसार आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर पटना जिले के पालीगंज अनुमंडल स्थित खीरी मोड थाना क्षेत्र अंतर्गत आईटीआई परिसर में डिस्पैच सेंटर तथा स्ट्रांग रूम बनाई गई है। जिसकी सुरक्षा हेतु तैनात कर्मियों का

निरीक्षण पालीगंज एसडीपीओ 1 राजीव चन्द्र सिंह के द्वारा शनिवार की देर शाम किया गया। मुख्य द्वार पर तैनात सुरक्षा गार्ड उपस्थित पाए गए। वज्र ग्रह की सुरक्षा हेतु तैनात सुरक्षा बल उपस्थित पाए गए। वही सीसीटीवी कैमरा के पैनल का भी अवलोकन किया जो संतोषजनक पाया गया। मौके पर एसडीपीओ ने सभी सुरक्षाकर्मियों को 24 घंटे मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करने हेतु निर्देश दिया।

पटना में मामूली विवाद में दोस्त को मारी गोली, हालत गम्भीर

समाज जागरण

पटना/ राजधानी पटना में शुक्रवार की देर रात पटना सिटी के मालसलामी थाना क्षेत्र अंतर्गत सिमली शाहदरा में दो दोस्तों के बीच हुए मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जिसके परिणाम स्वरूप एक युवक को गोली मार दी गई। घायल युवक की पहचान विकास कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई और स्थानीय लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की देर रात किसी आपसी बहस या पुराने विवाद को लेकर दो दोस्तों के बीच झगड़ा हो गया। देखते ही देखते यह झगड़ा इतना बढ़ गया कि एक युवक ने गुस्से में अपने दोस्त विकास कुमार को गोली मार दी। गोली लगते ही विकास मौके पर ही गिर पड़े। घटना इतनी अचानक हुई कि आसपास के लोग कुछ समझ ही नहीं पाए। वारदात के बाद आरोपी वहां से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायल को अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की और पुलिस को सूचना दी। स्थानीय लोगों की मदद से घायल विकास को पहले पटना स्थित नालंदा मेडिकल कॉलेज

अस्पताल (एनएमसीएच) ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उसे पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल (पीएमसीएच) रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि गोली युवक के सीने के पास लगी है और डॉक्टरों की एक टीम उसकी स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है। परिवार के सदस्य और रिश्तेदार भी अस्पताल में मौजूद हैं, जो घटना के बाद से सदमे में हैं। घटना की जानकारी मिलते ही मालसलामी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह मामला आपसी विवाद का प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने घटनास्थल को सील कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए हैं। साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि घटना का पूरा क्रम स्पष्ट हो सके।

छठ पर्व की शुरुआत नहाए खाए के साथ, रविवार को खरना और सोमवार को डूबते सूर्य को अर्घ्य

दैनिक समाज जागरण
अनील कुमार संवाददाता
नबीनगर (औरंगाबाद)

नबीनगर (बिहार) शनिवार से शुरू हो रहे छठ पर्व के दौरान व्रती शुद्धता और आस्था का पालन करते हुए चार दिनों तक कठिन व्रत रखेंगे। यह पर्व नहाए खाए के साथ शुरू होकर उगते सूर्य को अर्घ्य देने और पारण के साथ संपन्न होगा। 25 अक्टूबर 2025, शनिवारः नहाए खाए,26 अक्टूबर रविवारः खरना, 27 अक्टूबर 2025 सोमवारः डूबते सूर्य को अर्घ्य,28 अक्टूबर 2025 मंगलवारः उगते सूर्य को अर्घ्य और पारण के साथ छठ व्रत सम्पन्न हो जाएगा।छठ पर्व एक महत्वपूर्ण हिंदू त्योहार है, जो सूर्य देव और छठी मैया की पूजा के लिए मनाया जाता है। इस पर्व के दौरान व्रती शुद्धता और आस्था का पालन करते हुए कठिन व्रत रखते हैं और सूर्य देव को अर्घ्य देते हैं।नहाए खाए छठ पर्व का पहला दिन है, जिसमें व्रती शुद्धता और आस्था का पालन करते हुए

स्नान करते हैं और शाकाहारी भोजन ग्रहण करते हैं। इस दिन व्रती जौ-चावल और कद्दू की सब्जी का प्रसाद बनाकर ग्रहण करते हैं।छठ पर्व के दौरान पंडितों की आवश्यकता नहीं होती है, क्योंकि यह पर्व एक सरल और सहज तरीके से मनाया जाता है। व्रती अपने घर में ही सूर्य देव और छठी मैया की पूजा कर सकते हैं और अर्घ्य दे सकते हैं।छठ पर्व के दौरान व्रती शुद्धता और आस्था का पालन करते हुए कठिन व्रत रखेंगे और सूर्य देव को अर्घ्य देंगे। यह पर्व 28 अक्टूबर 2025 को उगते सूर्य को अर्घ्य देने और पारण के साथ संपन्न होगा ।

दिवाली बाद सांसों पर संकट प्रदूषण से करें खुद का बचाव

दिवाली के बाद से दिल्ली का AQI एक बार फिर बहुत खराब श्रेणी में पहुंच गया है, जिससे शहर सांस संबंधी बीमारियों में तेजी से बढ़ती जा रही है। अभी तक एयर क्वालिटी इनडेक्स (PM2.5 और PM10) पहुंचा है। वायु की गुणवत्ता खराब होने ... पड़ता है और अस्थमा, ब्रोंकाइ... और गले के संक्रमण को बढ़... को फेफड़ों की बीमारी उनके लिए यह प्रदूषण नुकसान पहुंचा सकता है। आइए आपको बताते हैं कैसे अपनी सेहत का ध्यान रखें।

डॉक्टर को कब दिखाएं

- कुछ दिनों से अधिक समय तक लगातार खांसी या घरघराहट हो।
- सीने में जकड़न, सांस लेने में तकलीफ, या आराम करते समय भी सांस लेने में कठिनाई हो।
- गले में जलन या खराश, नाक बहना, या आंखों में जलन जो ठीक न हो।
- अस्थमा या सीओपीडी जैसी पहले से ही फेफड़ों की बीमारी से पीड़ित मरीजों को जरुरत पड़ने पर डॉक्टर को जरुर दिखाएं।

खुद को सुरक्षित कैसे करें

- जब बाहर प्रदूषण ज्यादा हो तो (सुबह या देर शाम) के दौरान घर के अंदर ही रहें।
- बाहर निकलते समय मास्क पहनें।
- घर में एयर प्यूरीफायर का प्रयोग करें और खिड़कियां और दरवाजे बंद रखें।
- साइकिल चलाने या जॉगिंग जैसे बाहरी एक्सरसाइज से बचें; इसके बजाय इनडोर वर्कआउट चुनें।
- पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं, पानी विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करता है।
- फेफड़ों के स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए हल्दी और तुलसी जैसे एंटीऑक्सीडेंट रिच फूड्स का सेवन करें और अपने आहार में खट्टे फल शामिल करें।

सबसे अधिक खतरा किसे हुआ

- **बच्चे और बुजुर्ग:** कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली के कारण उनमें संक्रमण का फैलन का खतरा ज्यादा होता है।
- **अस्थमा और सीओपीडी के मरीज:** प्रदूषित हवा लक्षणों को बढ़ा सकती है या उन्हें बदतर बना सकती है।
- **गर्भवती महिलाएं:** प्रदूषित हवा के लगातार संपर्क में रहने से मानसिक स्वास्थ्य और भ्रूण के विकास पर असर पड़ सकता है।
- हृदयरोग या डायबिटीज से पीड़ित लोग: खराब वायु गुणवत्ता हृदय और मेटाबॉलिज्म संबंधी समस्याओं को बढ़ा सकता है।

घर पर करें ये घरेलू उपाय

- **स्टीम लें:** स्टीम लेने से नाक का रास्ता साफ होने लगता है और गले की जलन कम करता है।
- **गर्म नमक के पानी से गरारे करना:** गले की खराश को कम करता है और कीटाणुओं को खत्म करने में मदद करता है।
- **अदरक या तुलसी की चाय के साथ शहद:** बंद नाक से राहत और खांसी से राहत दिलाने के लिए एक प्राकृतिक कफ निचोड़ने के रूप में कार्य करता है।
- **अपने घर को साफ रखें:** घर के अंदर प्रदूषण को कम करने के लिए नियमित रूप से एयर प्यूरीफायर का उपयोग करें और धूल साफ करें।

क्या वाकई छींक रोकने से कान का पर्दा फट सकता है?

किसी मीटिंग में बैठे हों या कोई गहरी बातचीत चल रही है। इस दौरान अचानक छींक आ जाए, तो व्यक्ति कोशि... करता है कि अपनी छींक रोक ले ताकि चल रही बातचीत पर खलल न पड़े। विशेषज्ञों की मानें, तो छींक रोकन... भी सही विकल्प नहीं होता है। कुछ लोगों का यह भी मानना है कि छींक रोकने से कान के पर्दे फट सकते हैं। ... है, क्या वाकई ऐसा होता है? यानी क्या छींक रोकने से कान के पर्दे फट सकते हैं?

क्या वाकई छींक रोकने से कान का पर्दा फट सकता है?

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ की मानें, तो जबरन छींक रोकने की कोशिश करना सही नहीं है, क्यों कि ... इनर ईयर इंजुरी हो सकती है। कुछ गंभीर मामलों में कान के पर्दे भी फट सकते हैं। इसे विस्तार से डॉक्ट...

प्रेशर बढ़ना: छींक के दौरान प्रेशर से नाक और मुंह से हवा निकलती है। अगर आप छींक को रोकने या ... कोशिश करते हैं, तो इसी वजह से रेस्पिरेटरी सिस्टम बनने वाला दबाव शरीर के अंदर ही फंस जाता है। यह द... शरीर में ही घूमने लगता है, जो कि सही नहीं है। यह दबाव अधिक तीव्र हो जाता है, जिसकी वजह से शरीर के ... अन्य अंगों पर नकारात्मक असर पड़ता है। विशेषकर, कान के पर्दे फटने का रिस्क बढ़ जाता है। यहां तक कि ... वेसल्स भी टूट सकती हैं।

यूस्टेशियन ट्यूब: छींक को दबाने से आपके सिर में अत्यधिक दबाव बनने के कारण यूस्टेशियन ट्यूब ... सकती है। छींक को रोकने से हवा और बलगम नैजल पैसेज से यूस्टेशियन ट्यूबों में वापस आ जाती हैं। यह ... कान को गले के पीछे से जोड़ती है। अंततः कान का पर्दा फटने का जोखिम बढ़ जाता है। यही नहीं, कान में सं... का रिस्क भी बढ़ जाता है।

मुंह की बदबू से लेकर मसूड़ों की सूजन तक, अमरूद के पत्तों में छिपा है हर समस्या का राज



आज के समय में अधिकतर लोगों को छाले, मसूड़ों में सूजन, दांतों में दर्द और मसूड़ों से खून आने जैसी ओरल हेल्थ से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। जिसकी वजह से कई लोग परेशान रहते हैं। हालांकि इस समस्या से राहत पाने के लिए आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों में से एक और औषधीय गुणों से भरपूर अमरूद के पत्ते लाभकारी माने जाते हैं। अमरूद के पत्तों से बने माउथ वॉश का इस्तेमाल करने से मुंह की कई समस्याओं से राहत मिल सकती है।

बता दें कि अमरूद के पत्तों में एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-ऑक्सीडेंट्स, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-माइक्रोबियल गुण पाए जाते हैं। जोकि मुंह के स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद होते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि ओरल हेल्थ से जुड़ी समस्याओं से राहत के लिए अमरूद के पत्तों से माउथ वॉश कैसे बनाएं और इससे क्या फायदे मिलते हैं।

अमरूद के पत्तों का माउथवॉश

इसके लिए एक गिलास पानी में 4-5 अमरूद के पत्ते, 1/4 छोटी चम्मच नमक और 2-3 लौंग डालकर इसको तब तक उबालें, जब तक पानी आधा न रह जाए। फिर इसमें 1 चम्मच नारियल का तेल मिला दें। अब इस माउथ वॉश से कुल्ला करें।

माउथ वॉश के फायदे

एक्सपर्ट के मुताबिक अमरूद के पत्तों में कई तरह के औधषीय गुण पाए जाते हैं। इसके पत्तों का माउथवॉश का इस्तेमाल करने से मुंह का स्वास्थ्य दुरुस्त होने के साथ कई स्वास्थ्य लाभ भी मिलते हैं।

मुंह की बदबू से राहत

अमरूद के पत्ते और लौंग में एंटी-बैक्टीरियल गुण पाए ... जाते हैं। इस माउथ वॉश का इस्तेमाल करने से बैक्टीरिया खत्म ... है और मुंह की बदबू से भी राहत मिलती है। इसका इस्तेमाल करने से फ्रेश फील होता है।

छालों से दे राहत

बता दें कि अमरूद के पत्तों में एंटी इंफ्लेमेटरी और ... बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं। ऐसे में इस माउथ वॉश का इस्तेमाल करने से मुंह के संक्रमण से बचाव होता है और छालों की समस्या से भी राहत मिलती है। वहीं इस माउथवॉश के इस्तेमाल से मुंह के पीएच को बैलेंस रखने में सहायता ...

कैविटीज से बचाव

इस नेचुरल माउथ वॉश के इस्तेमाल से दांतों के दर्द को कम करने, कैविटीज से बचाव करने, दांतों के पीलेपन को कम करने और इनको हेल्दी बनाए रखने में सहायता मिलती है।

मसूड़ों की मजबूती

अक्सर लोगों को मसूड़ों में ब्लीडिंग और सूजन होने की समस्या से परेशान रहते हैं। ऐसे में इस नेचुरल माउथ वॉश का इस्तेमाल करने से मसूड़ों की सूजन कम होती है। साथ ही मसूड़ों को टाइट कर मजबूती देने, ब्लीडिंग से बचाव करने और इंफेक्शन से बचाव करने में सहायता मिलती है।

दांत होंगे हेल्दी

अमरूद के पत्ते, लौंग और नारियल तेल से बना माउथ वॉश से दांतों को मजबूती मिलती है। इससे दर्द और सूजन भी कम होती है। साथ ही इस माउथ वॉश के इस्तेमाल से दांतों को नेचुरली साफ करने में मदद मिलती है।

क्या वजाइनल डिस्चार्ज से सच में कमजोर होती हैं हड्डियां? एक्सपर्ट ने बताई चौंकाने वाली सच

महिलाओं में ज्यादातर वजाइनल डिस्चार्ज की समस्या देखने को मिलती है। इस बारे में अधिकतर महिलाओं को जानकारी भी नहीं होती है। वजाइनल डिस्चार्ज एक सामान्य शारीरिक प्रक्रिया है जिसमें योनि से तरल या स्राव निकलता है। यह स्राव मृत कोशिकाओं और बैक्टीरिया को बाहर निकालकर योनि को साफ और स्वस्थ रखने में मदद करता है। महिलाएं कई बार इंटिमेट हेल्थ और वजाइनल डिस्चार्ज या इंफेक्शन से जुड़े कई मिथ्स पर यकीन कर लेती है। वजाइनल डिस्चार्ज सभी महिलाओं को होता है लेकिन यह कितनी मात्रा में हो रहा है, किन दिनों में हो रहा है, क्या ... किसी तरह का दर्द या जलन हो रही है, क्या डिस्चार्ज से बदबू आ रही है या क्या इसके साथ और कोई समस्या भी हो रही है, इन बातों पर ध्यान देना जरूरी हो जाता है। इस मामले में देखा जाता है कि महिलाओं को लगता है कि वजाइनल डिस्चार्ज से हड्डियां कमजोर होने लगती है या फिर हड्डियों के गलने से सफेद पानी की दिक्कत होती है, क्या यह सच है, तो चलिए आपको हेल्थ एक्सपर्ट के बताई बातों के बताते हैं।

क्या वजाइनल डिस्चार्ज होने से हड्डियां कमजोर हो जाती हैं?

- हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक वजाइनल डिस्चार्ज से हड्डिया कमजोर होना या हड्डियों के गलने के कारण, वजाइनल डिस्चार्ज होता है, यह एक प्रकार का मिथक है। वजाइनल डिस्चार्ज एक सफेद या हल्का पारदर्शी लिक्विड होता है, जो वजाइनसा से निकलता है।
- यह वजाइन का क्लीन करने और इंफेक्शन से बचाने का एक तरीका है, यह पूरी तरह से नॉर्मल है। वजाइनल डिस्चार्ज से योनि में ड्राईनेस नहीं होती है।
- अगर आपको काफी समय से डिस्चार्ज हो रहा है, तो हो सकता है कि आपको कमजोरी और थकान महसूस हो सकती है। इस बात पर ध्यान देना काफी जरुरी है।
- आपको बता दें कि, वजाइनल डिस्चार्ज सीधे तौर पर हड्डियों के कमजोर होने का कोई कनेक्शन नहीं, यह आ... शरीर की कमजोरी हो सकती है।

रात में नजर आते हैं लो मैग्नीशियम के ये लक्षण, डॉक्टर से जानें इनका कनेक्शन

मैग्नीशियम एक ऐसी चीज है जिसकी कमी आपकी नसों को प्रभावित करती हैं। मैग्नीशियम जो कि एक जरूरी खनिज तत्व है आपकी सेहत को बड़ी गहराई से प्रभावित कर सकती है। मैग्निशियम की कमी न सिर्फ मतली और उल्टी जैसी खराब डाइजेशन से जुड़ी समस्याओं का कारण बन सकती है बल्कि, ये शरीर में ऐंठन, कमजोरी और लंबे समय तक रहने वाली थकान की भी वजह बन सकती है। इतना ही नहीं, जब शरीर में मैग्निशियम की कमी होती है तो आपके आंतों की सेहत भी प्रभावित होती है जिससे लंबे समय तक रहने वाली कब्ज की दिक्कत हो सकती है। इतना ही नहीं, मैग्निशियम की कमी अनियमित हृदय गति और दिल से जुड़ी समस्याओं की वजह बन सकती है।

क्या मैग्नीशियम की कमी के लक्षण रात में दिखाई देते हैं?

Dr. Brunda M S बताती हैं कि मैग्नीशियम की कमी शरीर में कई तरह से दिखाई दे सकता है और इसके लक्षण अक्सर रात में ज़्यादा दिखाई दे सकते हैं। मैग्नीशियम मांसपेशियों के कार्य, तंत्रिका और दिल की धड़कन को स्थिर रखने के लिए जरूरी है। इसका एक आम लक्षणों में आपको मांसपेशियों में ऐंठन या मरोड़ महसूस हो सकते हैं

- पैरों या पंजों में रात में दर्द महसूस होता है। ये दर्दनाक हो सकते हैं और अक्सर लोगों को रात में जगा देते हैं।
- ऐसे लोग रात में आराम से सो नहीं पाते और रह-रहकर नींद टूटती रहती है।
- इसके अलावा पैरों में बेचैनी यानी लेटते समय पैरों को हिलाने की तीव्र इच्छा भी हो सकती है।

इतना ही नहीं, मैग्नीशियम की कमी नींद को भी प्रभावित कर सकती है। लोगों को सोने या सोते रहने में मुश्किल हो सकती है और वे थकान महसूस करते हुए जाग सकते हैं। चिंता, तंत्रिका तनाव या चिड़चिड़ापन रात में दिखाई दे सकता है, क्यों कि मैग्नीशियम तनाव और तंत्रिका गतिविधि को नियंत्रित करने में मदद करता है। दिल से संबंधित लक्षण जैसे धड़कन या अनियमित दिल की धड़कन रात में ज्यादा दिखाई दे सकते हैं। अन्य लक्षणों में थकान, कमजोरी, हाथों या पैरों में झुनझुनी और सिरदर्द शामिल हैं।

मैग्नीशियम की कमी से कैसे बचें?

मैग्नीशियम की कमी से बचने के लिए पहले तो आपको अपनी डाइट में मैग्नीशियम युक्त खाद्य पदार्थ जैसे मेवे, बीज, पत्तेदार सब्जियां और साबुत अनाज को शामिल करना चाहिए। इन्हें खाने से लक्षणों को रोकने में मदद मिल सकती है। डॉक्टर का कहना है कि अगर आपको ज्यादा दिक्कत हो तो डॉक्टर को दिखाकर मैग्नीशियम सप्लीमेंट भी ले सकते हैं जो कि इस कमी से बचने में मदद कर सकते हैं।

अब घंटों नहीं, मिनटों में साफ होंगे चावल पत्थर-कंकड़ निकालने के ये स्मार्ट तरीके

हर घर में चावल जरुर खाएं जाते हैं यह हमारे खाने को पूरा भी करता है। अक्सर होता है कि चावल की पैकेजिंग अच्छी होने के बाद भी उसमें कक्कड़ निकल आते है। कई बार यह दाल या फिर चावल खाते समय मुंह में कक्कड आ ही जाता है। इस समस्या से सबसे ज्यादा दातों को दिक्कत होती है और पाचन संबंधी समस्याएं भी उत्पन्न हो जाती है। अगर आप चावलों में घंटों तक पत्थर-कंकड़ निकालती रहती है, तो अब इसे बंद कर दीजिए। इन आसान तरीके से चावलों से कंकडों को निकाला जा सकता है। आइए आपको बताते हैं चावलों से कंकड़ों को कैसे निकालें।

कपड़े की मदद से कंकड कैसे निकालें

सबसे पहले आप एक कला या नीला कलर का दुपट्टा या कपड़ा ले सकते हैं। अब इस पर चावलों की पतली परत को बिछा दीजिए। चावल अच्छे फैलने के बाद इसमें मौजूद हरे भूरे या सफेद कंकड़ गहरे रंग के दुपट्टे में साफ दिखाई देंगे। इन्हें आप आसानी निकाल सकते हैं। सफेद रंग के कपड़े पर यह पत्थर कंकड आसानी से नजर नहीं आएंगे। इसलिए आप डार्क कपड़े का यूज करें।

चावल के कंकड़ निकालने के अन्य तरीके

- पुराने समय में थाली या फिर सूप के जरिए चावलों को हवा में उछाल कर साफ किया जाता है। क्यों कि चावल तो भारी होते हैं और भूसी या फिर कण हवा में गिर जाते हैं। चावल भारी होने के कारण यह बर्तनों में बनें रहते हैं।
- इसके अलावा, भूसी या सूखे कण निकालने के लिए आप छलनी का इस्तेमाल कर सकते हैं। यह तरीका आपके लिए बेहद कम का हो सकता है। चावलों को आप बारीक छलनी में डालकर हल्के-हल्के हाथों से हिलाएं चावल के दाने रुक जाएंगे, बाकि रेत और धूल सब छलनी से बाहर आ जाएगी।
- चावलों के कंकड़ निकालने के लिए बड़ी परत या फिर थाली को ... आपके बेहद काम आ ... सकती है। इनमें चावलों को डालकर किसी खिड़की या फिर धूप के पास जाकर, छोटे कंकड़ या फिर टूटे हुए दानों को आसानी से साफ कर सकते हैं। इन्हें आप आसानी से चुनकर बाहर निकाल सकते हैं।